12 page 1_01.qxd 10/11/2023 10:52 PM Page 1

इनसो छात्र संघ चुनावों के लिए....

पेज- 8

दैनिक भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की

पूर्व शिक्षा मंत्री ने चंडीगढ़ में उच्च.....

पेज-6

■ वर्ष:1 ■ अंक: 33 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ गुरुवार ■ 12 अक्टूबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

न्यूज डायरी

सुप्रीम कोर्ट ने आजम खां के बेटे को नहीं दी अंतरिम राहत

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां के बेटे को अंतरिम राहत देने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। विरोध प्रदर्शन मामले में दोषी ठहराए गए पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम ने याचिका में मांग की थी कि उत्तर प्रदेश की निचली अदालत को आदेश दिया जाए कि वह उनके नाबालिग होने के दावे की पुष्टि होने तक उनके खिलाफ कोई फैसला न सुनाएं। बता दें कि कोर्ट ने 26 सितंबर को मुरादाबाद के जिला न्यायाधीश को निर्देश दिया था कि वह किशोर न्याय अधिनियम के तहत मोहम्मद अब्दुल्ला आजम खां के नाबालिग होने के पहलू पर फैसला करें और निर्णय को आगे के विचार के लिए उसके पास भेजें।

नशा मुक्ति केंद्र से भागे तीन युवक नहर में कूदे, मौत

अंबाला। गांव मटहेड़ी में बाला जी फाउंडेशन के नाम से चल रहे अवैध नशा मुक्ति केंद्र से स्वास्थ्य विभाग और पुलिस-प्रशासन की टीम ने 32 लोगों को रेस्क्यू किया है। इनमें से 24 पंजाब के थे। केंद्र में तरह-तरह की यातनाओं में आहत हुए 5 युवक फरार हो गए थे। इनमें से तीन की पटियाला नहर में डूबने से मौत हो गई।

पटियाला के कोतवाल थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस तीनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करवाया। इनमें से दो की शिनाख्त धीरू नगर (पटियाला) के साहिल उर्फ भोलू और गोपी के रूप में हुई है। तीसरे की पहचान की जा रही है।

बताया गया कि साहिल पिछले 20 दिन से नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती था। उनके इलाके का रहने वाले गोपी का पिछले दो माह से यहां इलाज चल रहा था। गोपी अपने नाना के घर धीरू नगर में रहता था। साहिल के चाचा एस मट्ठू उर्फ मूछ प्रधान ने बताया कि उसके भतीजे साहिल को नशे की लत थी। इलाज कराने के लिए 20 दिन पहले ही अंबाला के नशा मुक्ति केंद्र में भेजा गया था।

पठानकोट हमले का मास्टरमाइंड पाकिस्तान में मारा गया

इस्लामाबाइ, एजेंसी। पठानकोट हमले का मास्टरमाइंड और भारत का मोस्ट वांटेड आतंकी शाहिद लतीफ को पाकिस्तान में गोली मार दी गई। बताया गया अज्ञात हमलावरों ने प्रांत पंजाब के शहर सियालकोट की एक मस्जिद में उसे गोली मार दी, उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

गौरतलब है कि लतीफ के जम्मू-कश्मीर के कई आतंकियों से संबंध थे। उसने इस प्रदेश में आतंकवादियों संगठनों के साथ मिलकर कई हमलों को अंजाम दिया था। वह लतीफ जैश-ए-मोहम्मद का कमांडर बताया जाता था। गतदो जनवरी, 2016 को जैश के आतंकियों ने पठानकोट में एयरबेस पर हमला कर दिया था। इसमें सात जवान शहीद हो गए थे।

सूत्रों के अनुसार शाहिद लतीफ आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का एक प्रमुख सदस्य था। उसने ही चारों आतंकवादियों को पठानकोट भेजा था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच में पाया गया था कि हमले को अंजाम देने के लिए भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों के मास्टरमाइंड और आका सभी पाकिस्तान में स्थित थे। वहीं, लतीफ पर उन आतंकियों में भी शामिल होने का आरोप है, जिन्होंने 1999 में इंडियन एयरलाइंस के विमान को अगवा किया था।

हरियाणा सिविल सर्विस का फाइनल रिजल्ट जारी

चंडीगढ़ । हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन ने हरियाणा सिविल सर्विस का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। इस बार इसमें 61 उम्मीदवारों ने सफलता हासिल की है। रिजल्ट के अनुसार सामान्य वर्ग से 44, एससी वर्ग से 6, बीसीए वर्ग से 3, बीसीबी वर्ग से 1, ईडब्ल्यूएस - 6 और ईएसएम वर्ग से एक उम्मीदवार हरियाणा सिविल सर्वेंट बने हैं।

बाबा बालकनाथ को इस बार सांसद से विधायक बनाया जाएगा

यूपी में आदित्यनाथ,राजस्थान में होंगे बालकनाथ : शाह

रोहतक में आयोजित कार्यक्रम में संतों ने बबा बालकनाथ को राजस्थान का मुख्यमंत्री बनाने की मांग रखी

भरोसा मित्र

रोहतक। यहां बाबा मस्तनाथ मठ में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अलवर से भाजपा सांसद और मठ प्रमुख महंत बालक नाथ के बारे में कहा कि बाबा को सांसद से अब विधायक बनाया जएगा। इस पर पंडाल में मौजूद लोगों ने बाबा को राजस्थान का मुख्यमंत्री बनाने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव भी शामिल हुए। अमित शाह ने राजस्थान में बाबा बालक नाथ की बड़ी भूमिका की ओर इशारा किया।

शाह ने कहा कि कोरोना काल में सभी सामाजिक संगठनों से सहयोग मांगा था। इसमें महंत बालक नाथ ने भी पूरा सहयोग किया। मठ के महंत रहे चांद नाथ के संपर्क में वह उनके जीवन के अंतिम समय में आए थे। उस समय वह सांसद और वह पार्टी के अध्यक्ष थे। उस समय उन्होंने मुझे पत्र लिखा था। पत्र मिलते ही वह उनसे मिलने पहुंचे।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने खेलों में तरक्की की है। खेलों इंडिया जैसी नीतियों से ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाओं को निखारा गया है। यह धार्मिक आयोजन महंत बाबा बालकनाथ की अध्यक्षता में किया गया। गौरतलब है कि बाबा मस्तनाथ मठ में सप्तम महंत पीर चांदनाथ योगी के आठमान भंडारे, शंखढाल, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं देशमेले का आयोजन होना है। यहां बाबा मस्तनाथ की पुनर्निर्मित समाधि (मंदिर) पर मंगलवार को कलश स्थापना की गई है। इसमें आठ गांवों की करीब 3000 महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण कर समाधि स्थल पहुंचीं थी।आशा वर्कर अमित शाह को ज्ञापन देना चाहिती थीं, लेकिन उन्हें उन तक नहीं पहंचने नहीं दिया गया।

नवीन जयहिंद को कार्यक्रम में नहीं जाने दिया

हरियाणा आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नवीन जयहिंद को पुलिस ने रोहतक बाइपास पर रोक लिया। वह बाबा मस्त नाथ मठ की तरफ जा रहे थे। जयहिंद ने एक दिन पहले अमित शाह के कार्यक्रम में जाने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि शाह मंच से लोगों को बताएं कि एसवाईएल का पानी हरियाणा को कब मिलेगा। कार्यक्रम में बॉलीवुड सिंगर कैलाश खेर ने भी अपनी प्रस्तुति दी। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल कार्यक्रम स्थल पर तैनात की गई है। बाबा मस्तनाथ मठ में भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

कैबिनेट की बैठक में लिए गए अहम फैसले

अब प्रदेश में आवासीय भूखंडों का हो सकेगा कॉमर्शियल उपयोग

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट मीटिंग में लिए गए अहम फैसले में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन के ट्रांसफर दस्तावेजों के पंजीकरण से हरियाणा में सब डिवीजन को एक उप जिले के रूप में गठित किया गया। इसके साथ ही प्रत्येक सब डिवीजनल ऑफिसर्स के ऑफिस को सब रजिस्ट्रार जिला रेवेन्यू ऑफिसर के ऑफिस को संबंधित उप जिला के संयुक्त उप रजिस्टार के कार्यालय के रूप में स्थापित करने को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी।कैबिनेट की बैठक में आज 34 एजेंडे रखे गए। अन्य महत्वपूर्ण फैसले मिलाकर सरकार ने कुल 40 फैसले पर विचार विमर्श किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कई ऐसे इलाके है जो रेजिडेंशियल हैं, लेकिन उनका कमर्शियल इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे क्षेत्रो के लिए चार्ज तय किये गए हैं। इस नीति से कम से कम 50 वर्षों से अस्तित्व में आने वाली नियोजित योजनाओं के भीतर आवासीय भवनों को व्यवसायिक को प्रयोग में बदलने की अनुमति मिल सकेगी।

हरियाणा मंत्रिमंडल ने रोडवेज यात्रियों की सुविधा के लिए 5 तक राउंड ऑफ बस किराया करने को मंजूरी दे दी। इस फैसले से आम जनता के साथ-साथ कंडक्टरों को सिक्कों और चेंज जैसी समस्या नहीं आएगी।

एचएसवीपी, हाउसिंग बोर्ड, हरियाणा राज्य औद्योगिक बुनियादी ढांचा विकास निगम और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग द्वारा शासित क्षेत्रों को छोड़कर नगर पालिका सीमा के मुख्य क्षेत्र के भीतर यह योजना लागू रहेगी।

बैठक के दौरान सीएम ने एक क्लिक में 5 करोड़ 90 लाख 99 हजार रुपए बाढ़ प्रभावितों के खाते में भेजे। बता दें कि सरकार की ओर से अब तक कुल 7 करोड़ 50 लाख 99000 रुपए की राशि जारी की गई। घर, पशुधन, कमर्शियल और घरेलू सामान के कुल 8456 क्लेम भी मिले। पहले भी 40 मृतकों के परिजनों को दिए एक करोड़ 60 लाख रुपए दिए जा चुके हैं।

नूंह हिंसा: छह लोगों को मुआवजा मिलेगा

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नूंह हिंसा में मारे गए दो होमगार्ड को 50 लाख और चार लोगों को 4-4 लाख रुपए का मुआवज़ा दिया। इस हिंसा में हुए नुकसान की भरपाई जिम्मेदारी और चिन्हित दंगाइयों से नियमानुसार कराई जाएगी।

मीडिया विज्ञापन नीति 2023 को मंजूरी,पेंशन भी बढ़ाई

मंत्रिमंडल ने हरियाणा डिजिटल मीडिया विज्ञापन नीति 2023 को मंजूरी दी। पैनल में शामिल करने के लिए पांच श्रेणियां बनाई जाएंगी। एक अन्य फैसले के मुताबिक राज्य में पत्रकारों को 10 हजार की पेंशन मिलती थी, उसे बढ़ाकर 15 हजार कर दिया गया है।

मोनू मानेसर को गुरुग्राम कोर्ट ने जेल भेजा

पटौदी फायरिंग केस में राइफल बरामद अगली पेशी 25 अक्टूबर को

भरोसा मित्र

गुरुग्राम : गुरुग्राम पुलिस की फरुखनगर क्राइम ब्रांच ने बुधवार को मोनू मानेसर की रिमांड पूरी होने के बाद पटौदी कोर्ट में पेश किया। सुनवाई के दौरान गुरुग्राम पुलिस ने रिमांड के दौरान बरामद हुए तमाम तथ्य कोर्ट के सामने पेश किए। इसके बाद कोर्ट ने मोनू मानेसर को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भोंडसी जेल भेज दिया है। उसकी अगली पेशी 25 अक्टूबर को होगी। इसमें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के मार्फतउसे पेश किया जाएगा।

गौरतलब है कि राजस्थान के नासिर-जुनैद हत्या मामले में अजमेर जेल में बंद मोनू मानेसर को पटौदी में हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस 7 अक्टूबर को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई थी। जहां मोनू को कोर्ट में पेश किया गया। मोनू मानेसर को पटौदी कोर्ट द्वारा मिला चार दिन का रिमांड मंगलवार को पूरा हो गया।

मोनू के पास मिली बुलेट प्रूफ स्कॉर्पियो

कोर्ट ने पुलिस को मोनू से पूछताछ के लिए चार दिन का रिमांड दिया था। इस दौरान पुलिस ने मोनू मानेसर की निशानदेही पर एक राइफल, 4 जिंदा कारतूस, 2 खाली खोल और 1 बुलेट प्रूफ गाड़ी (स्कॉर्पियो) बरामद की है। पुलिस जांच में पता चला कि हत्या की कोशिश की वारदात के 20 दिन बाद उसने यह राइफल गन हाउस में जमा करवा दी थी। हालांकि पुलिस जांच के लिए मोनू को उत्तर प्रदेश में कानपुर भी लेकर गई थी।

एनआईए टीमों के पीएफआई के खिलाफ दिल्ली व यूपी समेत कई राज्यों में छापे

हिंसक और गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त है यह संगठन, कई लोगों को हिरासत में लिया गया

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली, राजस्थान व महाराष्ट्र में कई स्थानों पर छापेमारी करके तलाशी अभियान चलाया। एनआईए की यह कार्रवाई प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) संगठन के खिलाफ की जा रही है।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी के सूत्रों के अनुसार बुधवार को दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान और महाराष्ट्र में एनआईए की टीमों ने स्थानीय पुलिस की मदद से कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाकर कार्रवाई की। यह छापेमारी पीएफआई और उसके नेताओं और कैडरों की हिंसक और गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्तता से जुड़े मामलों में है। यह मामला शुरू में 12 जुलाई, 2022 को पटना के फुलवारीशरीफ पुलिस स्टेशन में एफआईआर के रूप में दर्ज किया गया था और पिछले साल 22 जुलाई को एनआईए द्वारा फिर से दर्ज किया गया था।

हिरासत में लिए कई लोग

दिल्ली के थाना हौज काजी इलाके के बल्ली मारान, राजस्थान के टोंक समेत कई ठिकाने, तमिलनाडु के मदुरै, उत्तर प्रदेश के बाराबंकी, लखनऊ, बहराइच, सीतापुर और हरदोई में छापेमारी कर तलाशी अभियान चलाया है। लखनऊ के मदेगंज के बड़ी पकरिया इलाके में एजेंसी ने छापेमारी की। वहीं एनआईए ने मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई और महाराष्ट्र के कई जिलों में लगभग पांच स्थानों पर छापेमारी की है। एनआईए की टीम ने अब्दुल वाहिद शेख के विक्रोली स्थित आवास के अलावा भिवंडी, मुंब्रा और महाराष्ट्र के कई अन्य जिलों में भी तलाशी ली है। सूत्रों ने बताया कि एनआईए ने पीएफआई के लिए संदिग्ध अभियानों और धन उगाही गतिविधियों में शामिल होने के संदेह के कारण अलग-अलग जगहों से लगभग 7 से 10 व्यक्तियों को हिरासत में लिया है।

खड़े ट्रक से टकराई बेकाबू कार, छह युवकों की मौत

भरोसा मित्र

भिवानी। मंगलवार देर रात 11 बजे कार और तूड़े से भरे ट्रक की टक्कर में 5 दोस्तों समेत 6 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा भिवानी-बहल रोड पर गांव सेरला के पास हुआ। मरने वाले 5 दोस्त बलेनो कार में सवार थे। हादसे में मरने वाला छठा व्यक्ति ट्रक का क्लीनर बताया जाता है। बहल पुलिस ने शवों को चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में भेजा । कुछ युवकों के पास कागजात के आधार पर पुलिस ने पता किया कि वे कहां के रहने वाले थे। इन दोस्तों में लाडियावाली गांव का प्रदीप, गांव इंदीवाली का रवि नारनौंद का जितेंद्र व बुडेड़ा गांव का विकास व नसीब शामिल हैं। ट्रक का क्लीनर उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। नागरिक अस्पताल पहुंचे लाडियावाली गांव के सरपंच जितेन्द्र व ठेकेदार सुखबीर ने बताया कि कि बलेनो कार में युवक अपने दोस्त से बहल मिलने जा रहे थे। इस बीच रास्ते में खे ट्रक से उनकी कार टकरा गई।मौके पर ही चार युवकों की मौत हो गई, जबकि दो ने अस्पताल ले जाते वक्त दम तोड़ा। सभी की उम्र करीब 22 से 30 साल बताई गई। पुलिस ने बताया कि कहा कि कार इस कदर बेकाबू होकर टकराई कि ट्रक के पीछे फंस गई। कार में फंसे युवकों को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। वहां से दो घायल अस्पताल लाए लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

राजनीति

चार उप मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा पर कांग्रेस में विवाद

4 डिप्टी सीएम बनाने का कोई फॉर्मूला नहीं : सैलजा

पूर्व कांगेस अध्यक्ष ने कहा कि इसके बारे में अंतिम फैसला हाईकमान करेगा

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र।

चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा कांग्रेस की सरकार आने पर चार उप मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा पर कांग्रेस में विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस महासचिव एवं छत्तीसगढ़ की प्रभारी कुमारी सैलजा ने बुधवार को नई दिल्ली में कहा कि आज के दिन इस तरह के मुद्दों पर बात करने का समय नहीं है। मुख्यमंत्री या उप मुख्यमंत्री कौन बनेगा, यह फैसला करना हाईकमान का काम है। उन्होंने कहा कि 2019 में जब विधानसभा चुनाव हुए थे, तब मैं हरियाणा कांग्रेस की अध्यक्ष थी। उस समय कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में ऐसी कोई बात नहीं थी कि कांग्रेस की सरकार बनने पर चार उप मुख्यमंत्री बनाए जाएंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हाल ही में कहा है कि दलित, सामान्य, ब्राह्मण और ओबीसी वर्ग से कांग्रेस में चार उप मुख्यमंत्री बनाए जाएंगे और ऐसी घोषणा 2019 के विधानसभा चुनाव में भी की गई थी। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने भी अपने पिता के दावे पर मुहर लगाई थी। कुमारी सैलजा के साथ-साथ उनके समर्थक असंध के विधायक शमशेर सिंह गोगी ने भी हुड्डा के दावे पर सवाल उठाए हैं। गोगी ने कहा कि पार्टी से ऊपर कोई नेता नहीं होता है। सभी नेता पार्टी से ही हैं। कांग्रेस में हाईकमान फैसला लेता है कि कौन मुख्यमंत्री होगा और कौन उप मुख्यमंत्री होगा या नहीं होगा। नई दिल्ली में कुमारी सैलजा ने हुड्डा के

भाजपा ने कसा तंज

हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष ओपी धनखड़ ने कहा है कि अब हुड्डा को ब्राह्मण याद आ रहे हैं,पिता-पुत्र को पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के ब्राह्मण प्रत्याशियों ने शिकस्त दी थी। दावे को खारिज करते हुए स्वयं ही सवाल किया कि क्या आपने किसी राज्य में ऐसा सुना कि चुनाव से पहले उप मुख्यमंत्री घोषित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2019 में कभी यह बात पार्टी की तरफ से नहीं कही गई और ना ही चुनाव घोषणा पत्र में शामिल थी। आज के दिन भी हुड्डा को किसने और कैसे यह कहने के लिए अधिकृत किया है, इसकी मुझे जानकारी नहीं है। सैलजा ने हैरानी जताते हुए कहा कि हमें नहीं पता यह फैसले कब हुए हैं। हरियाणा 36 बिरादरी का राज्य है। भाजपा की नीति जाट और गैर जाट की राजनीति करने की है। कांग्रेस सभी जाति और बिरादरियों से चलती

डीजीपी ने हाईकोर्ट में दिया हलफनामा

अब एफआईआर में नहीं होगा जाति-धर्म का जिक्र

हलफनामे में इसका कारण बताया है कि जब जातीय दंगे और धर्म के मामलों में एफआईआर दर्ज की जाती है तो उसमें धर्म और जाति का उल्लेख करना जरूरी हो जाता है

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शत्रुजीत कपूर ने पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट में हलफनामा दायर किया है कि अब थाने में दर्ज की जाने वाली एफआईआर में पुलिस जाति-धर्म का जिक्र नहीं कर पाएगी।

अगर कहीं भी जाति-धर्म का उल्लेख करना जरूरी हुआ तो उसका कारण

भी दिया जाएगा।

शत्रुजीत कपूर ने हलफनामे में इसका कारण बताया है कि जब जातीय दंगे और धर्म के मामलों में एफआईआर दर्ज की जाती है तो उसमें धर्म और जाति का उल्लेख करना जरूरी हो जाता है।

नेशनल क्राइम ब्यूरो के सॉफ्टवेयर में सूचना को अपलोड करते हुए जाति और धर्म का कॉलम बाधा बन जाता है।

अगर जाति धर्म की जानकारी न दिया जाए तो सॉफ्टवेयर काम नहीं करता है। शेष सभी मामलों में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि एफआईआर में जाति धर्म का जिक्र न किया जाए। अंबाला निवासी महिला ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए अग्रिम जमानत की मांग की थी।

केस को मध्यस्थता के लिए भेजते हुए हाईकोर्ट ने महिला को अग्रिम जमानत दे दी, लेकिन इस मामले में पुलिस की कार्रवाई के दौरान उसके धर्म का जिक्र किए जाने पर संज्ञाल ने लिया था। जिसके बाद हाईकोर्ट ने पुलिस डीजीपी को इस मामले में हलफनामा दायर करने का आदेश दिया था।

खबर फटाफट

भ्रूण हत्या को महापाप बताया

सोहना:बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में गांव हरचंदपुर-खरौदा के बीच स्थित एशियन पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में लोगों में जागरूकता लाने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्यालय निर्देशिका भारती लोहिया ने उपस्थितों के बीच भ्रूण हत्या को महापाप बतलाते हुए कहा कि सरकार ने इस पुनीत कार्य के लिए आज के दिवस को बालिका दिवस के रूप में घोषित कर अत्यंत सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने प्रत्येक उपस्थितजनों से अपने-अपने वार्डों, मोहल्लों, बस्तियों और गांवों में भी सघन अभियान चलाकर लोगों को इस जघन्य अपराध के खिलाफ जागृत बनाने, शिक्षा को बढ़ावा देने विशेषकर नारी शिक्षा पर जोर देने का आह्वान किया।

सघन जनजागरण अभियान चलाने पर जोर

सोहना: दौहला रोड स्थित डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में पर आयोजित कार्यक्रम में की विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक ने प्रत्येक उपस्थितजन से अपने-अपने वार्डों, मोहल्लों, बस्तियों और गांवों में भी सघन अभियान चलाकर लोगों को भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध के खिलाफ जागृत बनाने, शिक्षा को बढ़ावा देने विशेषकर नारी शिक्षा पर जोर देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को लड़का-लड़की जन्म दर समान स्तर पर लाने के लिए समय-समय पर ऐसे जागरूकता अभियान अवश्य चलाने चाहिएं।

दूध की खाली थैलियां प्रशासनिक आदेशों को दिखा रही हैं ठेंगा

सोहना : नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण रोकथाम बोर्ड, केन्द्र व प्रदेश सरकार पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए आए दिन कठोर कदम उठा रहे हैं। पॉलीथीन प्रयोग पर बंदिश लगाई गई हैं, लेकिन सोहना शहर में जगह-जगह विभिन्न दूध कंपनियों की मार्का वाली खाली थैलियां प्रशासनिक बंदिश को ठेंगा दिखा रही हैं। बेसहारा घूमने वाली भूखी-प्यासी गाय दूध की इन खाली थैलियों को खाकर अकाल मौत का ग्रास बन रही है तो मौका हाथ लगते ही निगाह बचाकर सफाई कर्मचारी इन थैलियों को जलाकर प्रदूषण को बढ़ावा देने से बाज नहीं आ रहे हैं। दूध की खाली थैलियां बाजार में जगह-जगह पड़ी नजर आती है लेकिन इस तरफ संबंधित विभागों के अधिकारी ध्यान देने की बजाय लापरवाही बरत रहे हैं। जिससे प्रदूषण को बढ़ावा मिल रहा है।

गंदगी से अटा जोहड़

सोहना : नगरपरिषद के वार्ड-13 के तहत पीर कॉलोनी में बरसाती पानी के लिए बनाया गया जोहड़ गंदगी से अटा पड़ा है। हालात ये है कि इस जोहड़ में कई-कई फुट गंदा पानी और गंदगी भरे होने से जोहड़ का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। इस गंदे पानी में काई लगने के साथ-साथ पौधे उग रहे हैं। नगरपरिषद प्रशासन इस तरफ कोई ध्यान नही दे रहा है। चौधरी निहाल सिंह धारीवाल, पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव आदि जागरूक लोगों का कहना है कि वैसे तो प्रदेश व केन्द्र सरकार तालाबों, जोहड़ों, पोखरों, नदी, नालों को पुनजीर्वित करने व संरक्षण करने पर जोर दे रही है, मगर नगरपरिषद प्रशासन पीर कॉलोनी में सड़क किनारे बने इस जोहड़ की छंटाई करने की बजाय आंखें मूंदे हुए है। इससे बरसात के दौरान पहाड़ी से बहकर आने वाला लाखों लीटर पानी जोहड़ में भरने की बजाय सड़कों पर बहकर बर्बाद हो जाता है। प्रशासन को इस तरफ ध्यान देना चाहिए और नगरपरिषद के वार्ड-13 के तहत पीर कॉलोनी में बरसाती पानी के लिए बनाए गए जोहड़ की छंटाई करने पर ध्यान देना चाहिए ताकि बरसाती पानी सीधा जोहड़ में आने पर पानी के तेजी से गिर रहे जलस्तर को रोकने में मदद मिले।

सर्विस रोड पर शोरूम वालों ने जमाया कब्जा

सोहना : शहर में चुंगी एक से बाईपास गोल सर्कल तक सड़क किनारे सर्विस रोड लाइन सड़क पर दुकानदारों और शोरूम संचालकों ने अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है। इससे वाहन तो वाहन पैदल राहगीर भी सही से निकल नही पा रहे है। देखने में आ रहा है कि कई शोरूम संचालकों ने सर्विस रोड और नेशनल हाईवे के बीच वाले स्थान को पूरी तरह घेरकर नई पुरानी गाड़ियों को पूरा-पूरा दिन और रात खड़ी कर रखा है तो कही रोड़ी, रेता, बजरी बेचने वालों ने सामान डाल रखा है। रही-सही कसर सर्विस रोड के सामने दुकान चलाने वाले लोगों ने अपनी दुकानों के आगे और सर्विस रोड और नेशनल हाईवे वाली सड़क के बीच वाले स्थान पर सामान डालकर कब्जा करके पूरी कर दी है। सर्विस रोड पर अवैध रूप से वाहन पार्किंग हो रही है लेकिन कोई देखने, सुनने वाला नहीं है और ना ही कब्जा करने वालों में कानून का भय है। ताज्जुब तो ये है कि यातायात पुलिस भी इस तरफ से पूरी तरह आंखें मूंदे हुए है और सर्विस लाइन को खाली कराने की बजाय चुपचाप नजारा देख रही है। डीसीपी का कहना है कि सोहना शहर में चुंगी एक से बाईपास गोल सर्कल तक सर्विस रोड के दोनों तरफ अवैध कब्जों का मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होने सोहना में कार्यरत यातायात पुलिस विंग को सर्विस लाइन व दोनों तरफ वाले स्थान को अतिक्रमण मुक्त किए जाने के निर्देश दिए है। यदि कोई व्यक्ति सर्विस रोड पर किए गए अतिक्रमण को नहीं हटाएगा तो उसके खिलाफ सड़क मार्ग अवरुद्ध करने और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के आरोप में पुलिस में मामला दर्ज कराने में देरी नहीं की जाएगी।

जोहड़ सूखने से पानी के लिए परेशान पशु, इधर-उधर भटक रहे

सोहना : क्षेत्र में निरंतर गिर रहे जल स्तर का असर देखने को मिल रहा है। गांवों में जोहड़ों के सूख जाने से बेजुबान पशु अपनी प्यास बुझाने के लिए परेशान है। आलम ये है कि खंड के गांवों में शायद ही कोई ऐसा गांव है, जिसमें जोहड़ में पानी भरा हो। यहां पानी का जल स्तर नीचे जाने से आमजन त्राहि-त्राहि करने लगा है। यहां पर नहरी पानी का अभाव कुआं, बावड़ी ना होने के कारण लोग जल आभियांत्रिकी विभाग पर ही निर्भर है। अच्छी बरसात ना होने के कारण ट्यूबवैलों का पानी स्तर भी तेजी से नीचे जा रहा है। बुजुर्गों का कहना है कि वर्ष-1977 और 1996 में कई दिनों तक लगातार मूसलाधार बारिश हुई। उस वक्त कुआं, तालाब, जोहड़ सभी में किनारे तक पानी आ गया। नंगली का बांध टूट गया लेकिन अब कुआं रहे नही। तालाब, जोहड़ों में पानी नही बचा। नंगली का बांध भी सिमट कर रह गया है। ऐसे में गाय, भैंस, बैल, भेड़, बकरी, ऊंट, पालने वाले लोग परेशान है कि करे तो क्या करे क्योंकि दबंगों ने कही नदी, नालों पर तो कही जोहड़, तालाबों पर अवैध रूप से कब्जे कर लिए है। हालात ये हो गए है कि बरसाती पानी एकत्रितकरण के लिए सोहना में कोई नदी और तालाब नजर नही आते है। रही-सही कसर भूमाफिया पूरी कर रहे है।

प्रशासन से लगाई छुटकारा दिलाए जाने की गुहार

बंदरों के आतंक से घरों में दुबके लोग

लोगों ने की मांग की कि बंदरों को पकड़वाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। जितने भी बंदर पकड़ में आए, उन्हें दूरदराज स्थानों पर वन में छुड़वाया जाए

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना : क्षेत्र के लोगों ने बंदरों के आतंक से छुटकारा दिलाए जाने की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि बंदरों का इतना जबरदस्त आतंक बन गया है कि बंदरों ने एक नगरपार्षद मुकेश सैनी के पिता को काट लिया तो एक नगरपार्षद कुसुम गोयल को काट लिया। इससे पहले बंदर नगरपार्षद कमलेश नंदा के पति हरीश नंदा को भी काट चुके हैं।

हर गली, मोहल्ले में बंदरों के बढ़ रहे उत्पात को देख बच्चों ने घरों से निकलना और गली, मोहल्लों, पार्कों में खेलना बंद कर दिया है। गृहणियां घरों की छतों पर कपड़े और अनाज नहीं सुखा पा रही है। बंदरों की टोली की टोली आती हैं। किसी के पानी आपूर्ति वाले पाइप तो किसी के गमले तोड़ देती है तो किसी के कपड़े व अन्य सामान उठाकर ले जाती है। रोकटोक करने पर बंदरों की टोली काटने के लिए दौड़ती है। बंदरों का दुस्साहस ये कि घरों में फ्रिज खोलकर फ्रिज में रखा सामान तक उठा ले जाते हैं। किसी घर का दरवाजा खुला होता है तो बंदर घर के अंदर घुसकर धमाचौकड़ी मचाते हैं। पुरानी बसावट वाले मोहल्लों में बंदरों का ज्यादा आतंक बना हुआ है।

ऐसा प्रतीत होता है, जैसे किसी दूसरे स्थान से बंदरों को पकड़ कर कोई सोहना शहर में छोड़ गया है। शायद ही कोई दिन खाली जाता है, जब बंदर कहीं ना कहीं किसी को ना काटते हो और सामान का नुकसान ना करते हो।

देशराज गोयल, नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन सुभाष सिंगला, युवा समाजसेवी सैंकी सिंगला, सोहना गांव के नंबरदार तेजपाल सैनी आदि ने नगरपरिषद प्रशासन से गुहार लगाई है कि जनहित में नगरपरिषद इस तरफ ध्यान दे और बंदरों को पकड़वाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। जितने भी बंदर पकड़ में आए, उन्हें दूरदराज स्थानों पर वन क्षेत्र में छुड़वाया जाए।

युवा समाजसेवी विनायक गुप्ता एडवोकेट ने नगरपरिषद प्रशासन से मांग की है कि बंदरों ने शहर में उत्पात मचाया हुआ है। या तो इन्हे पकड़वाया जाए या फिर इनके लिए परिषद की मल्कियत वाली 1800 एकड़ भूमि में से पहाड़ियों के साथ लगती एक-2 एकड़ भूमि को वन क्षेत्र घोषित कर इनका ठिकाना वहां बनाया जाए।

उन्होंने बताया कि शहर के विभिन्न वार्डों और मोहल्लों के साथ-साथ सरकारी अस्पताल, अनाजमंडी, पुरानी सब्जीमंडी, पुराने तहसील कार्यालय आदि विभिन्न स्थानों पर बन्दरों के बढ़ते उत्पात के चलते लोगों की जान मुश्किल में आ गई है। ऐसे में छोटे-छोटे स्कूली बच्चों, महिलाओं को खासी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।

बंदरों के सुबह-सवेरे आ धमकने और घरों, छतों के इर्द-गिर्द मोर्चा संभाले यह उत्पाती बंदर घरों के ऊपर लगे एंटीना, गमलों, फैं सी लाईटों आदि सामानों को तोड़ने के अलावा घर के भीतर रखी खान-पान की वस्तुओं को झपटकर ले जाने, कपड़ों को फाड़ने तथा छतों पर सुखाये जाने वाले अनाज को खाने के साथ-साथ बिखेरने से सभी परेशान हैं।

उत्पाती बन्दर गली-मोहल्लों में स्कूल आते-जाते छोटे-छोटे बच्चों को भी डराते है और काटने में भी देर नहीं लगाते। यहां पर बन्दरों ने दर्जनों बच्चों को काट अपना शिकार बना लेने और कई लोगों के दौड़ इन से बचने के चक्कर में चोटिल होने पर हाथ-पैरों पर पलस्तर चढ़वाने के अलावा कई महिलाओं को छतों से नीचे कूदना पड़ा।

ऐसे में बंदरों के खौफ से डरे बच्चों ने अकेले घरों से बाहर निकलना और खुले मैदानों में खेलना प्रायः बंद सा ही कर दिया है। जनहित के दृष्टिगत जागरूक लोगों ने सोहना नगरपरिषद से इस तरफ तत्काल ध्यान दे जनता को उत्पाती बंदरों से निजात दिलाने की मांग की है।

मिठाई के साथ तोला जा रहा खाली डिब्बे का वजन

सोहना जोन के एसडीएम ने इसके लिए कड़े निर्देश दिए हैं, वे कहते हैं शिकायत आने पर कार्रवाई की जाएगी

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। सामाजिक संस्था सोहना जागृति मंच ने नापतोल विभाग और उपायुक्त को लिखे पत्रों में खुलासा किया है कि शहर सोहना में मिठाई बेचने वाले दुकानदार मिठाई के डिब्बों को भी वजन के साथ तोल रहे है। जिससे ग्राहकों को आर्थिक रूप से दोहरी चपत लग रही है।

मंच के अनुसार मिठाई यदि 400 रुपए किलो है और मिठाई के खाली डिब्बे का वजन 125 ग्राम है तो उपभोक्ता को डिब्बा मिठाई के साथ तुलने पर सीधे-सीधे 50 रुपए की चपत लगाई जा रही है। यानि 400 रुपए किलो वाली मिठाई उपभोक्ता के साथ हो रही ठगी के कारण 450 रुपए प्रति किलो बिक रही है।

संबंधित विभाग के अधिकारी इस तरफ से आंखें मूंदे हुए हैं। इससे मिठाई विक्रेता सरेआम ग्राहकों की आंखों में धूल झोक जमकर चांदी कूट रहे है लेकिन कही-कोई, देखने-सुनने वाला नही है। म

मामला प्रशासन के संज्ञान में लाए जाने पर सोहना जोन के एसडीएम प्रदीप कुमार ने मिठाई विक्रेताओं को यहां बिकने वाली मिठाइयों में रंग ना डालने और खोया की उच्च बढ़िया क्वालिटी रखने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

उन्होंने मिठाई खरीदने वाले ग्राहकों से मिठाई खरीदते वक्त मिठाई के साथ डिब्बे को वजन के साथ ना तुलवाए जाने और मिठाई के साथ डिब्बे को तोलने वाले मिठाई विक्रेता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाए जाने का विश्वास दिलाते हुए बताया कि किसी भी मिठाई विक्रेता, हलवाई, रेस्तरा पर मिठाई के साथ डिब्बे का वजन भी साथ तोले जाने की शिकायत हाथ लगते ही तत्काल प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

बता दें कि हलवाई मिठाइयों को सुंदर सजावट देने मे लिए मनुष्य के लिए अत्यंत घातक रंगों, सिंथेटिक दूध व मावा, बासी खोया से भी मिठाइयां बनाने और बेचने से गुरेज नहीं कर रहे। ऐसे में ऐसी मिठाइयों का सेवन करने से फूड प्वाइजनिंग होने का खतरा भी बन जाता है। लेकिन वे इससे बेखबर हैं

सरकारी अस्पताल में कैंटीन खोलने की मांग

तीमारदारों को परिजनों को छोड़ कर भोजन के लिए दूर जाना पड़ता है

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट ने सिविल सर्जन, हलका एसडीएम व उपायुक्त को पत्र लिखकर यहां सरकारी अस्पताल में कैंटीन सुविधा ना होने की तरफ ध्यान दिलाते हुए जनहित में सरकारी अस्पताल परिसर में कैंटीन खोले जाने की मांग की है।

अपने पत्र में उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में जितने भी रोगी वार्ड में दाखिल होते हैं अथवा जच्चा-बच्चा अस्पताल में दाखिल रहते है, उनमें सरकार की तरफ से जच्चा को तो दूध, ब्रेड, मक्खन अस्पताल प्रशासन उपलब्ध करा देता ह,लेकिन किसी भी कारणवश जो रोगी वार्ड में दाखिल है अथवा जच्चा-बच्चा व रोगियों की तीमारदार रात में अस्पताल परिसर में ठहरते हैं, उनके खानपान, अल्पाहार, भोजन इत्यादि की कोई व्यवस्था सरकार की तरफ से नहीं है।

उन्होंने लिखा कि ऐसे में उन्हे अपने बीमार परिजन को अस्पताल में अकेले छोड़कर बाजार में दूर दराज स्थान पर बने किसी भोजनालय पर भोजन करने जाना मजबूरी बन जाता है।

उन्होंने पत्र में सुझाव दिया है कि यदि सरकार द्वारा सरकारी अस्पताल के भीतर सरकारी कैंटीन खोल दी जाए तो या फिर किसी निजी व्यक्ति को अस्पताल में कैंटीन खोलने का ठेका दिया जाए तो ना केवल अस्पताल में आने वाले रोगियों और उनके तीमारदारों के आगे बनी भोजन की समस्या का निवारण होगा बल्कि सरकार को कैंटीन का ठेका छोड़े जाने पर आमदनी का जरिया मिलेगा।

धारीवाल के अलावा इस संबंध में नगरपार्षद वेदकला शर्मा, देवदत्त शर्मा एडवोकेट, सोहना गांव के नंबरदार तेजपाल सैनी समेत क्षेत्र के जागरूक लोगों ने भी सरकारी अस्पताल में कैंटीन सुविधा उपलब्ध कराया जाना वक्त की जरूरत बताया है। लोगों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में कैंटीन सुविधा ना होने के कारण फिलहाल अस्पताल प्रबंधन की तरफ से बालक होने के बाद जच्चा को मात्र दूध, ब्रेड, मक्खन उपलब्ध कराया जा रहा है।

यदि अस्पताल परिसर में कैंटीन की सुविधा उपलब्ध हो जाए तो जच्चा को दाल, दलिया जैसे पौष्टिक आहार भी आसानी से उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

परेशानी : पार्किंग सुविधा ना होने से बैंकों के बाहर सड़क पर खड़े किए जा रहे वाहन

लोगों को हो रही असुविधा पर बैंक प्रबंधक, पुलिस और नगर परिषद भी नहीं दे रही ध्यान

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। शहर में बस अड्डा रोड पर स्थित ओबीसी, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ इंडिया तथा अन्य कई बैंकों के पास पार्किंग सुविधा ना होने से बैंकों में आने वाले ग्राहक अपने वाहनों को सड़क पर खड़ा कर रहे हैं। इससे बार-बार सड़क अवरुद्ध होने से जाम लग रहा है।

रही-सही कसर दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे 5 से 8 फुट तक सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करके पूरी कर दी है। जिससे करीब 40-50 फुट चौड़ा सड़क मार्ग संकरी गली बनकर रह गया है। इसके अलावा केनरा बैंक, यूनियन बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कार्पोरेशन बैंक आदि समेत अन्य बैंकों की शाखाएं दमदमा रोड से बाईपास क्षेत्र तक के बीच चल रही है, लेकिन इन बैंकों में आने वाले उपभोक्ताओं के वाहनों को खड़ा करने के लिए बैंकों के आगे पर्याप्त जगह नहीं है। ऐसे में इन बैंकों में आने वाले ग्राहक अपने वाहनों को सर्विस रोड पर खड़ा कर चले जाते हैं। इससे सड़क पर आवाजाही रूक जाती है और जाम लग जाता है।

लोगों का कहना है कि सोहना में जगह-जगह निजी और सरकारी बैंकों की शाखाओं की बाढ़ सी आई हुई लेकिन इन बैंकों के पास पार्किंग की व्यवस्था ना होने से उपभोक्ताओं के साथ-साथ राहगीर भी परेशान है क्योंकि जब बैंक में किसी कार्य को लेकर कोई ग्राहक आता है तो वह अपनी गाड़ी को बैंक के आगे बीच सड़क पर खड़ा करके बैंक में चला जाता है। ऐसे में सड़क मार्ग अवरुद्ध होने से आवाजाही रूक जाती है और बार-बार सर्विस रोड पर जाम लग जाता है। जाम लगने पर कई बार आपस में तकरार बढने पर झगड़े की नौबत आ जाती है, लेकिन फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। बैंकों के प्रबंधक समस्या के निवारण के लिए आवश्यक कार्रवाई अमल में लाने की बजाय चुप्पी साधे हुए हैं। नगरपरिषद अथवा पुलिस प्रशासन इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे लोगों की परेशानियां और ज्यादा बढ़ गई है। शिक्षाविद सचिन लोहिया, प्रमुख समाजसेवी राजेश राघव, कर्मपाल बोकन आदि जागरूक लोगों ने जनहित के दृष्टिगत नगरपरिषद व पुलिस प्रशासन से आपस में तालमेल बैठाकर इस प्रमुख सड़क मार्ग को अतिक्रमण मुक्त बनाए जाने और सड़क पर वाहन खड़े कर बेवजह जाम लगाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाने की मांग की है।

जिम्मेवारी लेने को कोई तैयार नहीं

हैरानी की बात ये है कि बैंक प्रबंधन हो अथवा पुलिस प्रशासन चाहे नगरपरिषद प्रशासन, सब अपनी जिम्मेदारियों को एक-दूसरे पर डालने से बाज नहीं आ रहे है।

लिव इन रिलेशन पर रोक लगाने के लिए कानून बनाने पर जोर

भरोसा मित्र

सोहना : गांव बादशाहपुर के सेक्टर 67 में अंसल एसेंसिया आरडब्लयूए के प्रधान धर्मेन्द्र तंवर रामगढ़ ने सरकार से मांग की है कि हिंदू मैरिज एक्ट में बदलाव कर लिव इन रिलेशन पर रोक लगाने के लिए कानून बनाया जाए। उन्होंने कहा कि लिव इन रिलेशन के चलते जहां युवा पीढ़ी भ्रमित हो रही है, वही परिवार बिखर रहे है। अदालतों में पंचायतों के फैसले मान्य ना होने से सरकार को ऐसे संवेदनशील मुददों पर निर्णय लेकर कानून बनाने की पहल करनी चाहिए।

सघन जनजागरण अभियान चलाया जाए

बालभारती विद्या मंदिर विद्यालय में बुधवार को एक कार्यक्रम का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में हुआ। इकार्यक्रम में मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति के निर्देशक नरेश सैनी एडवोकेट ने भ्रूण हत्या को महापाप बताते हुए कहा कि सरकार ने इस पुनीत कार्य के लिए आज के दिवस को बालिका दिवस के रूप में घोषित कर अत्यंत सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने सभी से कहा कि अपने-अपने वार्डों, मोहल्लों, बस्तियों और गांवों में भी सघन अभियान चलाएं।

सर्विस लाइन पर ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियों ने जमाया कब्जा

सवाल है कि किसकी शह व संरक्षण पर खड़े ये वाहन यातायात नियमों को ठेंगा दिखा रहे हैं

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। दिल्ली-अलवर नेशनल हाईवे पर स्थित सोहना-भौंड़सी-बादशाहपुर गांवों में जगह-जगह सर्विस रोडों पर यातायात पुलिस की नाक के नीचे ईंटों से भर ओवरलोड ट्रैक्टर पूरा-पूरा दिन खड़े होने से राहगीर परेशान है।

लोग यह नही समझ पा रहे कि दोपहिया वाहनों और कार चालकों का किसी ना किसी बहाने चालान काटकर वाहवाही लूटने वाली यातायात पुलिस की निगाह सोहना-भौंड़सी-बादशाहपुर गांवों में जगह-जगह सर्विस रोडों पर पूरा-पूरा दिन खड़ा रहने वाले ईंटों से भरे ओवरलोड ट्रैक्टरों पर क्यो नही जा रही है?

कहीं ऐसा तो नहीं कि इन ओवरलोड ट्रैक्टर चालकों की यातायात पुलिस से मिलीभगत हो और यातायात पुलिस ने इन्हे अपना संरक्षण दे रखा हो। अन्यथा क्या कारण है कि दिन के उजाले में यातायात पुलिस की नाक के नीचे ईंटों से भरे यह ओवरलोड ट्रैक्टर पूरा-पूरा दिन किसकी शह व संरक्षण पर खड़ा करते हुए यातायात नियमों को ठेंगा दिखा रहे हड्डे।

देखने में आ रहा है कि यहां पर दिल्ली-अलवर नेशनल हाईवे पर स्थित सोहना-भौंड़सी-बादशाहपुर गांवों में जगह-जगह सर्विस रोडों पर कही ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियों ने गांव बादशाहपुर, गांव भौंडसी और शहर सोहना में चुंगी नंबर एक से निरंकारी कॉलेज तक बने सर्विस रोड पर पूरी तरह अपना कब्जा बनाया हुआ है। खेल स्टेडियम तथा बस अड्डे के पास और नूंह रोड पर निरंकारी कॉलेज के इर्द-गिर्द इनका सबसे ज्यादा जमावड़ा लगा होता है।

भोर सवेरे से देर रात तक ईंट से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां सर्विस रोड पर जगह-जगह खड़ी नजर आती है। सर्विस रोड पर ईंटों से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रालियां आम जनमानस व दोपहिया वाहन चालकों के लिए भी परेशानी का सबब बनी हुई है।

खेती कार्यों में प्रयुक्त होने वाली ट्रैक्टर-ट्रालियों को कमर्शियल प्रयोग में लाने के साथ-साथ क्षमता से अधिक ईंट भरी होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के छोटे संपर्क मार्गों पर आवाजाही के वक्त सड़क पर अन्य वाहनों को निकलने के लिए जगह ही नहीं रहती है, जिससे हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

बढ़ती समस्या लोग सुबह इनका दूध निकाल लेते हैं,उसके बाद हरा चारा उपलब्ध कराने की बजाय गायों को खूंटे से खोल देते हैं

आवारा पशु दे रहे सड़क हादसों को न्यौता, कई हो चुके घायल

सोहना शहर, बादशाहपुर और भौंड़सी में लोगों के बार-बार आवाज उठाने के बाद भी स्थानीय प्रशासन की ओर से अभियान नहीं चलाया गया

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। सोहना-भौंड़सी-बादशाहपुर में सड़क के बीचोबीच बने डिवाईडरों तो कही सड़क पर तो कही सड़क किनारे आवारा पशुओं विशेषकर गायों के छुट्टा घूमने से वाहन चालक परेशान है। सड़क हादसों को बढ़ावा मिल रहा है।

कभी वाहनों की टक्कर लगने से गाय घायल हो रही है तो कभी वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और वाहनों में सवार लोगों के चोटें लग रही हैं। पहले भी सोहनाढाणी में एक गाड़ी के सामने अचानक गाय आने से गाय बचाने के चक्कर में स्कार्पियो गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन स्कार्पियो की टक्कर लगने से घायल गाय को भी नहीं बचाया जा सका। उस हादसे में कई घायल हुए। गनीमत ये रही कि मौके पर उपचार मिलने से सभी की जान बच गई।

गौभक्तों का कहना है कि सोहना-भौंड़सी-बादशाहपुर को आवारा पशुओं से मुक्त करने के दावे यहां पर प्रशासन की बरती जा रही अनदेखी और लापरवाही के चलते नाकाम साबित हो रहे हैं। एक प्रशासनिक अधिकारी ने अपना नाम व पहचान गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि प्रशासन ने दिसंबर-2018 तक सोहना समेत पूरे जिले को आवारा पशुओं से मुक्त करने का लक्ष्य रखा था। इसके बाद अन्य स्थानों पर तो पशुओं को पकड़ कर गौशालाओं में भेजने के लिए अभियान चलाए गए, लेकिन सोहना शहर, बादशाहपुर और भौंड़सी में लोगों के बार-बार आवाज उठाने के बाद भी अभियान नहीं चलाया गया।

उन्होंने बताया इससे सोहना-भौंड़सी-बादशाहपुर में सड़क के बीचोबीच बने डिवाइडरों तो कहीं सड़क पर तो कहीं सड़क किनारे आज भी आवारा पशु पूरा-पूरा दिन सड़कों पर घूम रहे हैं, जो जाम लगाने में सहायक बन रहे हैं तो हादसे भी हो रहे है।

पूर्व जिलापार्षद रोहताश खटाना लोहटकी, एडवोकेट निहाल सिंह धारीवाल, समाजसेवी रोहताश बेदी, रिठौज गांव के पूर्व सरपंच प्रदीप खटाना आदि जागरूक लोगों का कहना है कि कई बार दोपहिया वाहन चालक इन पशुओं के हमले में घायल हो चुके है तो कई राहगीर इनकी चपेट में आकर अस्पताल पहुंच चुके हैं। यह आवारा पशु राहगीरों पर हमला करने और दुकानदारों की वस्तुओं में मुंह मारने बाज नहीं आ रहे है। व्यापारियों की माने तो शहर में लगभग सभी सड़कों पर आजकल आवारा गायों की भरमार है। देखने में आ रहा है कि यह गाय ऐसे लोगों की है, जो सुबह के वक्त इनका दूध निकाल लेते हैं। उसके बाद इन्हें हरा चारा उपलब्ध कराने की बजाय खूंटे से खोल देते हैं। जिस कारण यह गायें यहां पर बाजार, गली, मोहल्ले, वार्डों में पूरा दिन विचरती रहती है। ताज्जुब तो यह है कि दिन के वक्त आवारा घूमने वाली

इन गायों का अनाजमंडी, सब्जीमंडी, कस्बे का दिल कहलाने वाले शहीद भगत सिंह चौक, पुराना बस अड्डा, महाराजा अग्रसेन पार्क, लेबर चौक, गर्मचश्मा शिवकुंड, पुराना तहसील कार्यालय और नगरपरिषद कार्यालय के सामने तो भौंड़सी गांव में सीनियर सैकेंडरी स्कूल के बाहर, पंचायत घर के सामने और पशु अस्पताल के सामने लगे कूड़े के ढेरों पर तथा गांव बादशाहपुर में सड़क किनारे लगी हाथ रेहड़ियों के इर्द-गिर्द रामगढ़ जाने वाले मोड, बादशाहपुर पुलिस थाने को जाने वाले सड़क मार्ग समेत विभिन्न स्थानों तथा सड़क के बीचोबीच इन गायों का जमावड़ा लगा रहता है। 8 से लेकर 15-15 की तादाद में झुंड बनाकर चलने वाली ये गायें अपनी भूख मिटाने के लिए इधर-उधर मुंह मारती हैं। कूड़े, कचरे के ढेर में प्लास्टिक की पॉलीथीन तक भूख के चक्कर में गाय खा जाती है। कई बार तो राहगीरों के थैले झपट उनका सामान तक बिखेर देती है तो कई बार स्कूली बच्चे इनकी चपेट में आकर चोटग्रस्त हो चुके हैं।

ताज्जुब तो यह है कि दिन भर शहर में आवारा घूमने वाली इन गायों की तरफ ना तो प्रशासन ही ध्यान दे रहा है और ना ही अपने को गौ प्रेमी कहलाने वाले कार्यकर्ता अथवा गऊशालाएं संचालित करने वाली संस्थाएं। आवारा गायों को कई बार रात के वक्त अथवा मुंह अंधेरे गौ तस्कर गाड़ियों में भरकर ले जा चुके है। गौ तस्करों के गायों को गाड़ी में चढ़ाते वक्त गौ तस्करी में लोग फौहारा चौक, अनाजमंडी, सब्जीमंडी, हनुमान बगीची आदि स्थानों के साथ-साथ चौकीदारों तक पर नुकीले पत्थरों की बौछार कर जानेलवा हमला बोल देते हैं और गायों को चुराकर ले जाने में कामयाब हो जाते हैं।

दैनिक भरोसा मित्र

गुरुग्राम

www.dainikbharoosa.com | Google Play | dainikbharosa

गुरुग्राम, गुरुवार, 12 अक्टूबर 2023

पांचो राज्यों में काबिज होगी कांग्रेस ....

अंदर देखे

लड़कियां हर क्षेत्र में गाड़ रही झंडे .....

अंदर देखे

खबर फटाफट

जीवन वह फूल है जिसमें काँटे तो हैं, लेकिन सौंदर्य भी है : साध्वी आत्मचेतना

गुरुग्राम। जीवन में बुराई अवश्य हो सकती है, लेकिन जीवन बुरा कभी नहीं हो सकता। जीवन एक अवसर है, श्रेष्ठ बनने श्रेष्ठ करने व श्रेष्ठ पाने का जीवन की दुर्लभता जिस दिन लोगों की समझ में आ जाएगी, उस दिन कोई भी व्यक्ति जीवन का दुरुपयोग नहीं कर सकता। उक्त उद्गार महामंडलेश्वर साध्वी आत्मचेतना गिरि महाराज ने राजीव नगर स्थित अखंड परमधाम गुफावाले शिव मंदिर में श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ के 5वें दिन प्रवचन करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जीवन वो फूल हैं जिसमें कांटे तो बहुत हैं लेकिन सौंदर्य की भी कोई कमी नहीं है। यह अलग बात है कि कुछ लोग कांटों को तो कोसते रहते हैं और कुछ लोग सौंदर्य का आनंद लेते हैं। जीवन को बुरा केवल उन लोगों द्वारा कहा जाता है जिनकी नजर फूलों की बजाय कांटों पर ही लगी रहती है। साध्वी ने कहा कि जीवन का तिरस्कार वे ही लोग करते हैं जिनके लिए यह मूल्यहीन है। जीवन में सबकुछ पाया जा सकता है, जीवन का तिरस्कार नहीं, अपितु इससे प्यार करना चाहिए। बुराई मिटाने का प्रयास किया जाना चाहिए, यही समझदारी है। उन्होंने कहा कि जीवन में अहंकार से कुछ प्राप्त होने वाला नहीं है अपितु नम्रता से सबकुछ प्राप्त किया जा सकता है। समिति के अध्यक्ष मुकेश सतीजा ने बताया कि आयोजन में गोवर्धन धारण, गोवर्धन पूजन, 56 भोग का आयोजन भी किया गया। भगवान कृष्ण की अनेक लीलाओं का प्रदर्शन किया गया। श्रद्धालु नृत्य करते दिखाई दिए। प्रतिदिन कथा का श्रवण करने के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में श्रद्धालु व गणमान्य व्यक्ति पहुंच रहे हैं।

ठोस कचरा प्रबंधन नियमों की पालना करें सुनिश्चित

गुरुग्राम। भारत सरकार द्वारा अधिसूचित ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत नगर निगम गुरूग्राम क्षेत्र में स्थित सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों को नियमों की पालना सुनिश्चित करना अनिवार्य है। अवहेलना करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई किए जाने का प्रावधान भी नियम में किया गया है। नगर निगम गुरूग्राम क्षेत्र में स्थित बल्क वेस्ट जनरेटरों के यहां नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के लिए निगमायुक्त पीसी मीणा की अध्यक्षता में सिटीजन सुपरवाईजरी कमेटी की बैठक हुई, जिसमें कमेटी सदस्यों ने इस मामले में अपने-अपने सुझाव दिए। ज्ञात हो कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत प्रतिदिन 50 किलोग्राम या इससे अधिक कचरा उत्पन्न करने वाली रिहायशी सोसायटियां, आरडब्ल्यूए, होटल, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल, स्कूल, कॉलेज आदि बल्क वेस्ट जनरेटर हैं। नियम के तहत इन्हें अपने यहां से निकलने वाले कचरे को अपने परिसर में ही स्वयं के स्तर पर निष्पादित करना अनिवार्य है। इसके लिए सबसे पहले गीले, सूखे व घरेलू हानिकारक कचरे को अलग-अलग करना है। एक अनुमान के अनुसार इस कचरे का 50 से 70 प्रतिशत हिस्सा बायोडिग्रेडेबल है। गीले कचरे से खाद तैयार करके उसका उपयोग पेड़-पौधों में किया जा सकता है तथा सूखा व घरेलू हानिकारक कचरा अधिकृत रिसायकलर को सौंपा जा सकता है।

विश्व दृष्टि दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का होगा आयोजन

गुरुग्राम। नर सेवा नारायण सेवा के तहत अंधता निवारण में जुटी निरामया चैरिटेबल ट्रस्ट व आहूजा आई एंड डेंटल इंस्टीट्यूट द्वारा विश्व दृष्टि दिवस के उपलक्ष्य में बंधवाड़ी स्थित अर्थ सेवियर्स फाउण्डेशन के आश्रम व सैक्टर 9 स्थित राजकीय विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नेत्र जांच व चश्मे वितरित किए जाएंगे। संस्था के चेयरमैन डा. टीएन आहूजा व डायरेक्टर डा. हितेंद्र आहूजा ने बताया कि आंखों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। बदलते दौर में सबकुछ डिजिटल हो गया है, ऐसे में आंखों पर भारी प्रभाव पड़ता है। विश्व दृष्टि दिवस का उद्देश्य आमजन को आंखों के प्रति जागरुक करना है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष अक्तूबर माह के दूसरे वीरवार को मनाया जाता है।

फोटो वायरल कर रुपए वसूलने वाला आरोपी काबू

गुरुग्राम। महिला को फोटो वायरल करने की धमकी देकर हथियार के बल पर डरा धमकाकर रूपयों की वसूली करने व आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले आरोपी को पुलिस ने काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 15 सितम्बर को पुलिस चौकी मारुति कुंज में एक सूचना श्याम कुंज, में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास करने व पीड़िता को हॉस्पिटल में दाखिल होने के संबंध में प्राप्त हुई। पुलिस अस्पताल पहुँची जहां पर पीडिता की हालात ब्यान देने योग्य नही बताई। 22 सितम्बर को महिला के पति ने पुलिस चौकी मारुति कुंज में आकर एक लिखित शिकायत के माध्यम से बताया कि खतौली, उत्तर-प्रदेश में उसकी पत्नी के मायके में पड़ोस में रहने वाला व्यक्ति उसकी पत्नी को श्याम कुंज स्थित उसके मकान में आकर परेशान करता है तथा हथियार दिखाकर बच्चों व परिवार को मारने की धमकी देकर, उसकी पत्नी की फोटो वायरल करने की धमकी देकर रूपयों की मांग करता है।

सरकार से आर-पार की लड़ाई को तैयार सफाई कर्मचारी

3480 परिवारों के मुंह से छीना निवाला

कर्मचारियों में सरकार की निजीकरण की नीतियों के विरुद्ध भारी आक्रोश

भरोसा मित्र

गुरुग्राम । छटनी ग्रस्त 3480 सफाई कर्मचारियों को बहाल करवाने की मांग को लेकर लगभग पिछले एक महीना से संघर्ष कर रहे नगर निगम कर्मचारियों ने आज से 3 दिन की काम छोड़ हड़ताल शुरू कर दी है। गौरतलब है, कि निगम के कर्मचारियों ने स्थानीय विधायक सुधीर सिंगला, राकेश दौलताबाद निगम आयुक्त के आवास पर धरना देने के बाद भी इन कर्मचारियों को निराशा ही हाथ लगी है । नगर निगम के सभी नियमित, अनुबंधित, पंचायत के कर्मचारी, चौकीदार तथा विभिन्न प्रकार के ठेकों में लगे सभी कर्मचारियों ने आज से पूर्ण रूप से काम बंद कर दिया है। इस हड़ताल से जनता को हो रही सुविधाओं के लिए गुरुग्राम के निगम आयुक्त एवं गुरुग्राम के विधायक और सरकार जिम्मेदार है।

हड़ताल की अध्यक्षता नगर निगम इकाई के प्रधान राम सिंह सारसर ने की तथा मंच का संचालन नगर निगम इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश संगेलिया ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य सचिव नरेश मलक्ट, संघ की सह सचिव सुशीला देवी, केंद्र कमेटी के नेता सोनिया, संघ के जिला प्रधान राजेश बोहत, राज्य महिला सब कमेटी की सह कन्वीनर अनीता देवी सदस्य रीना देवी ने कहा कि सरकार ने वर्क आउट सोर्स का ठेका कर 3480 परिवारों के मुंह से निवाला छीनने का काम किया है। कर्मचारियों में सरकार की निजीकरण की नीतियों के विरुद्ध भारी आक्रोश । उन्होंने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम के 5000 से ज्यादा कर्मचारी पैदल यात्रा करते हुए गांव-गांव शहर-शहर सरकार की कर्मचारी विरोधी और सामाजिक न्याय विरोधी नीतियों का जनता में प्रचार करते हुए15 अक्टूबर को पुराना आईटीआई मैदान रोहतक रैली में होने वाली आक्रोश रैली में पहुचेंगे। उन्होंने बताया कि रैली की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है।

नगर निगम इकाई के प्रधान राम सिंह सारसर ने कहा कि नगर निगम यूनियन द्वारा अभी जनहित को ध्यान में रखते हुए 3 दिन की हड़ताल का ऐलान किया है, यदि निगम प्रशासन और सरकार छटनी ग्रस्त कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस नहीं लेती व अन्य मांगों का समाधान नहीं करती तो निगम के कर्मचारी 15 अक्टूबर की रैली के बाद गुरुग्राम में अनिश्चितकालीन हड़ताल का भी निर्णय ले सकते है। सारसर ने कहा कि कर्मचारियों की छटनी वापस होने तक तथा वर्क आउट सोर्स के सभी ठेके खत्म होने तक व अन्य मांगों का समाधान होने तक कर्मचारियों का आंदोलन जारी रहेगा। आज की हड़ताल को अन्य के इलावा कर्मी नेता वरिष्ठ प्रधान सुरेंद्र बालगोहर , जितेंद्र, अनुज कांगड़ा, संजय चावरिया ,सुमित पीहाल, संजीत टांक ,विनोद, तेजपाल, कैलाश, कर्मवीर, बलराम, प्रीतम, राकेश, संदीप, बंटी, रविंद्र, शेरसिंह, पूजा कमला, रीना यूनियन के सभी पदाधिकारी ने भी संबोधित किया

झाड़सा के प्रजापति माहल्ले में पानी का संकट

पानी की समस्या फिर भी मिलेनियम सिटी:सारिका

महीनो से नलके में पीने का पानी नहीं आता और जो पानी आता है वह इंसान के प्रयोग के लायक नहीं

भरोसा मित्र

गुरुग्राम। परिवार जोड़ो अभियान के तहत जब आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता झाड़सा गांव के लोगों से मिले तो पता चला प्रजापति मोहल्ले में कई महीनों से पानी नहीं आ रहा । ट्यूबवेल का बोर्ड साथ में लगा हुआ है लेकिन स्थानिया लोगों ने बताया कि पानी की समस्या कई महिनों की है और कोई सुनवायी नहीं । आम आदमी पार्टी की डॉक्टर विंग की प्रदेश अध्यक्ष डॉ सारिका वर्मा ने कहा अगर गुड़गांव शहर के सबसे पुराने और प्रमुख गांव झाड़सा में ही पानी की समस्या है तो मिलेनियम सिटी घोषित करके लोगों को क्या फायदा हुआ? श्रीपाल प्रजापति प्रधान ने बताया कई महीनो से नलके में पीने का पानी नहीं आता और जो पानी आता है वह इंसान के प्रयोग के लायक नहीं । उर्मिल राणा को महिलाओं ने बताया पडोसी मोहल्ले से दो बाल्टी पानी लाकर खाना बनाया जाता हैद्य हरि सिंह चौहान, निकैत अरोड़ा और श्यामलाल बामनिया ने कई लोगों से बात की और सैनी मोहल्ले के लोगों ने बताया यहां 50 से अधिक ट्यूबवेल लगे हैं लेकिन गांव में सप्लाई का पानी हर घर में नहीं पहुंच पाताद्य विजेश खटाना और भूपेन्द्र ने कहा कि निगम के चुनाव एक साल से नीलम्बित हैं और दूसरी तरफ नागरिकों की आवाज सरकार तक पहुंच नहीं रही या सरकारी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं

1 महीने से चल रहं है रिवार जोड़ो अभियान : सारिका

आम आदमी पार्टी पिछले 1 महीने से परिवार जोड़ो अभियान कर रही है और हर वार्ड में घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं पर चर्चा कर रही हैद्य डॉ सारिका ने बताया वार्ड 10,11,16,19, 24, 25, 28 मे उनकी टीम लोगों से रूबरू हो चुकी है लेकिन प्रजापति मोहल्ले झाड़सा जैसा बुरा हाल कहीं उजागर नहीं हुआद्य हम उम्मीद कर रहे हैं इस एरिया के जोनल कमिश्नर यहां लोगों के बीच पहुंचेंगे और तूरंत प्रभाव से लोगों को राहत दिलाएंगे।

भाजपा राष्ट्रवादी राजनीतिक दल : गार्गी

तकनीकी रूप से मजबूत हैं भाजपा कार्यकर्ता : कक्कड़

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। भारतीय जनता पार्टी गुरुग्राम के जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया की जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने जिले की चारों विधानसभा में प्रवास कर मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री एवं पदाधिकारी के साथ बैठक में जिला अध्यक्ष ने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को युद्ध के रूप में लडना है। मजबूत रणनीति को तैयार में सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियानों, कार्यक्रमों की समीक्षा की एवं आगामी संगठनात्मक कार्ययोजना को लेकर मार्गदर्शन भी किया। गार्गी कक्कड ने कहा कि आज विश्व भारत को आशा भरी निगाहों से देख रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी के कारण हमारा गौरव पूरे विश्व में बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावी रण में कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम रहने वाली है और चुनावी रण कार्यकर्ताओं के माध्यम से ही लड़ा जाना है। इसलिए हम सब कार्यकर्ताओं को अभी से कमर कस लेनी चाहिए। हमें जहां जिम्मेदारी मिली है या मिलेगी उसे पूरा करने का दायित्व भी हमारा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बताया कि हमारा प्रथम लक्ष्य चुनाव से पहले हर बूथ को और मजबूत करने का है। भाजपा एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है।

कर्मचारियों की मांगों को लेकर प्रदर्शन 18 को

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन गुरुग्राम शाखा की आम सभा का आयोजन राज सिंह बघेल की अध्यखता में किया गया। मंच का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक शर्मा ने किया। राज सिंह बघेल ने कहा कि हरियाणा सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर 18 अक्तूबर को विभागीय मंत्री बनवारीलाल के आवास व कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा, जिसके लिए रुपरेखा तैयार की गई है। जिला प्रधान सतीश लोहिया ने कहा कि यदि समय रहते सरकार ने कर्मचारियों की मांगों का निवारण नहीं किया तो हरियाणा का कर्मचारी सडक़ पर उतरकर प्रदर्शन करेगा। बैठक में कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे 18 अक्तूबर को बवाल पहुंचकर प्रदर्शन को सफल बनाएं। इस अवसर पर रणजीत सैनी, कुलदीप गुप्ता, हरिओम, रमेश, प्रवीण, महेंद्र कटारिया, शंकर, राजू, रमेश, सुरेश आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रपति से मिले योग गुरु डा. अनिल

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। योग गुरु डा. अनिल जैन ने महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की और उन्हें भगवान श्रीकृष्ण का एक चित्र भेंट किया। इस दौरान स्वास्थ्य, योग, प्राकृतिक चिकित्सा व आदिवासी समुदायों के योगदान को लेकर चर्चा की गई। भरोसा मित्र कार्यालय पहुंचकर डा. जैन ने बताया कि उन्होंने अपनी अपनी आगामी पुस्तक हीलिंग विद नेचर के बारे में राष्ट्रपति को अवगत कराया कि यह पुस्तक, प्राकृतिक तरीकों से बीमारियों का इलाज करने में व्यक्तियों का मार्गदर्शन करती है। राष्ट्रपति ने डॉ. जैन के नेक मिशन और समाज, विशेषकर वंचितों की सेवा के प्रति उनके समर्पण की सराहना करते हुए पुस्तक के प्रकाशन के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। डा. अनिल जैन ने फलों, सब्जियों, हरी घास और गेहूं घास के माध्यम से कई बीमारियों का इलाज करके कम भाग्यशाली लोगों की पीड़ा को कम करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। उनके व्यापक शोध और अनुभव से अद्वितीय प्राकृतिक उपचारों का विकास हुआ है। करुणा से प्रेरित होकर, वह दान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का उदाहरण देते हुए, आर्थिक रूप से वंचित लोगों को मुफ्त इलाज प्रदान करते हैं। बतादें कि डा. जैन कैलाश मानसरोवर में 22 हजार फीट की ऊंचाई पर 88 से अधिक विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन कर चुके हैं।

राष्ट्र-निर्माण में आत्मनिर्भरता महत्वपूर्ण कदम : डॉ कालरा

छात्रों तकनीकी रुप से मजबूत बनाने के लिए एसजीटी विश्वविद्यालय में 3 दिवसीय सिनर्जी मेगा टेक फेस्ट का आयोजन

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। छात्रों तकनीकी रुप से मजबूत बनाने के लिए एसजीटी विश्वविद्यालय में 3 दिवसीय सिनर्जी मेगा टेक फेस्ट का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ डा. अजादार खान, डा. प्रदीप कुमार साहा व विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओपी कालरा ने किया। डा. कालरा ने कहा कि हमें इस देश को रहने के लिए एक बेहतर जगह बनाने और अपने देश और समाज में बहुमूल्य योगदान देने के लिए प्रयास करना चाहिए। आत्मनिर्भरता ही एकमात्र रास्ता है जिससे हम देश से गरीबी की बेडयिाँ हटा सकते हैं। इसके अलावा मशहूर रेडियो जॉकी आरजे नावेद ने अपनी मौजूदगी से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने अपनी पूरी यात्रा छात्रों के साथ साझा की जिसमें उन्होंने बताया कि किस तरह कठिन परिश्रम और दृढ़ निश्चय के साथ उन्होंने असफलताओं से पार पाई इस मुकाम पर पहुंचे।

आरजे नावेद ने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति और कठिन परिश्रम के बल पर जीवन में बड़ी ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं। इस दौरान प्रदर्शनी, ड्रोन, रोबा, नुक्कड़ सभा मैनेजमेंट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सिनर्जी, सामाजिक जागरूकता, उद्यमिता, आत्म-समर्थन, आत्मनिर्भरता, मेक इन इंडिया, वोकल फ़ोर लोकल, ग्राम विकास और समाज में तकनीकी परिवर्तन जैसी अहम मुद्दों और सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों पर विमर्श करने करने और इनको बढ़ावा देने के लिए समर्पित है करता है।

धर्म-कर्म

समाजसेवी बोधराज सीकरी की हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम ने किया स्कूलों की ओर रुख

3 लाख 69 हजार का आंकड़ा पार कर रचा कीर्तिमान

युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने में हनुमान चालीसा पाठ एक सार्थक प्रयास : बोधराज सीकरी

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। साईबर सिटी के विभिन्न क्षेत्रों में हनुमान चालीसा का पाठ कराने के बाद अब स्कूलों में छात्रों को संस्कारवान बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। डीएलएफ फेस 3 स्थित जीएवी इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन प्रदीप कौशिक व एमडी मनीषा कौशिक ने जहां पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष व सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी को अतिथि के रुप में आमंत्रित किया, वहीं वहीं बसई रोड स्थित गंगागिरि कुटिया परिसर में 125 साधकों ने 5-5 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। स्कूल में 200 छात्रों तथा 30 स्टाफ सदस्यों ने 11-11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। सीकरी ने गंगा गिरी कुटिया में भी युवाओं को हनुमान चालीसा के उपरांत प्रेरणादायक वक्तव्य देकर जीवन के प्रति नजरिए को सकारात्मक रखने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि सकारात्मक रहें और सदैव प्रसन्न रहें। उन्होंने शायरी के माध्यम से बताया कि हर मर्ज का इलाज नहीं दवाखाने में, कुछ मर्ज ठीक हो जाते मुस्कुराने में। उन्होंने कहा कि हमें आलोचना को ठीक से स्वीकार करना चाहिए। छात्रों को हनुमान चालीसा पाठ अवश्य करना चाहिए, इससे बल, बुद्धि और विद्या तीनों का जिक्र है। छात्रों को हमेशा धैर्यवान बनना चाहिए। बड़े भी अपने अनुभवों को युवाओं के साथ साझा करें, ताकि वे एक बेहतर नागरिक बनकर राष्ट्रहित में अपना योगदान दे सकें। प्रदीप कौशिक, मनीषा कौशिक, बबीता वशिष्ठ, स्वाति भट्टी ने बोधराज सीकरी के प्रयासों की सराहना की। सीकरी ने बताया कि जामपुर शिव मंदिर में 50 साधकों तथा सुशांत लोक स्थित पार्क फ्लायर पार्क में 14 लोगों ने 5-5 बार पाठ किया। स्कूल में 230 विद्यार्थियों ने 11 बार, गंगा गिरी कुटिया में 100 लोगों ने 5-5 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। कुल पाठ 3280 हुए, फ्लायर पार्क के 70 पाठ मिलाकर 3350 पाठ हुए।

अब तक मुहिम के तहत 134 स्थानों पर 27243 साधकों द्वारा 3 लाख 69 हजार 948 पाठ किए गए हैं। इस अवसर पर गंगागिरि कुटिया के प्रधान ब्रह्म कथूरिया, रमेश कुमार, चुन्नीलाल शास्त्री, लक्ष्मण व श्याम अदलखा सहित महासंगठन के धर्मेन्द्र बजाज, रामलाल ग्रोवर, रमेश कामरा, गजेन्द्र गोसाईं, किशोरी लाल डुडेजा, ओम प्रकाश गाबा आदि मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में हेमंत मोंगिया, सतपाल नासा, धर्मपाल पाहुजा, सुखदेव, राजेन्द्र बजाज, अनिल कुमार, योगेश गंभीर, रूपम चौधरी, ज्योत्सना बजाज, शशि बजाज, पुष्पा नासा, निशी मोंगिया, रीटा, सिमरन बजाज, संतोष पाहुजा आदि का सहयोग रहा।

सुधा सोसायटी फाउंडेशन ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। सामाजिक संस्था सुधा सोसायटी फाउण्डेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस बुधवार को धूमधाम से मनाया गया।

महिलाओं व लड़कियों को बालिका दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संस्था के चेयरमैन जीके भटनागर व अध्यक्ष दीप्ति गोयल ने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लड़कियों के सामने आने वाले मुद्दों जैसे शिक्षा, पोषण, जबरन बाल विवाह, कानूनी अधिकार और चिकित्सा अधिकार आदि के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। उक्त मुद्दों को ध्यान में रखते हुए संस्था कार्य कर रही है।

आर्थिक रुप से कमजोर परिवारों की बेटियों को छात्रवृतियां वितरित की गई। उन्होंने बताया कि संस्था सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है और महिला सशक्तिकरण तथा बच्चों का उत्थान संस्था का प्रमुख उद्देश्य है।

शिक्षा के लिए समय-समय पर सेमीनार आयोजित करती रहती है।

खबर फटाफट

तावडू में बंद पड़े रहते हैं विभिन्न बैंकों के एटीएम, उपभोक्ता परेशान

तावडू । शहर में विभिन्न सरकारी व प्राईवेट कंपनी के एटीएम लगे हुए हैं। जो दावा तो 24 गुणा 7 का करते हैं। लेकिन इन एटीएम का लाभ उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहा है। क्योंकि अधिकतर एटीएम पर जब दिन ही में ही ताला लगा होता है, तो रात का कहना ही क्या है। उपभोक्ताओं का कहना है कि अधिकतर एटीएम पर गार्डों की नियुक्ति न होने के कारण एटीएम बंद रहते हैं।

उपभोक्ता नरेश कुमार, दिनेश कुमार, ऋतुराज, सचिन कुमार, दीपक, कालू, पवन व शेरू आदि ने बताया कि कुछ बैंक के एटीएम बैंक में ही लगे हुए हैं। जो बैंक समय में ही खुले रहते हैं। जबकि बाकी समय इन एटीएम पर ताला लगा रहता है। उपभोक्ताओं ने बताया कि तावडू में कुछ एटीएम ऐसे भी हैं, जिनका कोई ध्यान नहीं रखता और उनमें अंदर कबाडा और बाहर अन्य दुकानदारों का सामान रखा रहता है। ऐसे कुछ एटीएम हैं जो अतिक्रमण के कारण दिन में दिखाई ही नहीं देते। उपभोक्ताओं का आरोप था कि रात के समय यदि किसी व्यक्ति को रूपयों की आवश्यकता पड जाए तो उन्हें निकटवर्ती क्षेत्र भिवाडी के एटीएम से रूपए निकलवाने पडते हैं। जिस कारण तावडू में उपभोक्ताओं को लगे एटीएम का कोई फायदा नहीं मिल पा रहा है। उपभोक्ताओं ने संबंधित विभागों से इस ओर ध्यान देने का आहवान किया है।

नवरात्र में बाजार में लौटेगी रौनक

तावडू। पितृ पक्ष सम्पन्न होने जा रहा है, जिससे दुकानदारों में कार्य चलने की आस जगी है। पितृ पक्ष के दौरान दुकानदार ग्राहकों की इंतजार में प्रातः से सांय तक टकटकी लगाए बैठे नजर आए। अब नवरात्र की तैयारियां आरम्भ हो गई है। हिंदू धर्म की सनातन संस्कृति में 16 द्वितीय पितृ पक्ष पखवाडा माना जाता है। इस दौरान सभी प्रकार के मांगलिक, वैवाहिक व अन्य शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं। अधिकतर व्यक्ति इस दौरान आवश्यक सामान की ही खरीददारी करते हैं। इस दौरान लोग नया सामान खरीद नही करते है। वहीं कुछ व्यक्ति पसंदीदा आइटम बुक कर देते हैं और नवरात्र में उठाने की बात कर देते है। उनका मानना है कि इस तरह का हर वर्ष आता है। नवरात्र से बाजार चढना शुरू हो जाता है, जो अगले 6 माह तक चलता रहता है।

ीमान जी, निवेदन है कि इस समाचार से संबंधित 2 फोटो क्रमांक 1 व 2 पर भेजे गए है।

भ्रूण हत्या के खिलाफ सघन जनजागरण अभियान चलाएं

सोहन। यहां पर स्थानीय सरकारी अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर भ्रूण हत्या के खिलाफ एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अस्पताल प्रभारी तथा प्रवर चिकित्सा अधिकारी डाक्टर इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में राजकीय मार्डन संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक बाल विद्यालय प्रधानाचार्य सुरेन्द्र वर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए विद्यालय प्रधानाचार्य सुरेन्द्र वर्मा ने उपस्थितों के बीच भ्रूण हत्या को महापाप बतलाते हुए कहा कि सरकार ने इस पुनीत कार्य के लिए आज के दिवस को बालिका दिवस के रूप में घोषित कर अत्यंत सराहणीय कार्य किया है। उन्होंने प्रत्येक उपस्थितजन तथा विद्यार्थियों से अपने-अपने वार्डों, मोहल्लों, बस्तियों और गांवों में भी सघन अभियान चलाकर लोगों को भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध के खिलाफ जागृत बनाने, शिक्षा को बढ़ावा देने विशेषकर नारी शिक्षा पर जोर देने का आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी को लडक़ा-लडक़ी जन्म दर समान स्तर पर लाने के लिए समय-समय पर ऐसे जागरूकता अभियान अवश्य चलाने चाहिए। इस मौके पर अस्पताल प्रभारी तथा प्रवर चिकित्सा अधिकारी डाक्टर इंद्रजीत सिंह, डाक्टर गरिमा, सुनीता, नरेश वर्मा, दीपक, प्रवीण आदि ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर मौजूद लोगों और विद्यार्थियों को भ्रूण हत्या के खिलाफ अभियान चलाने का संकल्प सामूहिक रूप से दिलाया गया।

सरकार द्वारा गरीबों के लिए चलाई जा रही विशेष योजनाएं

सोहना। हरियाणा में जन सूचना आयुक्त रहे व सेवानिवृत एचसीएस अधिकारी नरेन्द्र सिंह यादव ने आज ब्लाक के कई गांवों का दौरा कर लोगों की जनसमस्याएं जानी और भरोसा दिया कि वह संबंधित विभागों के अधिकारियों से मिलकर इन समस्याओं का तत्परता से निवारण कराएंगे। इस मौके पर उन्होने लोगों से जागरूक बनने का आहवान किया और कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की तरफ से जनहित में जो योजनाएं चलाई जा रही है, उन योजनाओं से प्रत्येक लाभार्थी को लाभ उठाना चाहिए। इससे पूर्व में गांवों में पहुंचने पर हरियाणा में जन सूचना आयुक्त रहे व सेवानिवृत एचसीएस अधिकारी नरेन्द्र सिंह यादव का ग्रामीणों ने फूलमालाएं पहनाकर शानदार स्वागत किया।

आप नेताओं ने समाजसेविका लाजवंती देवी के निधन पर जताया शोक

सोहना। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष व पूर्व जिलापार्षद चौधरी धमेन्द्र खटाना अभयपुरिया आज अपने लाव-लश्कर के साथ शहर के वार्ड-चौदह के मोहल्ला कायस्थवाडा में रहने वाले व्यापारमंडल संघ के चीफएडवाईजर तथा शिक्षा समिति के उपचेयरमैन उमेश अग्रवाल के आवास पर आए और उनकी माता श्रीमती लाजवंती देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय गोपीचंद आर्य के अकस्मात निधन पर गहरा शोक जताया और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होने श्रीमती लाजवंती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि वह दयालु प्रवृति वाली परोपकारी महिला रही, जो सदैव महिलाओं के उत्थान के साथ-साथ गरीबों, दबे-कुचले वर्गों और जरूरतमंदों की सेवा को तत्पर रहती थी। इस मौके पर लोहटकी गांव के नंबरदार दिनेश खटाना के अलावा श्रद्धांजलि देने आए प्रमुख लोगों में बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट, युवा समाजसेवी मनोज जिंदल, प्रवीण गर्ग सीए, रामबीर यादव रायसीना, दलित नेता सुशील कुमार अंबेडकर कॉलोनी, नगरपार्षद राकेश कुमार रोहिल्ला, सहायक प्रोफेसर होशियार सिंह, मास्टर खूबीराम, सुंदर सिंह राजपूत, राजेश अरोड़ा, डाक्टर नरेश पाहूजा, पूर्व नगरपार्षद नगेश मुखी, लायंसक्लब के प्रधान विजय अरोड़ा प्रिंस, लायंसक्लब के रिजन चेयरमैन लायन रवि मदान, जाट युवा महासभा के जिलाप्रधान चौधरी रामजीत पंवार, चौधरी जमील खान रायसिका ने श्रीमती लाजवंती देवी के अकस्मात निधन पर गहरा शोक जताया।

नूंह शहर से पलड़ी गांव को जाने वाली सड़क की बत्तर हालात शहर के लोग परेशान

कई वर्षों से तालाब बनी हुई है सड़क

प्रदेश के मुख्यमंत्री और जिले के उपायुक्त से की लोगों ने सड़क के निर्माण की मांग

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। नूंह शहर से पडली गांव की ओर जाने वाली पीडब्ल्यूडी विभाग की सड़क विभाग द्वारा खोदकर कार्य को अधूरा छोड़े जाने से शहर के लोगों में विभाग के प्रति भारी रोष व्याप्त है। पिछले कई सालों से यह सड़क बिल्कुल जर्जर हो रही थी, लेकिन जैसे ही विभाग द्वारा इस सड़क पर काम शुरू हुआ तो लोगों को उम्मीद जगी कि अब यह सड़क बन जाएगी। लेकिन पिछले कई महीनो से अधूरा पड़ा सड़क का निर्माण लोगों के लिए परेशानी का सबक बन रहा है। शहर के लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री और जिले के उपायुक्त से इस सड़क का निर्माण कराने के लिए जल्द से जल्द मांग की है ताकि शहर के लोगों सहित दूसरे गांव को जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े । आपको बता दें कि नूंह शहर से पडली गांव के लिए जाने वाली सड़क पिछले 5 सालों से जर्जर हालत में पड़ी हुई थी। इस सड़क में इतने गड्ढे हैं कि सड़क से वाहनों को ले जाना भी बड़ा मुश्किल है। विभाग द्वारा इस सड़क का निर्माण कराने के लिए टेंडर छोड़ा गया और इसे शहर से लेकर शहर के बाहर तक टाइल बिछाने के लिए सरकार ने इसका बजट पास किया। लेकिन जब पीडब्ल्यूडी विभाग ने इसका टेंडर छोड़ और इसका निर्माण शुरू किया तो जितना रास्ता यह पहले था ,विभाग द्वारा इसे कम कर मात्र 16 फुट का ही बनाया जा रहा था और इसमें टाइल बिछाई जाने वाली थी। शहर के लोगों ने विभाग से कहा कि इस सड़क पर पानी भरा रहने के कारण टाइल बिछाना ठीक नहीं होगी और यहां कंक्रीट की सड़क बनवाई जाए और शहर से बाहर पडली गांव तक काली सड़क बनाई जाए।

लेकिन यह बात जब विभाग के अधिकारियों ने नहीं मानी तो इस सड़क का निर्माण काफी समय से अधूरा पड़ा रह गया और शहर के लोगों सहित दूसरे गांव को जाने वाले लोगों के रहागीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के लोगों और दूसरे गांव के लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से जल्द से जल्द इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू करने की मांग।

क्या कहते हैं एक्सईएन शमशेर सिंह

जब इस बारे में पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन शमशेर सिंह से बात की तो उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा इस सड़क का निर्माण करने के लिए टागल बिछाने का प्रपोजल पास हुआ है और वह सड़क को 16 फुट चौड़ी ही बना सकते हैं। लेकिन इस सड़क के आसपास रहने वाले लोगों की मांग है कि इस सड़क को जितना चौड़ा यह रास्ता है उतनी ही चौड़ी बनाया जाए और इसको टाइल से नहीं बल्कि कंक्रीट से बनाया जाए। उन्होंने कहा कि वह सरकार की गाइडलाइन से बाहर नहीं जा सकते। वह लोगों को इस सड़क का निर्माण करने के लिए मनाने की कोशिश कर रहे हैं। अगर शहर के लोग मान जाते हैं तो वह इस पर काम शुरू कर देंगे अन्यथा उन्होंने लोगों से कहा है कि अगर वह इसको नहीं बनवाना चाहते हैं तो वह लिखकर दे दे और सरकार के लिए वह इस केस को आगे भेज देंगे। उन्होंने कहा कि अगर लोग नहीं माने तो खोदी हुई सड़क को वापस मिट्टी डालकर समतल कर दिया जाएगा और उच्च अधिकारियों को इस बारे में अवगत करा दिया जाएगा।

सड़क दुर्घटना में व्यक्ति घायल

तावडू । उपमंडल के गांव झामुवास निवासी एक व्यक्ति उनके पिता को टक्कर मार घायल करने की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने घायल व्यक्ति के पुत्र की शिकायत पर बस के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गावं झामुवास निवासी लक्ष्मण ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि गत 8 अक्टूबर को उसका पिता औमप्रकाश अपनी साईकिल पर घर का सामान लेने के लिए तावडू बाजार गया था। जब वे सामान खरीद कर अपनी साईकिल से वापिस घर आ रहे थे, जैसे ही वे माता मन्दिर रामलीला मैदान के पास पहुंचे तो पिछे से तेज गति व लापरवाही से चलती आ रही एक सवारी बस ने उन्हें पिछे से टक्कर मार दी।

जिससे उसके पिता जो साईकिल सहित रोड पर गिर गए और उनके गिरते ही उनके सीधे हाथ के उपर बस का अगला टायर चढ गया। जिससे उनका पूरा हाथ क्षतिग्रस्त हो गया और उनके शरीर में गंभीर चोटे आई। सूचना पर वह मौके पर पहुंचा और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने लक्ष्मण की शिकायत पर बस के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

गांवों के विकास कार्यों पर पूरा फोकस : धीरेंद्र

उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं व विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला परिषद की विभिन्न योजनाओं व विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि सभी खंडों के गांवों में विकास कार्यों में गुणवता का पूरा ध्यान रखा जाए। गांवों में साफ-सफाई जैसे कार्य निरंतर जारी रहने चाहिए। ब्लाक समिति, जिला परिषद व ग्राम सचिवालय के भवन बनाने के लिए गांवों में जगहों की तलाश की जाए तथा ग्राम पंचायतों से इसके प्रस्ताव पारित करवाए जाएं, ताकि इन भवनों के निर्माण संबंधी कार्य में तेजी लाई जा सके। उन्होंने सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों में जो भी विकास कार्य पूर्ण हो गए हैं, उनके यूसी जल्द भिजवाए जाएं, ताकि सरकार की ओर से फंड रिलीज जल्दी हो सकें। सभी खंडों में विकास कार्यों के टारगेट जरूर पूरे किए जाएं। सीएम विंडो की शिकायतों का यथोचित समाधान करते हुए इन्हें निपटाएं। अतिक्रमण के मामलों में तत्परता से कार्यवाही की जाए तथा सभी प्रकार के अतिक्रमण को जल्द हटवाना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने कहा कि जनसंवाद सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसके पोर्टल पर आने वाली मांगों पर होने वाली कार्यवाही को मुख्यमंत्री स्वयं चेक करते हैं। ऐसे में जनसंवाद पोर्टल पर अब तक जो भी आवेदन आया है, उस पर त्वरित कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि गांवों में मनरेगा के माध्यम से भी अनेक कार्य हो सकते हैं, इसलिए सभी गांवों में मनरेगा से जो भी संभव काम हों, उन्हें पूरा करवाया जाए। उन्होंने गांवों में अमृत सरोवर विकसित करने, कचरा प्रबंधन, ओडीएफ फ्री गांव, गोबरधन परियोजना, कूड़ा कलेक्शन आदि कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला परिषद के चेयरमैन जान मोहम्मद, सीईओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत, डिप्टी सीईओ राकेश मोर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

विधायक मामन खान के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाने वालों के खिलाफ विधायक के भाई ने दी थाने में शिकायत

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। कांग्रेस के विधायक इंजीनियर मामन खान के भाई वसीम अकरम ने नगीना थाने में उनके भाई विधायक मामन खान इंजीनियर के नाम से फेक फेसबुक अकाउंट व फेसबुक पेज नमालुम लोगों द्वारा बनाने पर नगीना थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई शिकायत में वसीम अकरम ने बताया कि उनके भाई फिरोजपुर झिरका से मौजूदा विधायक और उन्हें झूठे मुकदमे में फसाया गया था, जो अब अग्रिम जमानत पर हैं। उन्होंने शिकायत में कहा कि मामन खान का कोई फेसबुक अकाउंट व पेज नहीं है,और विधायक के पेज पर लगभग 56 हज़ार फॉलोवर है। उन्होंने पुलिस को दी हुई शिकायत में बताया कि कुछ अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा उनके बड़े भाई विधायक मामन खान के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर उनपर तरह तरह की पोस्ट डाल रहे हैं जिसके बारे में उन्होंने 17 सितम्बर और 28 सितम्बर को उनके ख़िलाफ़ कार्रवाई के लिए थाने में शिकायत दी थी लेकिन अभी तक पुलिस द्वारा उनके ख़िलाफ़ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।उन्होंने बताया कि उनके भाई के नाम से और फर्जी कई अकाउंट बनाए जा रहे हैं और एक षडयंत्र के तहत गलत पोस्ट डाली जा रही हैं। वसीम अकरम ने बताया कि उन पोस्टों पर गलत कमेंट किए जा रहे हैं जिसके लिए उन्होंने नगीना थाने पहुंचकर तीसरी बार लिखित शिकायत देकर फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इतना ही नहीं उन्होंने बताया कि मेवात पुलिस कप्तान नरेन्द्र बिजारनीया के व्हाट्स एप पर भी उक्त शिकायत भेज दी गई है। जब इस बारे में नगीना पुलिस से बात की तो उन्होंने बताया कि विधायक के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाने वालों के खिलाफ शिकायत मिल गई है और उनकी जांच की जा रही है। जल्द ही उनके ख़िलाफ़ कार्रवाई की जाएगी ।

बाल विवाह निषेध मुक्त भारत की शपथ के साथ शुरू हुआ जिला स्तरीय बाल महोत्सव

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

जिला स्तरीय बाल महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर उपायुक्त ने दिलवाई बाल विवाह निषेध व नशा मुक्त भारत की शपथ

नूंह। गुरुवार को जिला स्तरीय बाल महोत्सव का उद्घाटन उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने रिबन काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया7 कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी सरदार जी एस मलिक ने की7 जिला बाल कल्याण अधिकारी नूंह कमलेश शास्त्री ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने पर गुलदस्ता व फूलमाला पहनाकर व प्राध्यापक अशरफ मेवाती ने पगड़ी पहनाकर कर उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा का स्वागत किया7 इस अवसर पर अपने संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि बाल महोत्सव के आयोजन से निश्चित रूप से विद्यार्थियों के चहुंमुखी प्रतिभा सामने आएगी और प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमें मंडल स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी7 उपायुक्त ने कहा कि राज्य बाल कल्याण परिषद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है7 उन्होंने उपस्थित शिक्षकों,विद्यार्थियों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों से अनुरोध किया कि हमें जिला नूंह को नशा मुक्त बनाना है तथा जिले में बाल विवाह की कुप्रथा को पूरी तरह से रोकना है7 जिला एफ एल एन कोआर्डिनेटर कुसुम मलिक ने उपायुक्त महोदय के आदेशानुसार बाल विवाह निषेध मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत की शपथ दिलवाई7 विदित हो कि आज 11 अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2023 तक जिला स्तरीय बाल महोत्सव की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन सरदार गुरमुख सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल नूँह में किया जा रहा है7जिला स्तरीय बाल महोत्सव में जिले के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थी समूह एक में कक्षा प्रथम से पांचवी तक,समूह दो में छठी कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक,समूह तृतीय में कक्षा नौंवी और दसवीं कक्षा के विद्यार्थी तथा समूह चतुर्थ में 11वीं और 12वीं के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं7 बाल महोत्सव के दौरान एकल नृत्य,समूह नृत्य,क्लासिकल नृत्य, एकल गीत,समूह गान,दिया-डेकोरेशन,कलश-डेकोरेशन, बेस्ट ड्रामेबाज,नाटक,क्ले मॉडलिंग,स्केचिंग ऑन द स्पॉट,आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को सामने लाने के लिए किया जा रहा हैं7 राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूंह की छात्राओं ने मुख्य अतिथि महोदय के सम्मान में स्वागत-गान प्रस्तुत किया वहीं सरदार गुरमुख सिंह मेमोरियल स्कूल नूँह एवं स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल तावडू की टीमों ने नृत्य प्रस्तुति देकर मुख्य अतिथि सहित सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल के सदस्यों में शामिल प्राध्यापक डॉक्टर संजय,सुनील कुमार, पूनम रानी, सुनील डागर,डॉक्टर सुलक्षणा अहलावत, वीना कुमारी, रश्मि, पिंकी डागर,ओमवीर, मोनिका, दीपक मेवाती, राहुल,राकेश भारद्वाज, दिनेश गोयल कोमल, मंजू रानी,विजय कुमार, धनेश, कमलेश कुमारी,अलका यादव, अब्दुल कय्यूम,रश्मि,ओम सिंह, रामकिशोर,डॉक्टर अमित यादव व सविता रत्ता सहित विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ो शिक्षक गण एवं हजारों विद्यार्थी तथा, जिला बाल कल्याण अधिकारी कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे सफाईकर्मी

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू। शहर के बाईपास पर स्थित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय प्रांगण में बुधवार को ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर × द्विसीय हडताल आरंभ कर दी। इस हडताल में रा'य प्रधान देवी सिंह ने मुख्य रूप से भाग लिया। उन्होंने कहा कि हटाए गए सफाई कर्मचारियों को पुनः काम पर रखने व वेतन समय पर देने, ईपीएफ की डीटेल व खातों को चालू कराने, समय पर वेतन दिलाने, कार्य करने के लिए औजार दिलाने, सरपंचों का शोषण बंद कराने व ग्राम सचिव सरपंचों से मिलीभगत कर वेतन रूकवाने आदि समस्याओं का समाधान कराने को लेकर मांग पत्र रखा गया। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के ब्लाक प्रधान सुनील कुमार ने बताया कि तावडू ब्लाक में 72 गांव व 54 ग्राम पंचायतें हैं। जिनमें मात्र 85 ग्रामीण सफाई कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। जिनमें से प्रशासन ने 4 कर्मचारियों को बेवजह हटा दिया। उन्होंने बताया कि हर विभाग में कर्मचारियों को पक्का किया जा रहा है। लेकिन 17 वर्ष से अधिक कार्य कर रहे ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को अभी तक पक्का नहीं किया गया। उन्होंने सरकार से कर्मचारियों को पक्का करने की मांग के साथ-साथ अन्य मांग भी पूरा करने की मांग की। उन्होंने बताया कि × द्विसीय हडताल में भी उनकी मांगे पूरी नहीं होती तो वह हडताल का समय बढा देंगे और अपनी मांगे पूरी करवाएंगे। इस अवसर पर राजकुमार, कल्लू, सुनीता, इमरती, बिमला आदि मौजूद रहे।

तावडू में भागवत कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का किया गुणगान

तावडू । शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित माता वैष्णों मंदिर में चल रही भागवत कथा के दौरान देवी मधु श्री उपाध्याय हरिद्वार धाम ने कहा कि कैसे भगवान श्री कृष्ण मां देवकी के गर्भ में आय और यमुना को दर्शन दिया गोकुल प्रस्थान किए। सारे पहरेदार सो गय और मां यशोदा के ग्रह में सुला आय कंश को मां वैष्णो की अकाशबानी देवी जीबी बताया अनीति का धन बाढ़ के पानी के समान होता है। कंश अभिमानी था इसलिए उसका अंत करने के लिए भगवान ने अवतार लिए भगवान अपने भक्तो को तारने के लिए इस धरा धाम पर अवतार लेते हैं। भगवान भक्तों के पराधीन होते है, क्योंकि भगवान को भक्ति बहुत प्रिय है। इस दौरान अग्रवाल धर्मशाला में सवा कुंटल का केक कटकर कर भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। उन्होंने कथा के दौरान कहा कि भगवान ने पूतना का वध किया जो राजा बलि की पुत्री थी। पूर्व जन्म में और उसका मनोरथ पूर्ण किया अघासुर, बकासुर, शंखासुर दैत्यों का बांध की यमुना के जल को स्वक्ष किया। ब्रह्म जी का मोह भंग की गोवर्धन महाराज की पूजा कराई। इंद्र का मोह भंग किया । भगवान को अत्यधिक प्रिय लगता है, क्योंकि भगवान की दासी है भक्ति देवी जिस मनुष्य के हृदय में भक्ति है उसके हृदय में भगवान बस्ते हैं।

समीक्षा

उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने फसल अवशेष प्रबंधन के लिए जागरुकता वाहन को दिखाई हरी झंडी

बोले- खेतों में न जलाएं पराली, चारे में करें उपयोग

इसी दिशा में कृषि विभाग की ओर से किसानों को बार-बार जागरूक किया जाता है

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बुधवार को लघु सचिवालय परिसर से फसल अवशेष प्रबंधन के लिए किसानों को जागरूक करने के लिए कृषि विभाग की ओर से चलाई जा रही मोबाइल वैन को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।

उपायुक्त ने इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पराली व फसल अवशेष जलाने से बड़े स्तर पर वायु प्रदूषण होता है, जोकि जनजीवन के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक होता है। आज जो मोबाइल वैन शुरू की गई है, उसका उद्देश्य प्रत्येक गांव के एक-एक किसान को फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करके फसल अवशेषों का कृषि यंत्रों के माध्यम से उचित प्रबंधन करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि यह मोबाइल वैन ऐसे समय में शुरू की जा रही है, जब धान व अन्य खरीफ सीजन की फसलों की कटाई शुरू हो चुकी है और इस समय किसानों को जागरूक होना जरूरी है, ताकि पराली जलाने पर पूर्ण रोक लगाना संभव हो सके।

उपायुक्त ने कहा कि फसल अवशेष जलाने से रोकने के लिए गंभीर कदम उठाए गए हैं। इसी दिशा में कृषि विभाग की ओर से किसानों को बार-बार जागरूक किया जाता है। आमजन जब इस दिशा में जागरूक होगा तो इसके सकारात्मक परिणाम आएंगे तथा इससे पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित होगा।

उन्होंने कहा कि किसान अगर पराली का चारे के रूप में उपयोग करेंगे तो इससे चारे की समस्या भी खत्म होगी और भूमि की उर्वरा शक्ति भी बनी रहेगी। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि कृषि विभाग की ओर से चलाई जा रही जागरुकता वैन के माध्यम से किसानों को मोटे अनाज की फसलें उगाने बारे भी जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आज के दिन मिलेट अनाज में शामिल ज्वार, बाजरा, कोदों, कुटकी, कंगनी, चीना, रागी, सांवा का खाने में उपयोग के हिसाब से काफी महत्व है। ऐसे अनाज से मनुष्य स्वस्थ बने रहते हैं। किसानों को मोटे अनाज के पोषण तत्वों की विशेषताओं की जानकारी जरूरी है। इसके उपयोग से शुगर और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह वाहन लोगों को मोटे अनाज का प्रयोग करने के लिए जागरूक करेगा।

रामलीला मंचन आरंभ करने के लिए किया बल्ली पूजन

तावडू। द्वादशी के शुभ मुहूर्त पर धार्मिक रामलीला क्लब के सदस्यों ने बल्ली पूजन किया। पंडित श्याम सुंदर शास्त्री के सानिध्य में धर्मेन्द्र भारद्वाज द्वारा विधि विधान से पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर उप प्रधान हेमंत सहरावत, ललित सोनी, सुभाष, सुंदर माथुर, नूतन, ललित मंगला, पंडित सुनील तिवारी, विजयपाल प्रजापत, नवीन शर्मा आदि रामलीला के कलाकार और अन्य कमेटी सदस्य उपस्थित थे। धार्मिक रामलीला क्लब द्वारा सन् 1970 से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें समस्त कलाकार निःशुल्क मंचन करते हैं। हेमंत सहरावत एवं अन्य सदस्यों ने बताया कि क्लब के डायरेक्टर दयानंद प्रचारी का बीमारी के कारण गत शुक्रवार 6 अक्टूबर 202× को निधन हो गया। जो कि धार्मिक रामलीला क्लब के लिए अपूरणीय क्षति है। वो अपने आप में एक ऐसी शक्सियत थे, जिनके नेतृत्व में रामलीला के सभी कलाकार अनेक वर्षों से रामलीला का मंचन कर रहे थे। वो रामलीला के डायरेक्टर के साथ साथ गुरु भी थे। स्वर्गीय दयानंद प्रचारी 1981 से लगातार कॉमेडियन का रोल निभाते आ रहे थे। लगभग 25 वर्षों से सतबीर जामवंत एवं विश्वामित्र, कृपाराम सुलोचना, बृजेश शर्मा हनुमान एवं परशुराम, रमेश शर्मा राम एवं सीता, प्रेमसिंह चौहान भरत और मास्टर आशाराम रावण और धर्मेन्द्र भारद्वाज लगभग 14 वर्षों से लक्ष्मण एवं श्रवण कुमार का रोल निभा रहे रहे हैं। धार्मिक रामलीला के सदस्य कबीर भवन में पिछले 1 महीने से अपने अपने पात्रों की रिहर्सल कर रहे हैं। आगामी 14 अक्टूबर को नारद मोह नाटक का से रामलीला का शुभारंभ होगा।

खबर फटाफट

विधवा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए दिया जाता है 3 लाख का ऋण

रेवाड़ी। प्रदेश सरकार द्वारा विधवा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। योजना के तहत हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से राज्य की विधवा, तलाकशुदा या कानूनी रूप से अलग हुई महिलाओं को बैंकों के माध्यम से अपना स्वयं का व्यवसाय करने के लिए तीन लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाता है।

डीसी राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत बैंक ऋण के ऊपर लगे ब्याज की प्रतिपूर्ति हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा अनुदान के रूप में अदा करके की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 50 हजार रूपए व अवधि 3 वर्ष जो भी पहले होगी। योजना का लाभ लेने के लिए महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो। महिला की वार्षिक आमदनी 3 लाख रूपए से ज्यादा ना हो और महिला हरियाणा की स्थायी निवासी हो। योजना में मसाला यूनिट, डोना बनाना, रेडीमेड गारमेंट्स, ब्यूटी पार्लर, ऑटो रिक्शा इत्यादि शामिल है। डीसी ने बताया कि इच्छुक महिलाएं आवेदन करने व इस बारे में अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01274-225294 या सती कॉलनी, गली न. 3, नजदीक नाई वाली चौक, रेवाड़ी स्थित हरियाणा महिला विकास निगम कार्यालय से संपर्क कर सकती हैं।

कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक होंगे कंप्यूटराइज्ड

रेवाड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केकुशल नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में भारत सरकार ने देश की सभी सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण के लिए अनेक कदम उठाएं हैं। इसी कड़ी में केंद्र सरकार ने कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) को कंप्यूटरीकरण के माध्यम से सशक्त करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। देश की सभी प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) के कंप्यूटरीकरण की योजना की तर्ज पर एक राष्ट्रीय एकीकृत सॉफ्टवेयर के माध्यम से कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) की सभी इकाइयों का कंप्यूटरीकरण किया जाएगा।

डीसी राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के सफल संचालन के लिए लिए एक केन्द्रीय प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट का गठन किया जाएगा जो योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए कार्य करेगी। योजना का कुल अनुमानित व्यय 225.09 करोड़ होगा। इस योजना के क्रियान्वयन से नागरिकों को सहकारिता विभाग तथा कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों के कार्यालयों द्वारा मिलने वाली सेवाएं त्वरित रूप से प्राप्त हो सकेंगी, साथ ही इन कार्यालयों के कार्यों में पारदर्शिता और समरूपता भी आएगी जिससे कार्य कुशलता बढ़ेगी और समय की बचत होगी।

बेरली कलां में भव्य रामलीला का मंचन 14 से

रेवाड़ी। जिले के गांव बेरली कला में आगामी 14 अक्टूबर से रामलीला का मंचन किया जाएगा। यह रामलीला आजादी के पहले से होती आ रही है। इस परंपरा को स्थानीय कलाकार आज भी आगे बढ़ा रहे हैं।

क्लब के प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि ब्लॉक समिति जाटुसाना के अध्यक्ष प्रवीण लीला में रावण का रोल प्ले करते हैं। सर छोटू लाल रामलीला क्लब द्वारा आयोजित रामलीला में एमबीबीएस डॉक्टर अमित कुमार अंगद का रोल करते हैं। कई सैनिक विशेष तौर पर इन दिनों छुट्टी लेकर अपने-अपने रोल को निभाने आतें हैं। दशहरा के दिन सवा सौ फीट ऊंचा रावण का पुतला आकर्षण केंद्र बना रहता है।

70 ग्राम गांजा सहित एक दबोचा

रेवाड़ी। थाना रामपुरा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव सुन्दरोज निवासी समीर पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 70 ग्राम नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है।

जांचकर्ता ने बताया गस्त के दौरान सूचना मिली कि समीर पुत्र मुकेश कुमार निवासी सुन्दरोज नशीला प्रदार्थ गांजा बेचने का काम करता है, जो आज सुन्दरोज जोहड के पास खडा होकर गांजा बेच रहा है। सूचना के बाद तुरन्त रैडिंग पार्टी तैयार कर बताई हुए स्थान पर पहुंचकर आरोपी को काबू कर लिया। जिसकी पहचान अंकित समीर के रूप में हुई।

घर का ताला तोड़ लाखों के जेवरात चोरी

रेवाड़ी। जिले के गांव डाबड़ी में एक सूने मकान में सेंध लगाकर चोर लाखों के जेवरात तथा 25 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार जिले के गांव डाबडी निवासी रवि एक प्राइवेट कंपनी में कार्य करता है। रवि ने बताया कि उसकी मां पिछले करीब एक माह से राजस्थान के झुंझुनु स्थित सूरजगढ़ में किसी कार्य से गई हुई थी। एक सप्ताह पूर्व उसकी पत्नी विजयलक्ष्मी भी सूरजगढ़ चली गई। मंगलवार को वह मकान को ताला लगाकर सूरजगढ़ चला गया। बुधवार दोपहर जब वह अपने घर वापस आया तो मकान पर लगा ताला टूटा हुआ मिला। जब अंद जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। कमरे में रखी संदूक का ताला भी टूटा मिला। जब सामान की जांच की गई तो संदूक में रखी एक सोने क चेन, चार सोने की अंगूठी, एक सोने के टॉप्स, एक जोड़ी चांदी की पाजेब तथा 25 हजार रुपये की नकदी गायब मिली। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरु कर दी है।

झाड़ियों में पांच वर्षीय बच्ची का शव मिला

रेवाड़ी। कस्बा बावल के स्टेडियम के सामने कच्चे रास्ते पर बनी झाडियों से पुलिस ने एक पांच वर्षीय बच्ची का गली-सड़ी अवस्था में शव बरामद किया है। बच्ची का शव मिलने की सूचना के बाद आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन, डीएसपी संजीव बल्हारा के अलावा सीआईए की टीमों ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाएं। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार बुधवार सायं करीब पांच बजे बावल थाना पुलिस को सूचना मिली कि बावल स्टेडियम के सामने कच्चे रास्ते पर बनी झाडियों से तेज दुर्गंध आ रही है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा तो झाड़ियों में गली-सड़ी अवस्था में एक बच्ची का शव पड़ा हुआ है। बच्ची की उम्र करीब पांच वर्ष बताई जा रही है। सूचना के बाद डीएसपी संजीव बल्हारा मौके पर पहुंचे तथा उसके बाद पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन भी वहां पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों ने आसपास के लोगों से मामले को लेकर पूछताछ करते हुए जानकारियां भी जुटाई। प्रथम दृष्टया बच्ची की हत्या कर शव यहां फेंके जाने का मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल भिजवाने के उपरांत मामले की जांच शुरु कर दी।

पुलिस के अनुसार बच्ची का शव करीब 15 से 20 दिन पुराना लग रहा है। पुलिस ने एसएफएल की टीम को भी मौके पर बुलाया। पुलिस ने आसपास के थानों के अलावा दूसरे जिलों में लापता हुई बच्चों की गुमशुदगी रिपोर्ट संबंधी जानकारी भी जुटानी शुरु कर दी।

पांचो राज्यों में काबिज होगी कांग्रेस : कैप्टन

पूर्व मंत्री ने रेवाड़ी के अजय नगर तथा बावल के गांव अकबरपुर, जैतड़ावास में जनसभाओं को संबोधित कर सुनी समस्याएं

हिंदू-मुस्लिम और भारत-पाकिस्तान के नाम पर जनता को बरगलाकर ही वोट लेने का काम बीजेपी करती है

भरोसा मित्र, ब्यूरो

रेवाड़ी, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि अगले महीने होने वाले पांच राज्यों के चुनाव में कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत से अपनी सरकार बनाएगी और भाजपा का पांचों राज्यों से सूपड़ा साफ होगा। क्योंकि भाजपा के पास कोई मुद्दे नहीं है। हिंदू-मुस्लिम और भारत-पाकिस्तान के नाम पर जनता को बरगलाकर ही वोट लेने का काम बीजेपी करती है। लेकिन अब जनता इनकी सच्चाई से वाकिफ हो चुकी है और सत्ता से बेदखल करना चाहती है।

पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने रेवाड़ी शहर के अजय नगर तथा बावल विधानसभा के गाँव अकबरपुर, जैतडावास, साबन व टांकड़ी में आयोजित सभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनी। पूर्व मंत्री ने कहा पिछले 10 साल में भाजपा ने रेवाड़ी व बावल को कोई बड़ी सौगात नहीं दी, वही पिछले 8 साल से एम्स के नाम पर भाजपा सरकार राजनीति कर रही है। 8 साल में एम्स का शिलान्यास नहीं कर सके तो अब सरकार के बाकी बचे 6 महीनो में तो जमीन की बाउंड्री भी नहीं होगी। इतना जरूर है कांग्रेस सरकार बनने पर पहली कलम से एम्स का कार्य शुरू होगा और बावल विधानसभा के सभी कार्य पूरे होंगे।

कैप्टन अजय यादव ने कहा कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर सभी प्रदेशों में जातिगत जनगणना होगी और सभी को उनकी सामाजिक और आर्थिक आधार पर उनका अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा किसानों का बाजरा नहीं खरीदा जा रहा है। गेट पास, टोकन सिस्टम और पोर्टल से किसान खासे परेशान हैं। 2022 में किसानों की आमदनी दोगुनी करने वाली भाजपा सरकार के राज में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य भी नहीं मिल रहा। युवाओं को रोजगार देने में पूर्ण रूप से विफल साबित रही है भाजपा सरकार। एक के बाद एक पेपर कैंसिल और वही सभी भर्तीयां रद्द करने का रिकॉर्ड भाजपा ने अपने नाम कर लिया है।

पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा रेवाड़ी शहर में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। सीवरेज का पानी सडक़ों पर बह रहा है। सडक़े टूटी पड़ी है। पीने का पानी समय पर नहीं मिल रहा। बेसहारा पशु घूम रहे हैं। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। परिवार पहचान पत्र और प्रॉपर्टी आईडी ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है तो वहीं नगर परिषद में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। भाजपा के शासनकाल से सभी वर्ग त्राहि त्राहि कर रहा है और कांग्रेस पार्टी की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहा है।

समारोह में मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

भरोसा मित्र, ब्यूरो

रेवाड़ी,जिले के गांव मोतला कला में आयुष्यमान परिवार की तरफ से कैप्टन कीर्तिवीर द्वारा राजकीय विद्यालय सीनियर स्कूल में बेटियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि स्वामी समर्पणानंद आश्रम दडौली व रोडवेज कर्मचारी यूनियन के पूर्व प्रांतीय उपप्रधान जयपाल डहीना, बहादुर सिंह खोला, हरिन्द्र यादव, स्कूल प्राचार्य डा. नरेन्द्र यादव, पूर्व पार्षद अमित यादव, राकेश यादव, गांव के सरपंच व स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद थे।

मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि स्वामी समर्पणानंद ने कहा कि जिस समाज में बेटियों को सम्मान दिया जाता है वो समाज व परिवार हमेशा फलता फूलता है। समाज में धनवान वही है जो धन को समाज हित में खर्च करता है। धन कमाना बुरा नही है, मगर जरूरत से अधिक धन शरीर में अहंकार को बढ़ावा देता है। इसलिए समाजहित में जिस तरह कैप्टन वीर कुमार यादव हर वर्ष गरीब व जरूरतमंद बेटियों को स्कूल से किताबे व शिक्षा से संबंधित जरूरी सामान देकर बेटियों का उत्साह बढाते है, वो समाज में एक अच्छा संदेश है। समाज में अच्छाई व बुराई चलती रहती है, मगर एक अच्छी व सार्थक पहल है बेटियों को इस तरह से सम्मानित किया जाएगा तो खेल व शिक्षा में हमारी बेटियां अग्रणी भूमिका निभाएगी। बेटियों के बिना ना परिवार आगे बढता है ना समाज। कार्यक्रम के आयोजक कैप्टन वीर कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

पार्टी को मां समझकर सेवा करें कार्यकर्ता : सत्यदेव

भरोसा मित्र, ब्यूरो

रेवाड़ी,जिला भाजपा कार्यालय में पार्टी के नवनियुक्त जिला महामंत्री सत्यदेव यादव का सम्मान समारोह जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह में कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, हरियाणा पर्यटन निगम के चेयरमैन अरविंद यादव, परिवार पहचान पत्र के कॉर्डिनेटर सतीश खोला, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रत्नेश बंसल, सिंहराम महलावत, जिला उपाध्यक्ष सुनील ग्रोवर, अमित यादव, अजय कांटीवाल, ईश्वर चनेजा, यशवंत भारद्वाज, अशोक मुदगिल समेत अनेकों पदाधिकारियों ने नवनियुक्त जिला महामंत्री सत्यदेव यादव का फूलमालाओं, पगड़ी व पटका पहनाकर सम्मान किया। जिला महामंत्री सत्यदेव यादव ने अपने संबोधन में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्या सुधा यादव, जिला प्रभारी मुकेश गौड़, सहकारिता मंत्री डा बनवारी लाल, कोसली विधायक लक्ष्मण यादव, पर्यटन निगम के चेयरमैन अरविंद यादव, जिलाध्यक्ष श्री प्रीतम चौहान सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसका यथाशक्ति यथासमर्थ एवं पूरे दिल से निर्वहन करुंगा और पार्टी के दिशा-निर्देशानुसार बिना किसी भेदभाव के कार्य करूंगा। जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूरे देश और पूरे विश्व की सबसे बड़ी कार्यकर्ताओं की पार्टी हैं। इसमें हर छोटे से छोटे कार्यकर्ता का ध्यान रखा जाता है। कोसली विधायक लक्ष्मण यादव ने कहा की पार्टी में संगठन को मजबूत करना हर कार्यकर्ता का दायित्व है और हर कार्यकर्ता को ईमानदारी से और कर्तव्यनिष्ठा से पार्टी के कार्यों को करना चाहिए। पर्यटन निगम के चेयरमैन डॉ अरविंद यादव कहा कि अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा से पालन करना ही एक कार्यकर्ता का धर्म है। सभी कार्यकर्ता पार्टी को अपनी मां मानते हुए सर्वोपरि पार्टी को रखें और पूरी निष्ठा के कार्य करें। इस मौके पर जिला सचिव डॉक्टर सुभाष यादव, कुलदीप चौहान, ऊषा आर्य, मंडल अध्यक्ष दीपक मंगला, अमरजीत, राजपाल, मनोज सैनी, बाबूलाल छावड़ी, गौरव शर्मा, कृपा जैमिनी, सुमन चौहान, नीरू भारद्वाज, दीपा भारद्वाज, किरण शर्मा, सीमा, सुरेश खरखड़ा, हिमांशु भारद्वाज समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

छात्राओं को पर्सनल हाइजीन की समस्याओं व उनसे बचाव की दी जानकारी

छात्राओं को बांटे सैनेटरी पैड

भरोसा मित्र, ब्यूरो

रेवाड़ी, रोटरी क्लब रेवाड़ी रॉयल्स ने अपने डिजीज प्रिवेंशन एन्ड ट्रीटमेंट जागरूकता अभियान के अंतर्गत पर्सनल हेल्थ हाइजीन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बावल के राजकीय कन्या महाविद्यालय प्रांगण में किया।

कॉलेज की प्रभारी डॉ ममता गुप्ता और राजेश बंसल ने क्लब के प्रधान मनोज यादव व अन्य सदस्यों का स्वागत किया। क्लब प्रधान मनोज यादव ने छात्राओं को रोटरी क्लब के इतिहास व क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक हित के कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने छात्राओं को फास्टफूड खाने से होने वाले दुष्प्रभाव से अवगत कराते हुए स्वास्थ्यवर्धक देसी खानपान अपनाने के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने अपने खानपान में हरी सब्जियों को शामिल करने के फायदे बताए। क्लब के जनसम्पर्क अधिकारी यादके सुगन्ध ने बताया कि बावल सिविल अस्पताल की महिला रोग विशेषज्ञ डॉ वेद ज्योति ने कॉलेज की छात्राओं को पर्सनल हाइजीन की समस्याओं के बारे में अवगत कराया एवं उनसे बचाव के उपाए सुझाये। उन्होंने छात्राओं को पीरियड्स के दौरान होने वाली समस्याओं व उनके समाधानों से अवगत कराया व छात्राओं की समस्याओं और जिज्ञासाओं का समाधान भी कराया।

इस अवसर पर क्लब द्वारा 300 छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन बांटे गए। क्लब द्वारा कॉलेज के स्टाफ का पौधे देकर आभार व्यक्त किया गया। कालेज प्रभारी डॉ ममता गुप्ता ने क्लब का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते रहने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर क्लब के सचिव चैतन्य रूपेला, मेघा रुपेला, ऋषु आहुजा, कॉलेज के डॉ दिलीप कुमार, रेखा देवी, महेश कुमार, अनिता देवी, डॉ वंदना आदि भी उपस्थित थे।

शाह के कार्यक्रम में सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए विधायक लक्ष्मण यादव

भरोसा मित्र, ब्यूरो

रेवाड़ी, रोहतक में बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय अस्थल बोहर में ब्रह्मलीन महंत चांदनाथ योगी की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम तथा बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समारोह में क्षेत्र के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने शिरकत की।

कोसली क्षेत्र से वाहनों के लंबे काफिले तथा सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रवाना हुए कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि देश के गृह मंत्री अमित शाह एक महान विभूति ब्रह्मलीन महंत चांदनाथ योगी की प्रतिमा का अनावरण करने तथा उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए रोहतक पहुंच रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री का सानिध्य व मार्गदर्शन मिलना हम सभी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि बाबा मस्तनाथ विवि अस्थल बोहर के मठाधीश महंत बालकनाथ जैसे संत का कार्यक्षेत्र व उनका अनुभव सभी को बेहतर कार्य करने के लिए सदैव प्रेरित करता रहा है।

प्रदेश में बने 263451 नए बीपीएल कार्ड : खोला

भरोसा मित्र, ब्यूरो

रेवाड़ी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अंत्योदय योजनाएं से लाखों परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है। पीपीपी के माध्यम से सैकड़ो योजनाओं का भी डीबीटी से सीधा लाभ मिलता है। अक्टूबर महीने में पीपीपी के माध्यम से प्रदेश में 263451 नए बीपीएल कार्ड बने। पीपीपी कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला के कार्यालय पर लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का सतीश खोला के माध्यम से आभार पत्र भेजा

पीपीपी कोऑर्डिनेटर डॉण् सतीश खोला ने बताया कि अक्टूबर महीने में पूरे प्रदेश में 263451 नए बीपीएल कार्ड बने हैं। जिसमें अंबाला में 9755, भिवानी में 11412, चरखी दादरी में 4362, फरीदाबाद में 50321, फतेहाबाद में 8528, गुरुग्राम में 22643, हिसार में 17056, झज्जर में 11444, जींद में 11373, कैथल में 8142, करनाल में 10899, कुरुक्षेत्र में 8113, महेंद्रगढ़ में 8210, मेवात में 7026, पलवल में 8334, पंचकूला में 6062, पानीपत में 9546, रेवाड़ी में 8677, रोहतक में 8899, सिरसा में 9648, सोनीपत में 12305 तथा यमुनानगर में 10146 सहित कुल 263451 कार्ड कार्ड बने। खोला ने कहा की दो महीने में दो लाख से ज्यादा परिवारों को लाभ मिला ये तो एक योजना है। चिरायु कार्ड योजना से भी इन्ही दो महीने में हजारों परिवार लाभांवित हुए है। अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना हो मनोहर सरकार का लक्ष्य है आने वाले समय में दर्जनों और योजनाएं भी आ रही है जिससे सभी वर्ग लाभांवित होंगे।

चेतावनी अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने की शिरकत

महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : सहारन

भरोसा मित्र, ब्यूरो

रेवाड़ी,अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर राज स्कूल में महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्या अतिथी पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने कहा कि किसी भी समाज के समुचित विकास के लिए महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है। इसलिए हमारा दायित्व है की महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। पूर्व में रुढीवादी परम्पराओं के दबाव में महिलाए आगे नही बढ़ पाती थी, लेकिन आधुनिक युग में हर वर्ग में चाहे बात खेल की हो, सिनेमा की हो, राजनीति की हो या प्रशासनिक सेवा की हो, महिलाए आज पुरुषों के साथ कंधे से कन्धा मिलकर देश व समाज को गोरवान्वित कर रही हैं। इसके बावजूद आज भी बहुत से इलाको में महिलाओ को रुढीवादी परम्पराओं की आड़ में आगे नही बढ़ेने दिया जाता। जिस पर समाज को अपनी सोच बदलनी होगी। उन्होंने कहा की महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए हमे गाँव-गाँव गली-गली जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना होगा, उन्हें शिक्षित करना होगा। उन्होंने कहा की महिलाओं की सुरक्षा रेवाड़ी पुलिस की पहली प्राथमिकता है तथा महिलाओं पर अत्याचार करने वालो को किसी भी सूरत में बक्शा नही जाएगा। उन्होंने महिलाओ से आह्वान किया कि वह किसी भी तरह का अत्याचार अथवा कोई भी अपराध सहन नहीं करें। पुलिस की तरफ से उनको त्वरित मदद मिलेगी और किसी भी समय वह पुलिस से संपर्क कर सकती है। इसके लिए डायल.112 के साथ दुर्गा शक्ति एप का भी इस्तेमाल कर सकती है। इस अवसर पर छात्राओं ने भी महिला सशक्तिकरण पर नाटक के साथ अन्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर पुलिस की तरफ से उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी।

इस अवसर पर महिला उप निरीशक सर्वेष्ठा सिंह, राजेंदर सैनी, नवीन सैनी, अनिल मखिजा, जिला बार एसोसिएशन के प्रधान सौरव राव, रणजीत यादव, गुंजन गोयल, डॉ कविता गुप्ता समेत समस्त स्कूल स्टाफ व बच्चे मौजूद थे।

शिविर में 29 लोगों ने किया रक्तदान

रेवाड़ी। रोटरी क्लब ऑफ रेवाडी सिटी की ओर से ह्युमन हैल्प वैलफेयर ट्रस्ट व एएसआई रेवाड़ी के सहयोग से रेलवे रोड़ स्थित रेस्तरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 29 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर परिषद चेयरमैन पूनम यादव ने कहा कि रक्तदान महादान हैं। रक्तदान से किसी की कीमती जिंदगी बचाई जा सकती है। एडवोकेट बलजीत यादव पूर्व पार्षद ने भी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने भी शिरकत की तथा रोटरी क्लब रेवाड़ी की सराहना करते हुए रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया।रोटरी क्लब के प्रधान डा. करतार सिंह यादव ने सभी रक्तदाताओं का आभार जताया। इस मौके पर सुभाष सैनी, पवन गर्ग, चंद्रशेखर अरोड़ा, सुनील अरोड़ा, डा. संजय अग्रवाल, डा. गजेंद्र यादव, मनोज कालरा आदि ने भाग लिया। रेलवे रोड़ एसोसिएशन के प्रधान मनीष चराया व अन्य पदाधिकारियों ने भी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। क्लब सचिव सुनील भारद्वाज ने सभी का आभार जताया। रामफल सरपंच कुंडल ने अपने साथियों के साथ कैंप में पहुंचकर रक्तदान किया।

खबर फटाफट

14 अक्टूबर को जांगिड़ ब्राह्मण समाज की बैठक

मंडी अटेली। आने वाली 14 तारीख को अटेली खंड के जांगिड़ ब्राह्मण समाज की बैठक जांगिड़ धर्मशाला में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जांगिड़ ब्राह्मण महासभा दिल्ली के शिवचंद्र प्रधान की अध्यक्षता में बैठक की जाएगी। इस बैठक के बारे में जानकारी देते हुए प्रधान शिवचंद्र ने बताया बैठक का समय सुबह 10 बजे निश्चित किया गया है। पिछले जो 12 साल से रुके हुए कार्यों को गति देने के लिए वह समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ और संगठन को खड़ा करने के लिए यह मीटिंग की जाएगी। इस मीटिंग में समाज के अधिक से अधिक लोग भाग लेकर अपनी सहभागिता निभाएं वह समाज को उन्नति व विकास के रास्ते पर ले जाने में सहयोग दें।

आबादी घटने के बाद भी वार्डों की संख्या बढ़ी

मंडी अटेली। नगरपालिका अटेली में नई वार्ड बंदी में 12 वार्ड बना दिए गए है। अटेली में 12 वार्डों की जनसंख्या 2021 के अनुसार 7246 है। इससे पहले शहर में 11 वार्ड की जनसंख्या 2011 के अनुसार 7619 थी। दस साल में जहां शहर की जनसंख्या बढनी थी, वही पहले से कम आबादी दिखाई जा रही है। इसको सुनकर शहर के नागरिक हैरान है। लोगों के अनुसार शहर की जनसंख्या दोगुनी होनी चाहिए वही शहर की जनसंख्या कम हो गई। शहर में 5176 मतदाता है।

प्रॉपर्टी आईडी 4516 है। जबकि विधानसभा की वोटर सूची में 5848 के करीब शहर में मतदाता है। 12 वार्ड के लिए मतदाता सूचि तैयार होनी है। नगर पार्षद का आरक्षण का ड्रा 17 अक्टूबर को होना है। ड्रा 12 वार्ड के होंगे। इनमें से दो एससी व दो बीसी के वार्ड होंगे। पहले जहां ओड नंबर के वार्ड थे अब ईवन नंबर के वार्ड बना दिए गए है। शहर में 6 महिला व 6 पुरुष की सीट आरक्षित की गई है। इस बार जनसंख्या परिवार पहचान पत्र के अनुसार ली गई है। परिवार पहचान पत्र के अनुसार ही बीसी व एससी की सीट आरक्षित की जानी है। बताया जा रहा है कि जनसंख्या कम दिखाई जा रही है। इसके पीछे परिवार पहचान पत्र कई लोगों द्वारा अब भी न बनाये जाने, इसके अलावा शहर में रहते हुए गांव के पता पर परिवार पहचान पत्र बनवाना रहा है। इस संबंध में नगरपालिका सचिव अनिल कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र के अनुसार 2021 की जनसंख्या मान कर वार्ड बनाये गये है। 2011 में सर्वे के अनुसार जनसंख्या तय की गई थी।

एग्रीमेंट होने के बाद दूसरे को भूमि देकर की धोखाधड़ी, मामला दर्ज

मंडी अटेली। नारनौल के एक व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने अटेली के रहने वाले महेश कुमार पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। नारनौल का रहने वाला सूबेसिंह ने अटेली के रहने वाले महेश से खोड़ में स्थित एक भूमि का 18 मरला दो सरसाई का सौदा बय 11 सितम्बर 2020 को 23 लाख 50 हजार रुपये में बहक मन वादी किया था। सौदा बय के पेटे महेश ने 5 लाख रुपये नकद 2 जुलाई 2019 को, 4 जुलाई 2019 को 8 लाख रुपये, 9 जुलाई 2019 को दो लाख, 2 अगस्त 2019 को चार लाख, 9 अगस्त 2019 को दस हजार रुपये नगद लिए इस तरह कुल 23 लाख दस हजार रुपये मेरे से लिए और मेरे से बयनामा करवाने का आश्वान देता रहा और भूमि किसी अन्य को दे दी। इस प्रकार मेरे साथ धोखा किया।

पावर कारपोरेशन एससी यूनियन ने की बिजली निगम के एसई से मुलाकात

नारनौल। एसई राजकुमार जाजोरिया को गुलदस्ता भेंट करते पॉवर कॉरपोरेशन एससी यूनियन के पदाधिकारी।

नारनौल। हरियाणा पॉवर कॉरपोरेशन अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारीगण राज्य प्रधान रमेश तंवर की अगुवाई एवं राजेंद्र सिंह कपूरी की अध्यक्षता में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम नारनौल के अधीक्षक अभियंता राजकुमार जाजोरिया से भेंट की। इस अवसर पर राज्य वित्त सचिव राजेंद्र सिंह गोठवाल कपूरी द्वारा फूलों का गुलदस्ता अधीक्षक अभियंता को भेंट किया गया। अधीक्षक अभियंता राजकुमार जाजोरिया ने गर्म जोशी से यूनियन के सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया और कर्मचारियों के रूके हुए विभिन्न कामों पर भी चर्चा की। अधीक्षक अभियंता यूनियन को आश्वासन दिया कि कर्मचारियों के सभी कार्य समय पर पूरे किए जाएंगे। किसी भी कर्मचारी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सभी कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखा जाएगा। यह मीटिंग बड़े ही सौहार्दपूर्ण माहौल में पूर्ण हुई। इस अवसर पर वित्त सचिव कपूरी के साथ जयसिंह गोठवाल, सर्कल सचिव महेश गोमला, सर्कल ऑर्गनाइजर सुरेंद्र कुमार वर्मा, यूनिट प्रधान वेदप्रकाश जिलोहा, यूनिट सहसचिव राजेश कुमार, प्रेस सचिव दिलीप सिंह व यूनिट ऑर्गनाइजर बाबूलाल सिलारपुर आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

इंटरनेशनल गर्ल्स चाइल्ड डे पर साइकिल रैली निकाली

मंडी अटेली। महिला एवं बाल विकास विभाग की और से बुधवार को सलीमपुर की आंगनबाड़ी वर्कर मनीषा देवी की देखरेख में इंटरनेशनल गर्ल्स चाइल्ड डे पर साइकिल रैली निकाली गई। इसमें आंगनवाड़ी में आने वाले लाभार्थी महिलाओं व बच्चों को भोजन से मिलने वाले विभिन्न प्रकार के तत्वों प्रोटीन, विटामिन, वसा इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर आंगनबाड़ी वर्कर मनीषा देवी ने मोटे अनाज जैसे ज्वार बाजरा, मक्का, जौ, चना, गुड़, महुआ आदि को स्वयं खाने तथा परिवार में बच्चों और अन्य को समय-समय पर खिलाने का सुझाव दिया गया। पोषण के तहत किशोरी बालिका, गर्भवती महिलाओं और धात्री-माताओं को जागरूक किया गया है। इस साइकिल रैली के तहत स्वच्छता का संदेश भी दिया तथा इस दौरान बच्चों की उंचाई, किशोरी बालिका और गर्भवती महिलाओं के वजन की जांच की गई है। अंत में कन्या भ्रूण हत्या व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान पर भी जोर दिया। इस मौके पर गांव की सरपंच आरती यादव, आंगनबाड़ी वर्कर सावित्री देवी, लक्ष्मी, संतोष, लीलावती इत्यादि मौजूद थी।

विश्व बालिका दिवस पर खास : डीसी ने दी जनता को बधाई

लड़कियां हर क्षेत्र में गाड़ रही झंडे : मोनिका

बेटियों को आगे बढ़ने का मौका दें, अगर बेटा अंश है, तो बेटी वंश है

इंद्रजीत, भरोसा मित्र

नारनौल। उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने नागरिकों को विश्व बालिका दिवस की बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि बेटियों को आगे बढने का मौका दें। उन्होंने कहा कि अगर बेटा अंश है, तो बेटी वंश है। अगर बेटा आन है, तो बेटी शान है। हमें इन दोनों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेटियों को आगे बढने का मौका देने के लिए हरियाणा सरकार ने विभिन्न योजनाएं चला रखी हैं। इन योजनाओं का मकसद है कि हर बेटी को पढने लिखने व आगे बढने का समान अवसर मिले। साथ ही सरकार लगातार नागरिकों को लिंगानुपात के प्रति सेंसिटिव भी कर रही है।

उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लाडली पेंशन योजना के तहत अब लाभार्थी को 2750 रुपए प्रति माह दिए जाते हैं। इसी प्रकार आपकी बेटी हमारी बेटी योजना के तहत बच्ची के जन्म पर 21 हजार रुपए की आर्थिक सहायता भी दी जाती है। यह राशि सरकार की तरफ से एलआईसी में जमा कराई जाती है।

सरकार द्वारा स्नातक तक सभी कॉलेजों में लड़कियों की फीस माफ

उपायुक्त ने कहा कि बेटियों को पढ़ाई में किसी प्रकार का व्यवधान ना आए इसके लिए हरियाणा सरकार ने स्नातक तक सभी कॉलेजों में लड़कियों की फीस माफ की हुई है। इसके अलावा शिक्षण संस्थानों तक पहुंचाने के लिए लड़कियों को फ्री यातायात सुविधा भी दी जाती है।

उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे लडक़ा व लडक़ी में किसी प्रकार का भेदभाव ना करें। दोनों को समान अवसर दिए जाएं। उन्होंने कहा कि लड़कियां आज पढ़ाई से लेकर खेल तक हर क्षेत्र में झंडा गाड़ रही है। यह हमारे लिए गौरवान्वित करने वाला पल है।

उपायुक्त ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में लिंगानुपात को लेकर जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पिछले दिनों सभागार भवन में 50 सबसे खराब लिंगानुपात वाले जनप्रतिनिधियों का एक सम्मेलन बुलाया गया था। भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इस तरह के कार्यक्रम का मुख्य मकसद यही है कि आम नागरिक इस मुद्दे को गंभीरता से सोचे तथा सरकार के साथ-साथ समाज भी बेटियों को आगे बढने का अधिक से अधिक अवसर दे। साथ ही उनकी सफलता पर उन्हें प्रोत्साहित भी करें।

डायल 112 की गाड़ी ने दुर्घटना में घायल व्यक्ति को पहुंचाया अस्पताल

नारनौल । हरियाणा पुलिस की डायल 112 की ईआरवी गाडिय़ों पर तैनात टीमें दुर्घटनाओं में काफी घायलों की जान बचा चुकी है। डायल 112 की पुलिस टीम ने कल नारनौल क्षेत्र में एक व्यक्ति की जान बचाई, जिसको अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। हरियाणा पुलिस के सेवा सुरक्षा सहयोग के नारे को चरितार्थ करते हुए कल नारनौल क्षेत्र में सूचना मिलने के बाद डायल 112 की गाड़ी इआरवी 0466 पर तैनात ईएएसआई रमेश, कांस्टेबल राकेश और एसपीओ राधेश्याम मौके पर पहुंचे और दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर हॉस्पिटल पहुंचाकर उपचार करवाया। हादसा सुराना गांव के पास फ्लाईओवर पर हुआ था, टीम ने डायल 112 की गाड़ी में डालकर दुर्घटना में घायल को हॉस्पिटल पहुंचाकर उपचार करवाया, जिससे व्यक्ति की जान बच गई।

साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

नारनौल की पुलिस टीम ने बुधवार को पटीकरा यदुवंशी स्कूल में पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया

इंद्रजीत, भरोसा मित्र

नारनौल। थाना सदर नारनौल की पुलिस टीम ने बुधवार को पटीकरा यदुवंशी स्कूल में पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया। फैजाबाद चौकी से एएसआई प्रीतम और उनकी टीम ने पुलिस की पाठशाला में विद्यार्थियों को विभिन्न जानकारियां दीं। क्षेत्र के आमजन व युवाओं को साइबर क्राइम व ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए 'पुलिस की पाठशाला' शुरू की हुई है।

एएसआई प्रीतम ने कहा कि हमें ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए और 18 वर्ष की उम्र पूरी करने से पहले वाहन नहीं चलाने चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन विद्यार्थियों और समाज के लिए बेहद जरूरी हैं। ऐसे आयोजन से आमजन व विद्यार्थियों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता आती है।

उन्होंने कहा कि हम वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों की पालना करके हादसों में कमी ला सकते हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादातर सडक़ हादसों का कारण नशा और तेज रफ्तार बनती है। हमारी एक छोटी सी लापरवाही किसी परिवार को जीवन भर का दर्द दे सकती है। इसलिए हमेशा ट्रैफिक नियमों के अनुसार ही वाहन चलाएं। पुलिस की पाठशाला में एएसआई प्रीतम ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध से जुड़ी अहम जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि हमेशा अपने सोशल मीडिया अकाउंट का पासवर्ड मुश्किल लगाएं, ज्यादा अंकों का पास वर्ड सबसे सुरक्षित है। इसके अलावा मोबाइल पर आए अनजान लिंक पर क्लिक न करें और अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट भी स्वीकार न करें। उन्होंने कहा कि जागरूकता के जरिए ही हम साइबर अपराधियों का शिकार होने से बच सकते हैं। लॉटरी निकल आई है या कोई इनाम जीत गए हैं, इस तरह की आने वाली कॉल पर बिल्कुल भरोसा न करें। इससे ठगी के शिकार हो सकते हैं। साइबर अपराध होने पर साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत करें और एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। इसके अलावा साइबर क्राइम थाना या अपने संबंधित थाना में भी शिकायत दे सकते हैं।

मनरेगा मजदूरों की मांग मांगे सरकार

मनरेगा मजदूरों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त को सौंपा

इंद्रजीत, भरोसा मित्र

नारनौल। मनरेगा मजदूर यूनियन संबंधित एआईयूटीयूसी के जिला प्रधान मास्टर सुबे सिंह, जिला सचिव छजूराम रावत ने आज मनरेगा मजदूरों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि मनरेगा के तहत जिला भर में गांव-गांव में मनरेगा के तहत गांव के ग्रामीणों को काम दिया जाए, जिससे गांव में ही गांव के गरीबों को रोजगार मिल सके और गांवों से शहरों की ओर पलायन रोका जा सके, गांवों में सभी जल संरक्षण कार्य, जोहडों की खुदाई, कच्चे मिट्टी खुदाई कार्य सहित मनरेगा की परिधि में आने वाले सभी कार्य मनरेगा के तहत करवाए जाए, मनरेगा मजदूरों को साल में 200 दिन काम और 600 रुपए दिहाड़ी प्रति दिन की जाए। मनरेगा बजट में कटौती नहीं की जाए, मनरेगा मजदूरों को केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाए, सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जोडक़र राशन, आयुष्मान योजना से जोडने, 100 गज का प्लाट, छात्रवृत्ति योजना, शगुन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडने, कार्यस्थल पर प्राथमिक चिकित्सा सामग्री, शुद्ध पेयजल, छांव सहित बुनियादी सुविधाएं दी जाए, मनरेगा मजदूरों को फावड़ा, कस्सी, परात, गेत्ती जैसे काम करने के लिए औजार दिए जाए जैसी मनरेगा मजदूरों की मांगों के समाधान की मांग की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर हेमंत कुमार व धर्मवीर भी उपस्थित थे।

पूर्व शिक्षा मंत्री ने चंडीगढ़ में उच्च स्तरीय अधिकारियों के साथ की मीटिंग

अधिकारियों ने पूर्व मंत्री से आईएमटी की योजना को चालू करने के लिए सभी बातों पर गहनता से विचार विमर्श किया और इसे जल्द ही शुरू करने का आश्वासन दिया

भरोसा मित्र

महेंद्रगढ़, हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने हरियाणा निवास चंडीगढ़ में आईएमटी खुडाना के विषय पर हरियाणा सरकार के उच्च स्तरीय अधिकारीयो के साथ मीटिंग की।

मीटिंग में राजेश खुल्लर , आई.ए.एस (मुख्य प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री हरियाणा) आनंद मोहन शरण ,आई.ए.एस (एसीएस, एच.एस.आई.डी.सी), अनिल मलिक जी, आई.ए.एस (एसीएस, पंचायत राज) व यश गर्ग जी,आई.ए.एस (एम.डी,एच. एस.आई.डी.सी) शामिल हुए। अधिकारियों ने पूर्व मंत्री से आईएमटी की योजना को चालू करने के लिए सभी बातो पर गहनता से विचार विमर्श किया और इसे जल्द ही शुरू करने का आश्वासन दिया।

पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि उनके मंत्री काल में उनके विधानसभा क्षेत्र खुडाना में आईएमटी का शिलान्यास 24 फरवरी 2019 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी ने किया था।

आईएमटी खुडाना को 1200 सौ एकड़ जमीन पर विकसित किया जाएगा। जिसके लिए 1031 एकड़ जमीन खुडाना गांव की पंचायत उपलब्ध कराएगी व बची हुई 174 एकड़ जमीन किसानों द्वारा ली जाएगी।

आईएमटी खुडाना के लिए वे मुख्यमंत्री मनोहर लाल से भी चंडीगढ़ उनके आवास पर मुलाकात कर चुके है और इस कार्य में तेजी लाने का अनुरोध किया था जिस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया था कि महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र को विकास के मामले में पिछडने नहीं दिया जाएगा। आईएमटी खुडाना के साथ साथ अन्य सभी विकास कार्यों पर सरकार की लगातार नजर बनी हुई है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने महेंद्रगढ़ के जनसवंद कार्यक्रम में भी आईएमटी खुडाना के कार्य को पुरा करने की बात कही थी। जिसके लिए वे क्षेत्र की तरफ से व उनकी तरफ से मुख्यमंत्री का बार-बार धन्यवाद करते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि आईएमटी खुडाना का कार्य पुरा हो जाने से क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

तालाबों का जीर्णोद्धार करना सरकार का लक्ष्य

हरियाणा तालाब प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष आयोजित कार्यशाला में पहुंचे

भरोसा मित्र

महेंद्रगढ़,जिला महेंद्रगढ़ में तालाबों के जीर्णोद्धार को लेकर हरियाणा तालाब प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रभाकर कुमार वर्मा ने गत दिवस हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा में विधार्थियों की एक कार्यशाला में भाग लिया। अगली कार्यशाला 18 अक्टूबर को फिर होगी। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार का लक्ष्य है कि राज्य के सभी तालाबों का जीर्णोद्धार किया जाए। इसी मकसद के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को तालाब की साफ सफाई व रखरखाव की जिम्मेदारी के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों में विद्यार्थियों का भी विशेष रोल होता है। ऐसे में विद्यार्थी अपने-अपने गांवों में इस तरह के कार्यक्रमों में हिस्सा लें।

इसी मकसद के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को तालाब की साफ सफाई व रखरखाव की जिम्मेदारी के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है

इससे पहले 2 जून, 2023 को तालाब प्राधिकरण द्वारा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पर्यावरण अध्ययन, बायोटेक, सिविल इंजीनियर और औद्योगिक अपशिष्ट जल विभाग के प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए एक कार्यशाला सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। अगली बैठक 18 अक्टूबर, 2023 को सभी समूहों और उनके संबंधित समूह प्रमुख (संकाय) के साथ आयोजित की जाएगी। इसमें सभी समूहों को विशिष्ट कार्य, प्रत्येक को 5 गांव, प्रश्नावली का सेट और समय सारिणी सौंपी जाएगी।

जिला स्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

नारनौल। स्थानीय निजामपुर मार्ग स्थित बाल भवन में जिला स्तरीय बाल महोत्सव प्रतियोगिताओं का मुख्यातिथि उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने आज शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि बाल भवन एक ऐसी संस्था है जो बच्चों को उनकी आयु रुचि एवं योग्यता के अनुसार उनकी विविध कलाओं के प्रदर्शन के लिए मंच उपलब्ध करवाती है। उन्होंने बच्चों द्वारा अपने अध्यापक में अभी भाव को द्वारा बताए गए मार्गदर्शन पर चलने के प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपनी सफलताओं से निराश नहीं होना चाहिए बल्कि असफलता से सीख लेते हुए निरंतर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में हिस्सेदारी करके अपना हुनर का बेहतर प्रदर्शन करते रहे तथा जीवन में कामयाबी प्राप्त करते रहे। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि आज की पोस्टर मेकिंग, स्केचिंग ऑन द स्पॉट,कार्ड मेकिंग, दिया/कैंडल डेकोरेशन,रंगोली, क्ले मॉडलिंग, थाली पूजन/कलश डेकोरेशन प्रतियोगिता के प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे सीधे आगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता-2023 में भाग लेंगे। सभी प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को जिला स्तरीय बाल दिवस समारोह 14 नवंबर को उपायुक्त द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

हक के लिए — अग्रसेन कल्याण बोर्ड का गठन करने की मांग को लेकर सीएम को भेजा मांग पत्र

राजस्थान की तर्ज पर हो अग्रसेन कल्याण बोर्ड का गठन

बोर्ड में वैश्य समाज के प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य लोगों को बोर्ड के सदस्यों के रूप में नियुक्त करने की मांग की है

इंद्रजीत, भरोसा मित्र

नारनौल। अग्रवाल वैश्य समाज जिला इकाई द्वारा राजस्थान सरकार की तर्ज पर हरियाणा में अग्रसेन कल्याण बोर्ड का गठन करने बारे मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम मनोज कुमार को एक ज्ञापन दिया गया।

अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष संदीप नूनीवाला के नेतृत्व में जिला महासचिव जगमोहन गर्ग, नारनौल विधानसभा अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, जिला युवा अध्यक्ष रवि गर्ग उर्फ मोनू भाटा, जिला उपाध्यक्ष सीताराम सर्राफ, जिला उपाध्यक्ष तुलसी गोयल, जिला उपाध्यक्ष सुदर्शन बंसल, उपाध्यक्ष राजकुमार चैधरी एडवोकेट, अग्रसेन कल्ब हुडडा अध्यक्ष अनिल गुप्ता एडवोकेट, जिला युवा उपाध्यक्ष संजय गोयल, संजय गर्ग (नैन्सी), अग्रवाल सभा उपाध्यक्ष सूरज अग्रवाल, हर्ष गर्ग आदि गणमान्य अग्रबन्धुओं ने कल्याण बोर्ड गठित करने की मांग की।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम भेजे गए ज्ञापन में जिला अध्यक्ष संदीप नूनीवाला ने बताया राजस्थान की गहलोत सरकार ने अग्रसेन समाज के लिए एक कल्याण बोर्ड का गठन किया है। अग्रसेन कल्याण बोर्ड अग्रसेन समाज की मौजूदा स्थिति का जायजा लेने के साथ-साथ समाज की बेहतरी के लिए सरकार को सुझाव देगी।

जिला उपाध्यक्ष सुदर्शन बंसल ने बताया कि यह बोर्ड अग्रवाल समाज की स्थिति का जायजा लेने के साथ ही प्रमाणिक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर इन वर्गों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा इनके पिछड़ेपन को दूर करने के लिए राज्य सरकार को सुझाव देगा।

नारनौल विधानसभा अध्यक्ष राजेश अग्रवाल एवं जिला युवा उपाध्यक्ष रवि गर्ग उर्फ मोनू भाटा ने बताया कि बोर्ड समाज कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं पेश करने, फिलहाल चल रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में विभिन्न विभागों से समन्वय करने, समाज के परम्परागत व्यवसाय को वर्तमान तौर-तरीकों से आगे बढ़ाने, रोजगार को बढ़ावा देने तथा समाज के शैक्षणिक एवं आर्थिक उन्नयन तथा अग्रवाल समाज के व्यापार की उन्नति में आ रही अड़चनों तथा परेशानियों को दूर करने के बारे में सुझाव देगा। जिला महासचिव जगमोहन गर्ग ने जानकारी दी कि बोर्ड सामाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों के विरुद्ध ठोस उपाय करने एवं अन्य सुझाव भी राज्य सरकार को देगा। जिला उपाध्यक्ष सीताराम सर्राफ ने बताया कि ज्ञापन में राजस्थान सरकार की तर्ज पर हरियाणा में भी जल्द से जल्द अग्रसेन कल्याण बोर्ड गठित करने एवं बोर्ड में वैश्य समाज के प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य लोगों को बोर्ड के सदस्यों के रूप में नियुक्त करने की मांग की है।

उन्नत खेती से किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बने ब्रह्म प्रकाश

इंद्रजीत, भरोसा मित्र

नारनौल। गांव ढाणा का रहने वाला किसान ब्रह्म प्रकाश उच्च तकनीक से उन्नत खेती के माध्यम से क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है। ब्रह्म प्रकाश प्लास्टिक मल्चिंग व बैम्बू स्टेकिंग से करेले व चपप्न कद्दू की खेती से लाखों रुपए की आमदनी कर रहा है।

किसान ने बताया की उनके पास कुल पांच एकड भूमि है। पहले वह पारम्परिक फसलें लगाता था। कुछ क्षेत्र में सब्जी की कास्त बिना तकनीक के करता था जिसमे आय कम थी। बागवानी विभाग के सम्पर्क में आने के बाद व विभिन्न संस्थानों में प्रशिक्षण के बाद उनका रूझान बागवानी फसलों की तरफ बढ़ा। नवीनतम तकनीक अपना कर सब्जियों की खेती करना शुरू किया व धीरे-धीरे आय बढने की वजह से उसका रुझान सब्जियों की खेती में बढ गया व कई बार विभाग द्वारा भी बागवानी में उच्च तकनीक अपनाने पर सम्मानित किया गया है।

उन्होंने बताया कि हाल ही में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित कृषि विकास मेले में भी उन्हें बागवानी में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया है। वर्तमान में उन्होंने एक एकड़ में करेले की फसल उच्च तकनीक जैसे प्लास्टिक मल्चिंग व बैम्बू स्टेकिंग के साथ लगा रखी है, जिसकी बिजाई एक अगस्त को की गई थी।

अब वर्तमान में एक क्विंटल प्रति दिन के हिसाब से पैदावार हो रही है। करेले की फसल को वह महेन्द्रगढ़ मण्डी में बेच कर अब तक 45000 रुपए की आमदनी कर चुके हैं। दिसम्बर माह तक 1.50 लाख रूपए की आमदनी खर्चा निकाल कर करने का अनुमान बताया गया है।

खबर फटाफट

डॉक्टर दिनेश गुप्ता तीसरी बार आइइएमए के प्रधान बने

फरीदाबाद। डॉक्टर दिनेश गुप्ता तीसरी बार आइइएमए के वर्ष 2024 प्रधान चुने गए, जबकि डॉ. कामना बक्शी उपप्रधान के लिये निर्विरोध तीसरी बार चुनी गई। मुख्य चुनाव अधिकारी डा. नरेश जिंदल, सहायक चुनाव अधिकारी डा. राजेश जेटली एवं डा. सुरेन्द्र दत्ता की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई। चुनाव नामांकन भरने की तिथि 8 अगस्त शाम 5 बजे तक थी। इसके बाद चुनाव नामांकन की स्क्रूटिनी 9 अगस्त शाम 5 बजे थी जबकि नामांकन वापसी 10 अक्टूर शाम 5 बजे तक थी। चुनाव अधिकारी डा. नरेश जिंदल ने चुनाव की सभी प्रतिक्रिया विधि विधान से सम्पन्न कराई। डा.दिनेश गुप्ता प्रधान एवं डा. कामना बक्शी उपप्रधान बनने है।

मजदूरों के लिए लाए जा रहे कानून का करेंगे विरोध : तनवीर

नारनौल। कांग्रेस के संगठित एवं कामगार कर्मचारी प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष तनवीर एडवोकेट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक के बाद पत्रकार वार्ता भी हुई। जिसमें एडवोकेट तनवीर ने कहा कि केंद्र सरकार मजदूरों को फिर से 12 घंटे काम करने का कानून ला रही है। जिसका वे विरोध ही नहीं करेंगे, बल्कि इसको लागू ही नहीं होने देंगे। वे बुधवार को स्थानीय महेंद्रगढ़ मार्ग स्थित पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राव नरेंद्र सिंह के आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। तनवीर सिंह ने कहा कि आज जिलाध्यक्ष समेत, कनीना, अटेली, नांगल चौधरी व महेंद्रगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष समेत अन्य 20 पदाधिकारीयों की नियुक्ति की।

इस अवसर पर तनवीर एडवोकेट ने कहा कि अंग्रेजों के समय में मजदूरों से 12 घंटे काम करवाया जाता था। जिसका बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने विरोध किया और उनके लिए 8 घंटे काम करने व बीच में 30 मिनट का ब्रेक भी देने का प्रावधान करवाया। इसके बाद यही कानून असंगठित कामगार मजदूर के लिए बना हुआ है, लेकिन अब पता चला है कि मौजूदा केंद्र सरकार असंगठित कामगार मजदूर के लिए फिर से 12 घंटे कार्य किए जाने का नया कानून ला रही है। इससे इस दबे कुचले वर्ग पर काम का भारी बोझ आ जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर सरकार इस कानून को लाएगी तो इसका न केवल विरोध किया जाएगा, बल्कि इसको लाने ही नहीं दिया जाएगा। इसके लिए चाहे दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना दिया जाए या कहीं भी प्रदर्शन किया जाए। उन्होंने कहा कि असंगठित एवं कामगार कर्माचारी के लिए कांग्रेस सरकार पूरे देश में संगठन बना रही है, ताकि इस दबे कुचले वर्ग के लोगों को कुछ फायदा हो सके।

उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा हरियाणा प्रदेश में यह संगठन खड़ा कर दिया गया है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष के अलावा जिला अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है। इस मौके पर पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है। लोग मौजूदा भाजपा सरकार से दुखी हैं तथा लोगों ने परिवर्तन का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर प्रॉपर्टी आईडी व फैमिली आईडी को पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा वहीं पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाएगी। इस मौके पर कांग्रेस के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण राव व राजेंद्र यादव भी उपस्थित रहे।

कट की मांग को लेकर 213वें दिन भी जारी रहा ग्रामीणों को धरना

कनीना। राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच ग्रामीणों द्वारा दिया जा रहा धरना बुधवार को 213वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता ओमप्रकाश ने की। संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह चेयरमैन ने बताया कि धरने को चलते 213 दिन हो गए हैं। केंद्र सरकार से आश्वासन मिला है कि जल्दी कट का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। किसानों को एक तरफ खेती की चिंता तो दूसरी तरफ राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर बाघोत-सेहलंग के बीच कट की चिंता बनी हुई है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर बाघोत-सेहलंग के बीच कट बनाने की घोषणा कर रखी है। जिसके बनने पर क्षेत्र के विकास के सभी रास्ते खुल जाएंगे। उद्योग, शिक्षा और रोजगार के नए विकल्प मिलेंगे। इस मौके पर रामकिशन, रणधीर पहलवान, हंस कुमार, धर्मपाल, दाताराम, मुंशीराम, वेद प्रकाश, सूबेदार श्रीराम, रोशन लाल,सूबेदार हेमराज, सूबे सिंह, रामकुमार, शेर सिंह, मुंशी राम, कृष्ण कुमार पंच, प्यारेलाल, नरेंद्र शास्त्री, सूबेदार सुखवीर सिंह मौजूद थे।

राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में विश्व बालिका दिवस मनाया

कनीना,। विश्व बालिका दिवस राजकीय कन्या उच्च विद्यालय कनीना में मनाया गया।

विद्यालय की छात्राओं व स्टाफ को संबोधित करते हुए विद्यालय के मुख्य अध्यापक नरेश कुमार ने कहा कि आज के युग में बेटे बेटी में कोई भेद नहीं रह गया है तथा अनेक क्षेत्रों में तो बेटियां बेटों से कहीं आगे बढक़र उपलब्धियां हासिल कर रही है देश की तीनों सशस्त्र सेनओ में भी बेटियां आगे आ रही है।

इस अवसर पर सेव द गर्ल चाइल्ड विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की 40 छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम स्थान आठवीं कक्षा की छात्रा हर्षिता ने प्राप्त किया दूसरा स्थान इसी कक्षा की छात्रा रितिका ने पाया तीसरा स्थान सातवीं कक्षा की छात्रा रितु ने प्राप्त किया। इस अवसर पर एमसी की सदस्य हेमलता, अध्यापक संदीप कुमार, बस्तीराम, सत्यवीर सिंह, कश्मीरी निर्मल, राकेश कुमार डीपी सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर मेगा हेल्थ कैंप आयोजित

नारनौल। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आज शांति हॉस्पिटल नारनौल में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप शुभारंभ सिविल सर्जन नारनौल डा. रमेश आर्य ने किया। इस कैंप में डा अलका यादव जिला नारनौल की पहली स्त्री रोग विशेषज्ञ, डा. ओपी यादव जिले के पहले आईसीयू फिजिशियन, डा. अनिल शर्मा एमडी, डा. आयुष चौधरी ऑर्थोपेडिक सर्जन, व डा. रोहताश यादव रिटायर्ड स्टेट एफबी ऑफिसर ने निशुल्क सेवाएं दी।

डा. गीता यादव लेक्चर का विशेष सहयोग रहा। कैंप में मुक्त शुगर जांच, मुक्त ईसीजी, मुक्त खून की जांच व मुक्त दवाई दी गई। सिविल सर्जन ने अपने संबोधन में कहा कि बालिका दिवस के मौके पर इस तरह का कैंप सराहनीय कार्य है। उन्होंने लिंगानुपात पर चिंता जाहिर की और सब के सहयोग की अपील की। गांव के सरपंच धर्मेंद्र एवं अन्य गणमान्य लोगों द्वारा सिविल सर्जन का माला पहनाकर स्वागत किया गया। आरआरजी यूथ फाउंडेशन व युवा साथी ग्रुप हरियाणा ,उड़ान जन सेवा ट्रस्ट ढाणी बठोठा के कार्यकर्ताओं ने अपना सराहनीय योगदान दिया व कार्यक्रम को सफल बनाया।

महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए हरियाणा महिला विकास निगम उठा रहा है कारगर कदम

टारगेट निर्धारित कर दिया जा रहा स्वयं रोजगार : डीसी

कहा : व्यक्तिगत ऋण स्कीम के जरिये बैंकों लोन दिलवाकर दी जा रही है सब्सिडी

सात्विक देव भरोसा मित्र

फरीदाबाद । डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए हरियाणा महिला विकास निगम कारगर कदम उठा रहा है। डीसी ने कहा कि टारगेट निर्धारित कर महिलाओं को स्वयं रोजगार दिया जा रहा है।

इसके अलावा स्वयं रोजगार के लिए व्यक्तिगत ऋण स्कीम के जरिये बैंको लोन दिलवा कर उन्हें सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा चलाई जा रही व्यक्तिगत ऋण स्कीम की जानकारी देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त आनन्द शर्मा ने बताया की वर्ष 2023-24 के लिए 126 महिलाओं को स्वयं रोजगार के लिए टारगेट निर्धारित किया गया है। इनमें 38 केसी, 48 सामान्य श्रेणी व 40 अनुसूचित जाति का लक्ष्य रखा गया है।

महिला विकास निगम के जिला प्रबंधक देशराज ने बताया कि महिलाओं को ऋण विभिन्न व्यवसाय के लिए जैसे सिलाई कढ़ाई, मनियारी, रेडीमेड गारमेंट्स, कपड़े की दुकान, स्टेशनरी, बुटीक, जनरल स्टोर इत्यादि के लिए शहरी व ग्रामीण पात्रों के लिए उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए निगम के जिला प्रबंधक कार्यालय हरियाणा महिला विकास निगम, छठी मंजिल, उपायुक्त कार्यालय सेक्टर-12, फरीदाबाद पर संपर्क कर सकते हैं।

महिलाओं के लिए हिदायत

जिन महिलाओं की वार्षिक आय परिवार पहचान पत्र में 1.80 लाख से अधिक न हो तथा उनके परिवार का कोई सदस्य आयकर दाता न हो। वे महिलाएं ऋण योजना के अन्तर्गत 15 लाख रुपए तक का आवेदन कर सकती है। इस पर महिला विकास निगम द्वारा 25 प्रतिशत धनराशि सब्सिडी के रूप में प्रदान की जाएगी। सब्सिडी राशि में अधिकतम 10000 रुपए सामान्य श्रेणी व 25000 रुपए अनुसूचित जाति की महिलाओं को अनुदान राशि दी जाती है। वहीं 10 प्रतिशत लाभार्थी का हिस्सा स्वयं वहन करना पड़ता

बेसहारा 2288 बच्चों का पंजीकरण कर उन्हें दी गई सरकारी सुविधाएं

डीसी विक्रम सिंह के निर्देशानुसार जिला फरीदाबाद में प्रशासन द्वारा 27 स्लम क्षेत्रों की पहचान की गई। इन क्षेत्रों की पहचान कर वहां रहने वाले बच्चों के पुनर्वास के लिए निशुल्क कैम्पों का आयोजन किया गया। डीसी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इन कैम्पों का आयोजन गत 16.08.2023 से 10.10.2023 तक किया गया। वहीं इन कैम्पों के माध्यम से बेसहारा व स्लम क्षेत्रों में रहने वाले 2288 बच्चों का पंजीकरण किया गया। जिनमें से 2266 बच्चों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें निःशुल्क उपचार भी उपलब्ध कराया गया। कैम्पों के जरिये ही 1034 बच्चों के आधार, 827 बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र, 514 बच्चों के परिवार पहचान पत्र बनाए गए। चिन्हित गरीब परिवारों के 41 बच्चों का नजदीकी सरकारी स्कूलों में दाखिला कराया गया तथा 514 बच्चों का आंगनवाड़ी सेंटरों में दाखिला कराया गया। कैम्पों के माध्यम से बच्चों व उनके माता पिता तथा अभिभावकों को जुवेनाइल जस्टिस एक्ट 2015 एवं पोस्को एक्ट 2012 के बारे में भी जानकारी भी दी गई। बता दें कि बेसहारा व स्लम क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों के पुनर्वास के लिए माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रदेश सरकार को कदम उठाने के लिए निर्देशित किया गया था। इसकी अनुपालना में फरीदाबाद जिला में डीसी श्री विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जिला प्रशासन फरीदाबाद व चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट के संयुक्त तत्वावधान में कैम्पों का आयोजन किया गया। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार कैम्पों के माध्यम से बेसहारा व स्लम क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों को बुनियादी सुविधाएं व जरूरतें मुहैय्या कराई गई। इन बच्चो को कैम्पों के माध्यम से निशुल्क मेडिकल उपचार भी उपलब्ध कराया गया। वहीं उक्त कैम्पों के माध्यम से इन बच्चों के जरूरी कागज़ात जैसे जन्म प्रमाण पत्र, फैमिली आईडी, डोमोसईल, आधार कार्ड भी बनवाएं गए। ज़िला में लेबर विभाग व चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट ने विभिन्न स्थानों पर छापे मारकर चाइल्ड लेबर के केसों की भी जांच की गई।

प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को सरोवर सेवा दिवस मनाया जाएगा सभी तालाबों पर :प्रभाकर

ग्रामीणों के साथ तालाब पर किया पौधारोपण

हरियाणा तालाब प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रभाकर कुमार वर्मा की अध्यक्षता में अलग- अलग गांव में बने सरोवर सेवा समूहों के साथ बैठक की गई

सात्विक देव भरोसा मित्र

फरीदाबाद । हरियाणा तालाब प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रभाकर कुमार वर्मा ने जिला के गांव हीरापुर में बने अमृत सरोवर का निरीक्षण कर कार्यो को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही सरोवर सेवा दिवस के उपलक्ष्य में तालाब पर सरोवर सेवा समूह और ग्रामीणों के साथ मिलकर साफ सफाई भी की। प्रभाकर कुमार वर्मा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजना के अंतर्गत प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को सभी सरोवर सेवा समूह अपने-अपने सरपंच की उपस्थिति में तालाबों पर सरोवर सेवा दिवस मनाया जाएगा। वहीं सभी सेवा समूहों ने प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रभाकर कुमार वर्मा के आग्रह पर सरोवर सेवा दिवस मनाने का वचन दिया था। बता दें कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सभी ने तालाबों के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए कार्य को ठीक से करने का निर्णय लिया। उसके बाद हरियाणा तालाब प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रभाकर कुमार वर्मा की अध्यक्षता में अलग- अलग गांव में बने सरोवर सेवा समूहों के साथ बैठक की गई। जहां उनको सरोवर सेवा समूह द्वारा तालाबों पर किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी और उनकी भूमिका बताई गई। साथ ही ग्रामीणों को तालाबों की साफ सफाई और रखरखाव के विषय में जागरूक किया गया। वहीं सेवा दिवस के अंतर्गत सरोवर सेवा समूह और ग्रामीणों के साथ मिलकर तालाब पर वृक्षारोपण भी किया गया। उन्होंने हरियाणा सरकार की तालाबों के रखरखाव की योजना के तहत तालाबों पर तय किए गए अलग-अलग प्रकार के राष्ट्रीय व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। बैठक में हरियाणा तालाब प्राधिकरण के अन्य अधिकारियों सहित सीएमजीजीए श्रुति शर्मा, पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता गजेन्द्र सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

268 अधिवक्ताओं ने कराई स्वास्थ्य जांच

सात्विक देव भरोसा मित्र

फरीदाबाद । स्वर्गीय श्रीमती सुनीता अरोड़ा चैरिटेबल ट्रस्ट एवं महिला एवं बाल विकास परिषद एवं जिला बार एसोसिएशन फरीदाबाद के तत्वाधान में संतोष हॉस्पिटल तथा चेतराम आई केयर सेंटर के द्वारा जिला बार रूम में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ अधिवक्ता जे पी अधाना पूर्व प्रधान, हरीश कुमार चेतल पूर्व प्रधान, ओ.पी. शर्मा पूर्व प्रधान व बार एसोसिएशन के प्रधान राजेश बैंसला ने किया। इस अवसर पर आए हुए अतिथियों का स्व. श्रीमती सुनीता अरोड़ा चैरिटेबल ट्रस्ट की चेयरपर्सन दीपांशी अरोड़ा, महिला एवं बाल विकास परिषद के चेयरमैन तरुण अरोड़ा एडवोकेट, हंसवाहिनी की चेयर पर्सन मंशा पासवान तथा लक्ष्मण दास अरोड़ा ने पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। शिविर में करीब 268 लोगों ने शिविर की जांच करवाई। शिविर में नेत्रए दंत चिकित्सा के साथ सामान्य रोग विशेषज्ञ व महिला रोग विशेषज्ञ मौजूद रहे। उपस्थित अधिवक्ताओं को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व प्रधान जेपी अधाना, हरीश कुमार चेतल व ओ पी शर्मा ने कहा कि बार रूम में इस तरह के शिविरों के आयोजनों से अधिवक्ताओं, अदालत परिसर में काम करने वाले कर्मियों को लाभ मिलता है, क्योंकि वह इतने व्यस्त है कि उन्हें अपने स्वास्थ्य के लिए अस्पताल जाने तक का समय नहीं मिलता है। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के प्रधान राजेश बैंसला ने कहा कि स्व. श्रीमती सुनीता अरोड़ा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा लगाए गए शिविरों में उन्होंने स्वयं तथा अपने साथियों के स्वास्थ्य की जांच करवाई है। ऐसे शिविर प्रत्येक माह लगने चाहिए। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के महासचिवए जे पी अधाना पूर्व प्रधान, हरीश कुमार चेतल, एडवोकेट राजेश मदान, संदीप मल्होत्रा एमडी संतोष हॉस्पिटल, बिजेंद्र चंदीला, राजू कुमार, आचार्य कृष्णा मिश्रा सहित कई व्यक्ति मौजूद थे।

श्री धार्मिक लीला कमेटी ने भूमि पूजन किया

सात्विक देव भरोसा मित्र

फरीदाबाद । श्री धार्मिक लीला कमेटी के निर्देशक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि कमेटी के सदस्यों ने भूमि पूजन किया है। इस भूमि पूजन में समाजसेवी वासुदेव अरोड़ा, राजू नागपाल उपस्थित थे। प्रधान तेजिन्द्र खरबंदा ने बताया कि पिछले कई वर्षों से लगातार हमारी रामलीला के भूमिपूजन के अवसर पर वासुदेव अरोड़ा, राजू नागपाल के द्वारा किया जाता रहा है। उपप्रधान सतीश नागपाल ने कहा कि सबसे पहले हम मंच बनाने की धरती का विधिवत तरीके से पूजन करते हैं उसके बाद भगवान श्रीराम व हनुमान के ध्वज को पूजन करके उसे मंच के ऊपर लगाते हैं ताकि हनुमान जी रामलीला के मंच की रक्षा करते रहें। इस मौके पर अनिल नागपाल, गुलशन नागपाल, कपिल कोचर, राजेश नागपाल, सौरभ, नरेश चावला, पंकज खरबंदा, परवीन बत्तरा, संदीप बत्तरा, करन भाटिया, करन गेरा, प्रिंस रहेजा, अशोक दीवान, संचित, हार्दिक, विदांश खरबंदा, रवि व नवीन बत्तरा उपस्थित थे।

भजन पर भाव विभोर हुए भक्त

नारनौल। श्रीराम हनुमान गुणगान प्रचार मंडल एवं श्रीराम मेहंदीपुर बालाजी सेवा संघ द्वारा मंगलवार रात श्याम कालोनी स्थित शांति निकेतन स्कूल में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान आचार्य क्रांति निर्मल ने की। सर्वप्रथम पंड़ित अनूप शर्मा ने यजमान रामनिवास सैनी को परिवार सहित पूजन करवा बाबा की ज्योति प्रज्जवलित करवाई। इसके बाद गायत्री मंत्र व रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया, जिसमें आचार्य क्रांति निर्मल, पंडित महेश शर्मा, विजय हल्दिया, दीपक शर्मा, दिनेश बारी, नेरश मित्तल तथा अमित संघी ने सुंदरकांड पाठ के दौहे चौपाइयों का अपने मधुर स्वर से गायन किया। जिसमें मास्टर सुनील ने अपने संगीत की धुन से चार चांद लगा दिए। पाठ समापन के बाद भजनों का दौर शुरू हुआ। जिसमें गायक परमानंद ने बाबा का दरबार सुहाना लगता है व महेश शर्मा ने तारा है सारा जमाना राम हमको भी तारों आदि भजन सुनाकर सभी को भाव-विभोर कर दिया। वहीं आचार्य क्रांति निर्मल ने धमाल सुनाकर सभी को झूमने पर विवश कर दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से रतनलाल सैनी, बलवंत सैनी, सुरेंद्र सैनी, चमनलाल, भूरू मिस्त्री, प्रभातीलाल, सुनील, सहदेव, अंशुल, मोनू, सुमित्रा, वीना देवी, सुनिता, केशर देवी, सोनम, ललित सैनी तथा विनोद राव आदि भक्तजन मौजूद थे।

मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ने किया प्रतियोगिता का आयोजन

बास्केटबॉल टूर्नामेंट में पानीपत और सोनीपत छाए

22 टीमों में करीब 2 सौ से ज्यादा खिलाड़ियों ने लिया टूर्नामेंट में भाग

सात्विक देव भरोसा मित्र

फरीदाबाद । मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज (एमआरआईआईआरएस) के खेल निदेशालय की ओर से पहले मानव रचना दिल्ली-एनसीआर ओपन बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2023 का आयोजन किया गया। परिसर स्थित बास्केटबॉल कोर्ट में सम्पन्न हुए इस दो दिवसीय टूर्नामेंट में महिला और पुरुष वर्गों के तहत कुल 22 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का उद्घाटन एमआरआईआईआरएस के कुलपति डा. संजय श्रीवास्तव और खेल निदेशक सरकार तलवार ने किया। इसके बाद टूर्नामेंट में दिल्ली, फरीदाबाद, नोएडा, गुरुग्राम, सोनीपत, पानीपत और रोहतक से आए खिलाडियों ने दमखम दिखाया। टूर्नामेंट में विभिन्न शहरों से 2 सौ से ज्यादा खिलाड़ी शामिल हुए। पहले दिन प्रतिभागी टीमों ने सेमी फाइनल में जगह बनाने के लिए कड़ी मशक्कत की। इसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले में विजेता ट्रॉफी पाने के लिए टीमें आमने-सामने उतरी। दूसरे दिन आयोजित हुए समापन समारोह में सभी विजेताओं और उपविजेताओं को नकद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट के प्रायोजकों के तौर पर रॉयल एनफील्ड, वेस्पायर एडटेक प्राइवेट लिमिटेड और बीएमडब्ल्यू बाइक ने सहयोग दिया। टूर्नामेंट में पुरुषों का पहला सेमीफाइनल मुकाबला पानीपत-11 और एमिटी नोएडा के बीच हुआ, जिसमें पानीपत-11 की टीम विजेता रही। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला केएमसी दिल्ली और गुडग़ांव क्लब के बीच हुआ, जिसमें केएमसी दिल्ली की टीम ने बाजी मारी। फाइनल मुकाबले में पानीपत-11 और केएमसी दिल्ली की टीमें आमने-सामने रहीं जिसमें पानीपत-11 की टीम ने विजेता का खिताब जीता। वहीं महिला वर्ग का पहला सेमीफाइनल मुकाबला एमआरआईआईआरएस और गीतांजलि अकादमी सोनीपत के बीच हुआए जिसमें गीतांजलि अकादमी सोनीपत की टीम जीती। दूसरा सेमीफाइनल स्टोबैरी क्लब फरीदाबाद और छोटूराम एकेडमी सोनीपत के बीच हुआ, जिसमें छोटूराम एकेडमी की टीम ने बाज़ी मारी। फाइनल मुकाबले में गीतांजलि अकादमी सोनीपत और छोटूराम अकादमी सोनीपत की टीमें मैदान में उतरीं जिसमेंए छोटूराम एकेडमी की टीम ने विजेता ट्रॉफी हासिल की।

हक के लिए वेतन नहीं मिलने पर बिजली कर्मचारी कार्यकारी अभियंता से मिले

आठ माह वेतन की बाट जोह रहे बिजलीकर्मी

सैलरी के ना मिलने से आक्रोश उत्पन्न हो रहा है। इसके लिये यूनियन आगामी समय मे एक बड़ा आन्दोलन करने को मजबूर होगी

सात्विक देव भरोसा मित्र

फरीदाबाद । दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की बल्लभगढ़ सेक्टर-6 स्थित बल्लभगढ़ डिवीजन पर यूनिट के प्रधान मदन गोपाल शर्मा एवं यूनिट के सचिव सुरेन्दर शर्मा की उपस्थिति में यूनियन का प्रतिनिधि मण्डल कर्मचारियों की समस्याओं को मुद्दे पर कार्यकारी अभियंता नीरज दलाल से हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन फरीदाबाद सर्कल के सचिव विनोद शर्मा की मौजूदगी में मिले। बिजली कर्मचारियों की समस्याओं पर प्रधान मदन गोपाल शर्मा ने बताया कि अभी कुछ एक अनुबंध पर लगे बिजली कर्मचारी हैं जो हरियाणा कौशल रोजगार निगम के पोर्टल पर पोर्टिंग के चलते रह गए हैं जिसमे मनोज कुमार सहायक लाइनमैन है जिसे अभी तक तकरीबन आठ महीने से तनख्वाह नही मिल रही है।

इसी अहम मुद्दे पर कर्मचारी नेताओं ने कार्यकारी अभियंता नीरज दलाल से मिलकर इस गम्भीर समस्या अधिकारियों से यह जानना चाहा कि आखिर ऐसी क्या समस्या पैदा हुई है जो अभी तक बिजली निगम फरीदाबाद सर्कल से लगभग मनोज कुमार सहायक लाइनमैन सहित अन्य जयराम कुमार, अशोक कुमार, सुनील कुमार, ज्ञान सिंह, सन्दीप कुमार, विनोद कुमार व हरीश कुमार सहित सात और निगम के बिजली कर्मचारी हैं जो एचकेआरएन पोर्टल पर पोर्टिंग से पोर्ट होने रहित हैं। जिनकी अभी तक सैलरी के ना मिलने से एचएसईबी वर्कर यूनियन फरीदाबाद सर्कल के सभी कर्मचारियों में आठ महीने से इन्हें सैलरी के ना मिलने से आक्रोश उत्पन्न हो रहा है। इसके लिये यूनियन आगामी समय मे एक बड़ा आन्दोलन करने को मजबूर होगी और आगामी सीजन त्यौहारी सीजन आने वाला है।

त्यौहारी सीजन में कोई अशांति फैलती है तो प्रशासन होगा जिम्मेवार

यदि बिजली कर्मचारियों के आन्दोलन करने से इस त्यौहारी सीजन में कोई अशांति फैलती है तो इसकी नैतिक जिम्मेदारी फरीदाबाद सर्कल के चारों कार्यकारी अभियंता सहित सर्कल के अधीक्षक अभियंता की स्वयम की होगी। कर्मचारियों के मुद्दे पर एक्सईएन बल्लभगढ़ से रवि दत्त शर्मा, धीर सिंह बुखारपुरिया, जगदीश चौधरी, राजबीर, मुकेश शर्मा, वेद प्रकाश, अशोक राठी, सियाराम आदि कर्मचारी नेताओं का शिष्ट मण्डल मिला।

गाड़ी के शीशे तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

इंद्रजीत, भरोसा मित्र

नारनौल। गाड़ी के शीशे तोडऩे और जान से मारने की धमकी देने के मामले में थाना शहर नारनौल की पुलिस टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान योगेश वासी गोद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से अवैध देसी कट्टा बरामद किया है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर शहर नारनौल क्षेत्र में अवैध हथियार सहित गाड़ी के शीशे तोड़े थे और शिकायतकर्ता के बेटे को जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी को आज न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता सुनीता देवी वासी मोहल्ला रामनगर कालोनी नारनौल ने थाना शहर नारनौल में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उसने बताया कि तीन लडक़े बाईक पर उनके घर आए, शिकायतकर्ता ने दरवाजा खोलकर पूछा कि किससे मिलना है, तो बोले अंकित से मिलना है और शिकायतकर्ता को धक्का मारकर दो लडको ने पिस्टल निकाल ली तथा गन्दी-गन्दी गालियां देने लगे और बोले कहां है तेरा लडक़ा अंकित, उसे आज जान से मारेंगे, इस पर शिकायतकर्ता ने शोर मचाया, तो आरोपियों ने बाहर खडी बुलेरो गाड़ी के सारे शीशे तोड दिए और जाते-जाते बोले की तेरे लडक़े को बता देना कि हमें हिम्मत और टाईगर भाई ने भेजा है, हम उसे जान से मार देंगे, हम सेका गांव से हैं। इसके बाद वो अपनी बाईक लेकर भाग। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे अवैध हथियार बरामद किया है।

खबर फटाफट

पानीपत में रितु गुलिया का भव्य स्वागत किया गया

पानीपतः भारतीय महिला कबड्डी टीम ने चीन में आयोजित एशियन गेम्स में चीन को हराकर भारत को गोल्ड मेडल दिलाया।इसकी कप्तान रितु गुलिया की थी। बता दें कि रितु पानीपत की बहु और हिमाचल प्रदेश की बेटी हैंद्ध इससे हरियाणा और हिमाचल में भी खुशी मनाई गई। क्योंकि रितु हिमाचल की बेटी हैं।रितु की शादी पानीपत के रहने वाले प्रो कबड्डी के खिलाड़ी रोहित गुलिया के संग हुई थी। बुधवार को पानीपत लौटने पर रितु का भव्य स्वागत किया गया। रितुके पिता भवान सिंह नेगी के अनुसार चीन ने फाइनल में भारत को कड़ी टक्कर दी।

हॉकी खिलाड़ी दीपिका के लौटने पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी

रोहतकः गांव भैंसरू खुर्द निवासी भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी दीपिका सहरावत के बुधवार को वापस घर लौटने पर गांव में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। बता दें कि टीम ने एशियन गेम्स में भारतीय महिला हॉकी टीम ने कांस्य पदक ब्रॉन्ज मेडल जीता। रोहद टोल पर पहुंचते ही दीपिका सहरावत का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। सुबह से ही लोग दीपिका सहरावत के वापस लौटने का इंतजार कर रहे थे। दीपिका का बड़ा भाई भी पहलवान रहा है। खिलाड़ी होने के नाते उसे सरकारी नौकरी दी गई। दीपिका हिसार में रहकर अभ्यास कर रही थी। ग्रामीणों ने कहा कि एशियन गेम्स में दीपिका ने अच्छा प्रदर्शन किया।उसने देश को पहले ही कई पदक दिलाए हैं।

पलवल की दो अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

पलवल : कृषि योग्य भूमि पर बिना अनुमति के 5 एकड़ में अवैध रूप से काटी जा रही दो कॉलोनियों पर जिला नगर योजनाकार विभाग ने पीला पंजा चलाया। बताया गया कि तोड़-फोड़ की कार्रवाई शहरी क्षेत्र अधिनियम 1975 के तहत की गई। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट जिला नगर योजना नरेंद्र नैन और बड़ी संख्या पुलिस बल तैनात रहा। नैन ने बताया कि विभाग द्वारा की जा रही तोड़-फोड़ में और सख्ती बरती जाएगी, ताकि अवैध कॉलोनी काटने व उसमें निर्माण करने वालों के मंसूबे पूरे न हों। सभी अवैध कॉलोनियों में जनसाधारण को जागरूक करने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाए जा चुके हैं।

नशे में धुत मामा ने चाकू से भांजे को मौत के घाट उतारा

झज्जरः यहां उखलचना (कोट) गांव में एक युवक को अपने मामा को शराब पीने के दौरान टोका तो वह नाराज हो गया। बुधवार अल सुबह चाकू मारकर अपने भांजे को घायल कर दिया। घायल युवक को परिजन रोहतक पीजीआई लेकर पहुंचे, जहां उसने दम तोड़ दिया।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने मृतक की मां की शिकायत पर हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवक का नाम विक्की बताया जाता है। उसकी मां कमला ने पुलिस को बताया कि वह अपने बेटे के साथ भाई अशोक उर्फ भैरु के साथ रहती है।गत 10 अक्टूबर को वह और उसका लड़का विक्की रात को खाना खाकर सो गए थे। उसका भाई अशोक शराब पी रहा था। इस पर विक्की के साथ उसकी कहासुनी हो गई। बाद में सो गए,लेकिन सुबह अशोक ने उसे चाकू घोंप दिया।

फायर ब्रिगेड ने चंडीगढ़ पीजीआई को भेजा नोटिस

चंडीगढ़:फायर विभाग ने यहां स्थित पीजीआई अस्पताल को नोटिस भेजा है। इसमें बताया गया है कि 15 मीटर या उससे ऊपर की इमारत के लिए एनओसी जरूरी होती है। अब चंडीगढ़ प्रशासन ऐसी सभी इमारतों का सर्वे कराएगा। इसके बाद जिन इमारत का फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट नहीं होगा, उनके खिलाफ नोटिस देकर कार्रवाई की जाएगी।पीजीआई प्रशासन नेहरू अस्पताल के ब्लॉक का इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट और इमारत के बुनियादी ढांचे के विशेषज्ञों को बुलाकर इसका ऑडिट कराएगा। बताया गया कि आग लगने के कारण छत के लेंटर का सरिया भी कमजोर हो चुका है। जब तक ऑडिट की विस्तृत रिपोर्ट नहीं आएगी इस इलाके को सील रखा जाएगा।

छिंदवाड़ा एक्सप्रेस रद्द होने से यात्रियों को होगी परेशानी

जींदः यहां से होकर गुजरने वाली छिंदवाड़ा एक्सप्रेस अगले दो सप्ताह तक रद्द रहने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। भोपाल-इटारसी सेक्शन में नॉन इंटरलॉकिंग काम होने से इस रद्द किया गया है। बता दें कि जींद से बड़ी संख्या में यात्री इसी ट्रेन से दिल्ली की तरफ जाते हैं। ट्रेन नंबर 14624, 14 से 27 अक्टूबर और ट्रेन नंबर 14623, 15 से 28 अक्टूबर तक रद्द रहेगी। अब 11 दिन बाद फिर से नॉन इंटरलॉकिंग के चलते इस ट्रेन को रद्द किया जा रहा है। जबकि, त्योहारी सीजन में काफी लोग अपने घर जाने के लिए इस ट्रेन का सहारा लेते हैं। जींद जंक्शन के स्टेशन अधीक्षक जय प्रकाश ने बताया कि दोबारा से जैसे ही ट्रेन को बहाल करने का नोटिफिकेशन रेलवे की तरफ से आएगा, अवगत करवा दिया जाएगा।

बदमाशों ने खंडित की भगवान हनुमान की मूर्ति

सोनीपतः गांव करनपुर जट्ट में खेतों के बीच निर्मित पुराने मंदिर में बदमाशों द्वारा स्थापित मूर्ति खंडित होने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तुरंत ही वहां नई प्रतिमा स्थापित करवाई।बुधवार की सुबह सूचना मिली कि करणपुर जट्ट गांव के बगल में स्थित नटो की मड़ैया के पास एक प्राचीन मंदिर स्थित है।

फतेहाबाद में एक बार फिर दिखी कांग्रेस की गुटबाजी

शैलजा गुट ने ऑब्जर्वर के सामने की नारेबाजी

कहा गया कि प्रदेश के मुख्य नेता बैठकर फैसला कर लें, किसी भी जिले में आब्जर्वर्स को भेजना ही नहीं चाहिए

भरोसा मित्र

फतेहाबाद। कांग्रेस चाहे जितने भी दावे कर ले बुधवार को यहां उसकी गुटबाजी की फिर सबके सामने आ गई। बता दें कि कांग्रेस संगठन को लेकर चर्चा करने आए ऑब्जर्वर कुलदीप बछल आए थे। पार्टी की पूर्व अध्यक्ष कुमारी शैलजा के गुट ने उनके सामने ही नारेबाजी शुरू कर दी। इस बड़ा विवाद तो नहीं हुआ, लेकिन बाद में नेता एक दूसरे को कोसते रहे।ऑब्जर्वर को बार-बार यहां भेजना ही नहीं चाहिए, यह भी एक नेता ने कहने में बिल्कुल हिचकिचाहट नहीं दिखाई।उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्य नेता खुद संगठन का फैसला करें।

गौरतलब है कि इससे पहले सितंबर में भी ऑब्जर्वर्स के सामने कुछ जिलों में इसी तरह अलग-अलग गुट के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की थी।

बता दें कि बुधवार को कांग्रेस द्वारा भेजे गए ऑब्जर्वर कुलदीप बछल जिला व ब्लॉक स्तर के संगठन के चुनाव को लेकर कांग्रेस नेताओं से राय शुमारी करने के लिए आए थे। यहां पर हुड्डा गुट से पूर्व मंत्री परमवीर सिंह, पूर्व विधायक प्रहलाद सिंह गिल्लांखेड़ा, डॉ. विरेंद्र सिवाच व सैलजा गुट की तरफ से पूर्व विधायक बलवान दौलतपुरिया, अरविंद शर्मा, मंगतराम लालवास, सतबीर भूथन सहित अनेक नेता पहुंचे।

सैलजा गुट के कार्यकर्ताओं ने ऑब्जर्वर

के सामने नारेबाजी शुरू कर दी। नारेबाजी को लेकर दोनों गुटों के नेताओं ने कोसा तो वहां बहसबाजी शुरू हो गई। इसी दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरविंद शर्मा ने कहा कि आलाकमान को चाहिए कि वह भले ही एक लाइन का प्रस्ताव भेज दे, लेकिन जिसे भी अध्यक्ष बनाएंगे, वह मंजूर होगा।

इस मौके पर साफ कहा गया कि प्रदेश के मुख्य नेता बैठकर फैसला कर लें, इस तरह के ड्रामे की जरूरत नहीं है, यह नौ साल से हो रहा है। किसी भी जिले में आब्जर्वर्स को भेजना ही नहीं चाहिए।

बैठक के बाद खत्म होने के बाद पूर्व विधायक बलवान दौलतपुरिया ने कहा कि ऑब्जर्वर के सामने कुमारी सैलजा को यहां संगठन चुनने की पावर देने की प्रस्ताव रखा। उनका कहना था कि सैलजा और उनके पिता की यह लोकसभा क्षेत्र कर्मभूमि रही है।

दौलतपुरिया ने कहा किसैलजा के अंबाला जाने के बाद से यहां कांग्रेस कमजोर हुई है, यदि उनके नेतृत्व में यहां संगठन बनता है तो पार्टी मजबूत होगी।

एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने लगाया जनता दरबार

फतेहाबादः एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने आज रतिया में जन समस्याएं सुनीं। इस दौरान उनके साथ एसपी आस्था मोदी सहित तमाम पुलिस जिला अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में 37 फरियादियों ने कई तरह की शिकायतें रखीं। मौके पर हल होने लायक शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेने के आदेश एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने दिए।उन्होंने बाकी शिकायतों पर कार्रवाई के लिए कहा गया। इस दौरान फतेहाबाद की एक बुजुर्ग महिला अपनी बेटी के साथ प्रस्तुत हुई।

इस जनता दरबार में महिला की बेटी ने बताया कि उसका भाई व भाभी विदेश रहते हैं। उसकी मां को भी वे साथ ले गए, लेकिन तीन चार साल पहले उसके खाते से लाखों रुपए निकालकर उसे उसके पास छोड़कर चले गए, अब उसकी मां बेसहारा है। जिस पर एडीजीपी जाधव ने फतेहाबाद शहर थाना पुलिस को तुरंत मामले में संज्ञान लेने को कहा।

पराली जलाने वालों पर लगाया 1.20 लाख जुर्माना

भरोसा मित्र

कैथल। जिला प्रशासन ने फसल अवशेष जलाने के मामले में सख्ती बरतते हुए पराली में आग लगाने पर अंकुश लगाया हुआ है। इसके तहत कृषि विभाग पराली को आग लगाने वाले किसानों पर जुर्माना लगा रहा है। उसका कहना कि वे पराली का प्रबंधन करें, न कि उसमें आग लगाएं। बता दें कि अब तक जिले के किसानों पर 1.20 लाख रुपए से अधिक जुर्माना लगाया जा चुका है।

जानकारी के अनुसार बुधवार को छह गांवों के 11 किसानों पर फसल अवशेष जलाने के मामले में जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही संबंधित सरपंचों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। इससे पहले 10 किसानों पर जुर्माना लगाया जा चुका है। वहीं, बीते वर्ष 15 अक्टूबर तक लगभग 300 मामले पराली जलाने के सामने आए थे। इस बार केवल 21 मामले सामने आए हैं, जो कैथल के लिए अच्छा संकेत है। जिले के 10 गांव इस बार रेड से ग्रीन जोन में शामिल हो गए हैं। अब इन 10 पंचायतों को सरकार की ओर से एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। बुधवार को दो एकड़ से अधिक धान की फसल अवशेष जलाने की घटनाओं में गांव पबनावा के किसान संजय, सतबीर सिंह तथा सूबे सिंह, गांव सिरसल के किसान काला राम, जसपाल तथा महेंद्र, बाकल के किसान निशबर, सांच गांव के किसान कुलदीप तथा राजेंद्र, गांव फिरोजपुर के किसान उदय तथा लदाना चक्कू के किसान गुरबाज सिंह शामिल पाए गए। इन सभी किसानों को जुर्माना लगाया है। सभी संबंधित गांव के सरपंचों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अब तक 40 किसानों पर एक लाख 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

प्रधान व अन्य आशा वर्करों को हिरासत में लिया

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को ज्ञापन देना चाहती थी, लेकिन पुलिस ने बीच में उन्हें रोक लिया

भरोसा मित्र

रोहतक। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को ज्ञापन देने जा रही आशा वर्करों की पुलिस के साथ झड़प में राज्य प्रधान सुरेखा और सीटू के जिला सचिव विनोद समेत कई आशा वर्करों को हिरासत में लिया गया। वहां से पुलिस उन्हें बसों में भरकर ले गई गई।

अमित शाह बुधवार को सप्तम महंत पीर चांदनाथ योगी के आठमान भंडारे में पहुंचे थे।

सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल कार्यक्रम स्थल पर तैनात किया गया। बाबा मस्तनाथ मठ में भंडारे का भी

आयोजन किया गया।

रोहतक पुलिस ने दिल्ली जाने वाले वाहनों के लिए रुट डायवर्ट कर दिया था। दिल्ली जाने वाले वाहन दिल्ली बाइपास होते हुए टी-पॉइंट होटल मैनेजमैंट के पास बाई और टर्न लेकर नांदल भवन चौक की तरफ जाने की व्यवस्था की गई थी।

पुलिस ने रोष जता रही आशा वर्करों को बीच में ही रोक लिया और उन्हें बसों में बिठाकर कार्यक्रम स्थल से उन्हें दूर ले गई।

पुलिस के साथ हुई धक्का-मुक्की

यमुननगर। जिला लघु सचिवालय में एंट्री को लेकर पुलिस और आशा वर्कर्स के बीच धक्का-मुक्की हो गई। हालांकि आशा वर्कर्स बैरिकेड्स हटाकर लघु सचिवालय के अंदर पहुंच गई और डीडीपीओ को अपना मांग-पत्र सौंपा। इससे पहले आशा वर्कर्स ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का पुतला फूंककर नारेबाजी की। आशा वर्कर्स 65 दिनों से लघु सचिवालय के बाहर मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रही हैं। वे आशा वर्कर आज अपनी मांगों को लेकर यमुनानगर के कन्हैया साहब चौक से हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की शव यात्रा निकालते हुए सचिवालय के बाहर पहुंची।

ट्रैप लगाकर पकड़े गए लिंग जांच करने वाले भाई-बहन

भरोसा मित्र

पानीपत। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर में भ्रूण लिंग जांच करने वाले भाई-बहन को रंगेहाथ पकड़ लिया है। जानकारी मिली थी कि दोनों लंबे समय से इस अवैध धंधे में संलिप्त थे।

पुलिस ने दोनों के पास से कैश और काफी औजार बरामद किए हैं। दोनों के खिलाफ संबंधित थाना में केस दर्ज किया गया है।

पुलिस को दी शिकायत में पीएनडीटी के प्रभारी डॉ. पवन कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को शिकायत मिली कि शहर में एक महिला और युवक भ्रूण लिंग जांच का अवैध काम करते हैं। इस शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। शिकायत में बताया गया था एक सन्नी निवासी जिला बागपत, उत्तर प्रदेश, पैसे लेकर जांच करवाता है।

टीम ने डिकॉय ऑपरेशन किया। इसके बाद सूचना देने वाली गर्भवती महिला के साथ सन्नी तक पहुंचे। सन्नी को 24 हजार रुपए दिए और वह महिला को देसराज कॉलोनी से लेकर गाड़ी में बैठाकर सनौली रोड स्थित गर्ग डायग्नोस्टिक सेंटर ले गया। जहां सन्नी ने अल्ट्रासाउंड होने के बाद महिला को गर्भ में पल रहे बच्चे का लिंग लड़का बताया। टीम ने दोनों को मौके पर पकड़ कर सेंटर पर पूछताछ की।

किसानों ने जाम किया दिल्ली-पटियाला हाईवे

मंडी के सामने पीआर धान से भरी अपनी-अपनी ट्रैक्टर-ट्राली को खड़ा कर दिया,वे पीआर धान की खरीद पुनः शुरू करने की मांग कर रहे थे

भरोसा मित्र

जींद। पीआर धान की खरीद नहीं होने से नाराज किसानों ने बुधवार को जाम लगा दिया। उनका कहना था कि कई-कई दिनों से मंडी में अपनी फसल बेचने का इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने दिल्ली-पटियाला मार्ग को सवा घंटे तक जाम रखा। इससे वाहनों की आवाजाही में परेशानी हुई। लेकिन किसान अपने स्थान पर जमे रहे।

हाईवे स्थित मंडी के सामने पीआर धान से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को खड़ा करके किसानों ने दोपहर में जाम लगा

दिया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

किसानों की खरीद शुरू किए जाने की मांग को लेकर मार्केट कमेटी सचिव नरेंद्र कुंडू पहुंचे। उन्होंने पीआर धान की खरीद शुरू करवाने का आश्वासन देने के बाद जाम किसानों द्वारा खोला गया। बता दें कि मंगलवार को भी पीआर धान की खरीद को लेकर जाम किसानों ने लगाया था।

क्यों नाराज हैं किसान

मौके पर किसान अमित, अनिल, साधु, ओमप्रकाश, रमेश ने कहा कि नमी के नाम पर किसानों को परेशान किया जा रहा है। सभी ढेरियों पर जो मिलर हैं, उनके मीटरों की बजाय मार्केट कमेटी के नमी जांच मीटर से जांच की जाए। यहां पर दो ही मिल पीआर धान की खरीद के लिए अलॉट किए गए है। बीते सीजन में इनकी संख्या ज्यादा थी। खरीद के लिए दूसरे मिल भी अलॉट किए जाए। नमी के नाम पर किसानों को तंग किया जा रहा है। मजबूरी में किसानों को रोड जाम करना पड़ा।

सचिव ने कहा

इस बारे में मार्केट कमेटी सचिव नरेंद्र कुंडू ने कहा कि साफ, सूखी पीआर धान लेकर किसान लेकर आए ताकि उनकी आते ही पीआर बिक सके। मार्केट कमेटी का नमी जांच मीटर भी साथ में मार्केट कमेटी कर्मचारी के पास होता है। मिलर अलॉट सरकार द्वारा किए जाते है। जिस पीआर में नमी अधिक है, वह ही नहीं बिक रही है।

थार ने 4 लोगों को कुचला, एक की मौत, तीन घायल

हिसारः शहर के मटका चौके के पास टैक्सी स्टैंड पर एक थार गाड़ी ने 4 लोगों को कुचल दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। लोगों ने तुरंत थार चालक को भागने का मौका नहीं दिया और उसके समेत 2 लोगों को मौके पर ही पकड़ लिया। सूचना पाकर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गई। लोगों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। घायलों में टैक्सी चालक प्रदीप, जोगिंद्र और एक बुजुर्ग महिला शामिल है। वह गंगवा गांव में किराए के मकान में रहती है। मृतक की पहचान कुंज लाल गार्डन निवासी बिल्लू के रूप में हुई है। वह भी टैक्सी ड्राइवर था।लोगों कहा कि युवकों ने बाहर निकलकने के बाद टैक्सी ड्राइवरों को कहा कि वह नुकसान की भरपाई कर देंगे, लेकिन टैक्सी ड्राइवरों ने उन्हें थप्पड़ जड़ दिए।

इनसो छात्र संघ चुनाव बहाली के लिए राज्यपाल को भेजेगी पोस्टकार्ड

दिग्विजय चौटाला ने छात्र संघ चुनाव के लिए यूनिवर्सिटी और कॉलेजों के दौरे किए शुरू इस बारे में छात्रो की राय जानी

भरोसा मित्र

रोहतक/चंडीगढ़। प्रदेश में प्रत्यक्ष रूप से छात्र संघ चुनाव बहाली के लिए इनसो सभी उच्च शिक्षण संस्थानों से हरियाणा के महामहिम राज्यपाल को पोस्टकार्ड भेजेगी। इनसो पोस्टकार्ड के जरिए राजपाल को विद्यार्थियों की चुनाव बहाली की मांग से अवगत करवाएगी और छात्र हित में जल्द चुनाव करवाने की मांग करेगी।

यह बात जेजेपी के प्रधान महासचिव एवं इनसो के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने कही। वे बुधवार को एमडीयू रोहतक में इनसो द्वारा आयोजित छात्र संवाद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आगाज में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। दिग्विजय चौटाला ने छात्र संघ चुनाव की मांग को जोर शोर से उठाने के लिए यूनिवर्सिटी और कॉलेजों के दौरे शुरू कर दिए है।

एमडीयू रोहतक से इन कार्यक्रमों की शुरुआत करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान कुलविंदर बिल्ला, गगन कोकरी, अल्फाज, मिलिंद गाबा, एमडी जैसे कई मशहूर कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में भारी संख्या में पहुंचे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए दिग्विजय सिंह चौटाला ने प्रदेश में छात्र संघ चुनाव करवाने के विषय पर विद्यार्थियों की राय जानी, जिस पर सभी विद्यार्थियों ने इनसो की इस मांग का खुलकर समर्थन किया। दिग्विजय ने कहा

कि इनसो निरंतर सरकार से छात्र हित में प्रत्यक्ष रूप से छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग कर रही है। छात्रों को अपने चुने हुए प्रतिनिधियों के सामने समस्याएं रखने का मौका मिलेगा और उनका समाधान समय पर करवाया जाएगा। यदि अन्य राज्यों में छात्र संघ के चुनाव की व्यवस्था है तो हरियाणा में क्यों नहीं है।

उन्होंने कहा कि छात्र संघ चुनाव होने से आम घरों के बच्चों को राजनीति में आने का अवसर मिलेगा और इससे देश-प्रदेश के विकास में युवाओं का योगदान बढ़ेगा।

इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देशवाल ने कहा कि छात्र हित में कार्य करने के लिए इनसो सबसे अग्रणी संगठन है। उन्होंने कहा कि इनसो की छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग बहुत पुरानी है।

देशवाल ने कहा कि हमारे संगठन की ओर से शुरू की गई की भूख हड़ताल के बाद ही प्रदेश में 21 साल बाद छात्र संघ चुनाव बहाल हुए थे, लेकिन अभी आधी जीत हुई है। जब तक चुनाव नहीं करवाए जाते हमें इस आधी जीत को मुकाम तक लेकर जाना है।

उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी छात्रों का सहयोग जरूरी है।

हिंदू संगठनों ने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया, नारेबाजी की

भरोसा मित्र

यमुनानगर। जिला लघु सचिवालय के बाहर हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं ने करनाल सिटी एसएचओ ललित के खिलाफ प्रदर्शन किया। एसएचओ द्वारा हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने से उन्होंने अपना रोष व्यक्त किया।

इस दौरान हिंदू संगठन नेता उदयवीर शास्त्री ने कहा कि करनाल सिटी थाना एसएचओ ने हिंदुओं के तीनों आराध्य देवों के बारे में गलत टिप्पणी की है। उसने अपने अधीनस्थ कर्मचारी को लेकर हिंदू देवी-देवताओं के भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश को गाली-गलौज की है, उन पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। उन्हें गालियां दी हैं, जिससे हिंदू धर्म के लोगों को गहरी क्षति पहुंची है। ऐसे भगवान की निंदा करने वाले और भगवान को भला बुरा कहने वाले पुलिस अधिकारी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए यमुनानगर के हिंदू संगठनों ने जमकर आलोचना की है। उन्होंने ऐसे पुलिस अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस अधीक्षक यमुनानगर को गृहमंत्री के नाम शिकायत भी सौंपी है। जिसमें हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि ऐसे पुलिस कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।जो कि हिंदू देवी-देवताओं के बारे में गलत भाषा और अभद्र टिप्पणी का प्रयोग कर रहा है।

कार्यवाई एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर दर्ज किया गया था रेप का केस

सिविल जज ने महिला को पुनः नोटिस जारी किया

वीरेश शांडिल्य ने इसे फर्जी केस बताते हुए अदालत की शरण ली थी,जिस पर महिला व हरियाणा सरकार को 11 अक्तूबर के लिए नोटिस जारी किया था

भरोसा मित्र

अंबाला। एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने बताया कि रेप की शिकायत देने वाली आरोपी महिला कोर्ट में पेश नहीं हुई न ही आरोपी महिला की तरफ से उसका कोई वकील पेश हुआ। सिविल जज सीनियर डिवीजन की कोर्ट ने पुनः आरोपी महिला को नोटिस जारी किया

व अब अगली सुनवाई 22 नवंबर 2023 में होगी।

उन्होंने जो अगस्त 2023 में पुलिस इंस्पेक्टर सीआईडी आरोपी रजनीश यादव व एसआई आरोपी गुरदर्शन सिंह पर फर्जी रेप का केस दर्ज करने व जांच करने पर सिविल जज सीनियर डिवीजन वंदना की कोर्ट में 2 करोड़ के मुआवजे का केस 4 लाख 37 हजार की कोर्ट फीस जमा करवा कर अपने वकील मोहित सहगल व एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य के माध्यम से दायर किया था। इस पर वकीलों की कानूनी दलीलों के बाद कोर्ट ने चारों आरोपियों इंस्पेक्टर रजनीश यादव, एसआई गुरदर्शन सिंह सहित फर्जी शिकायत देकर रेप का केस दर्ज करने वाली महिला व हरियाणा सरकार को 11 अक्तूबर के लिए नोटिस जारी किया था।

बता दें कि इसमें आरोपी रजनीश यादव की तरफ से उसके वकील अनिल सहोत्रा, व गुरदर्शन सिंह की तरफ से उसका वकील पवन गोयल सिविल जज वंदना की कोर्ट में पेश हुए और हरियाणा सरकार की तरफ से सरकारी वकील पेश हुआ।

शांडिल्य ने पत्रकारों को बताया कि 2011 में साजिश के तहत फर्जी नाम व पता देकर फर्जी रेप का केस महिला ने शिकायत दी थी और पूर्व एएसपी देवेंद्र यादव ने रजनीश यादव पूर्व प्रभारी थाना बलदेव नगर को आदेश दिया था कि महिला की शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने से पूर्व आरोपों की जांच की जाए। उन्होंने बताया कि महिला ने जुलाई 2011 में पुलिस को दी शिकायत में कहा था कि आज से एक साल पहले 2010 में उसके साथ रेप हुआ। इसी कारण पूर्व एडीशनल एसपी देवेंद्र यादव ने पूर्व थाना प्रभारी बलदेव नगर को पहले शिकायत के तथ्यों की जांच के आदेश दिए थे। शांडिल्य ने आरोप लगाया कि बलदेव नगर के पूर्व थाना प्रभारी रजनीश यादव ने उच्च अधिकारियों के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए महिला के साथ मिल मोटी रकम लेकर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की। शांडिल्य के अनुसार उन्हें गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया और तीन साल ट्रायल चला और 2015 में अम्बाला के अतिरिक्त सेशन जज ने बाई इज्जत बरी किया था। बरी होने के बाद उन्होंने आरोपी महिला सहित इंस्पेक्टर रजनीश यादव व आरोपी सब इंस्पेक्टर के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 340 के तहत मुकदमा दायर किया।

कोर्ट ने इनके खिलाफ सख्त टिप्पणी करते हुए पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों को कार्यवाही के आदेश दिए थे।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।